30- APR- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 5/1/2025 12:10 AM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025


# बर्खास्त बीएड शिक्षक बनेंगे प्रयोगशाला सहायक, गांव-गांव में चलेगी बस, किराए में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में चार महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। महत्वपूर्ण फैसला बीएडधारी बर्खास्त शिक्षकों के संदर्भ में है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बर्खास्त हुए 2621 बीएएड शिक्षकों को अब सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला बनाया जाएगा। सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना शुरू करने का फैसला भी किया है। इस योजना के माध्यम से राज्य के आदिवासी इलाकों में बसों का संचालन किया जाएगा। मंत्रिपरिषद ने रेगहा, बटाई, लीज और डुबान क्षेत्र पर खेती करने वाले किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है, इसके साथ ही राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान को 10.023 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।



मंत्रिपरिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किये गये 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए उनको अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार ▶▶| शेष पेज 8 पर

## 18 से 42 सीटर बसों के परमिट जारी होंगे

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर अनुसूचित एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां यात्री परिवहन की सुविधा कम है, वहां आम जनता को सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए "मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना" शुरू करने का अहम निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत हल्के या मध्यम परिवहन मोटरयान 18 से 42 बैठक क्षमता (चालक को छोड़कर) के वाहन को अनुज्ञा पत्र और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। ▶▶| शेष पेज 8 पर

## साय मंत्रिमंडल की बैठक में चार बड़े फैसले



फैसले के बाद बर्खास्त शिक्षकों ने मनाया जश्न।

### बस संचालन के लिए वित्तीय सहायता देगी सरकार

इस योजना के तहत संबंधित वाहन स्वामी को ग्रामीण मार्गों पर वाहनों के संचालन के लिए प्रथम परमिट निर्गमन की तिथि से तीन साल अधिकतम अवधि के लिए मासिक कर में पूर्णतः छूट दी जाएगी। इस योजना के तहत संचालित विभिन्न श्रेणी के वाहनों को राज्य शासन द्वारा प्रथम वर्ष 26 रुपए प्रति किलोमीटर, द्वितीय वर्ष 24 रुपए प्रति किलोमीटर तथा तृतीय ▶▶| शेष पेज 8 पर

फैक्ट फाइल

### स्टेट ऑफ आर्ट निलेट की स्थापना के लिए जमीन

*मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश की तकनीकी शिक्षा को सशक्त बनाने और डिजिटल कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत नवा रायपुर अटल नगर में स्टेट ऑफ आर्ट निलेट की स्थापना के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान निलेट को 10.023 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। राज्य में निलेट केन्द्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा, डिजिटल कौशल विकास और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा।*

### छोटे किसानों को आदान सहायता

*मंत्रिपरिषद ने रेगहा, बटाई, लीज और डुबान क्षेत्र पर खेती करने वाले किसानों को कृषक उन्नति योजना का लाभ देने का फैसला किया है। मंत्रिपरिषद ने कृषक उन्नति योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए इसका लाभ ऐसे समस्त कृषक जिनसे खरीफ मौसम में सहकारी समिति एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषक विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से धान, धान बीज का उपार्जन किया गया हो, उन्हें आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया है।*

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ आईपीएस देवेन मुंबई पुलिस आयुक्त



**मुंबई।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी देवेन भारती को मुंबई पुलिस का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है। भारती शाम को विवेक फणसालकर से मुंबई के शीर्ष पुलिस आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालेंगे। फणसालकर 35 साल तक पुलिस बल की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### ट्रैक्टर से टकराई कार परिवार के तीन की मौत




**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में कार सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। कार में सवार एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी और तीन अन्य लोग जख्मी हो गए। इस घटना में कविराज (36), उसकी पत्नी मंजू (34) और बेटी आराध्या (11) की मौत हो गई। कुछ लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे।

### प्रेम प्रसंग, युवक की पीट-पीटकर हत्या



**बागपत।** उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के मुकीमपुरा गांव में प्रेम प्रसंग के एक मामले को लेकर हुए विवाद में 25 वर्षीय युवक की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुमृतक की पहचान मुजफ्फरनगर के अनिल (25) के रूप में हुई है। वह अपने भाई के ससुराल मुकीमपुरा गांव आया हुआ था। रात में किसी विवाद के दौरान उस पर लकड़ी के डंडे से हमला किया गया।

### खाई में गिरी बाइक दो युवकों की मौत



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल खाई गिर गई। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। बेलवा सुल्तानजोत निवासी संजय यादव (24) और महेश (25) ललिया क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने गए थे। देर रात लौटते समय कोडरी घाट पुल के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

### सीआईएससीई बोर्ड में लड़कियों ने मारी बाजी



**नई दिल्ली।** 'इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन' (सीआईएससीई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के नतीजे बुधवार को घोषित किए गए जिसमें लड़किया लड़कों से फिर आगे रहीं। कक्षा 10वीं की परीक्षा में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला, एक दांव में राहुल-तेजस्वी, अखिलेश सन्न

# बिहार चुनाव से पहले पीएम मोदी ने फेंका 'ट्रंप कार्ड', जाति जनगणना कराएगी सरकार

*बिहार विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने जाति आधारित जनगणना को मंजूरी देकर बड़ा ट्रंप कार्ड खेला है। कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार जातीय जनगणना की मांग कर रहे थे। बिहार की सियासत में कांग्रेस की सहयोगी पार्टी आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव भी जातीय जनगणना कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का ऐलान कर कांग्रेस और आरजेडी से उनका मुद्दा छीन लिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना को 'पारदर्शी' तरीके से शामिल किया जाएगा। केंद्र सरकार ने, साथ ही जाति आधारित सर्वेक्षण को 'राजनीतिक हथियार' के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस सहित विपक्षी दल देशव्यापी जातिगत गणना कराने की मांग कर रहे हैं और इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना रहे हैं। तत्कालीन महागठबंधन सरकार के दौरान बिहार में तथा तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ गैर-भाजपाई राज्यों में जाति आधारित सर्वेक्षण भी कराए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिये गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना केंद्र के अधिकारक्षेत्र में आती है, लेकिन कुछ राज्यों ने सर्वेक्षण के नाम पर जातिगत गणना 'गैर-पारदर्शी' तरीके से की है, जिससे समाज में संदेह पैदा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने रेखांकित ▶▶| शेष पेज 8 पर

## कई दलों ने किया स्वागत, विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरा

### क्या है जाति जनगणना?

जातिगत जनगणना में देश के नागरिकों की जाति के आधार पर आंकड़े इकट्ठा किए जाएंगे. इससे यह पता चलेगा कि किस जाति की जनसंख्या कितनी है और किन वर्गों को अब तक सामाजिक लाभ नहीं मिल पाया है। यह जनगणना पहली बार औपचारिक रूप से केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी, जबकि अब तक केवल सामाजिक-आर्थिक जनगणना ही होती रही है।



### तेजस्वी बोले- ये हमारी जीत

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, यह हमारी 30 साल पुरानी मांग थी. यह हमारी, समाजवादियों और लालू यादव की जीत है। इससे पहले बिहार के सभी दलों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी, लेकिन ▶▶| शेष पेज 8 पर

### राहुल बोले- यह पहला कदम, अब तारीख बताएं

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि संसद में हमने कहा था कि जाति जनगणना करवा कर रहेंगे। साथ ही 50 फीसदी का आरक्षण की सीमा भी हटाएंगे। हम इस फैसले का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहला कदम है, अब इससे आगे जाना है। सरकार तारीख बताए कि इसे कब तक करवाया जाएगा।*

### लालू ने कहा- अभी बहुत कुछ बाकी है

*राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव का कहना है, हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले सोचते हैं, उसे दूसरे लोग दशकों बाद फॉलो करते हैं। जातिगत जनगणना की मांग करने पर हमें जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला है।*

### कांग्रेस पर सियासी स्ट्राइक

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर विचार किया जाएगा। इसके लिए मंत्रियों के एक समूह का भी गठन किया गया था लेकिन जाति गणना नहीं कराई गई। 2011 की जनगणना में सिर्फ सामाजिक-आर्थिक ▶▶| शेष पेज 8 पर

### निर्णायक साबित होगा फैसला

जातीय राजनीति के गढ़ बिहार में यह फैसला निर्णायक साबित हो सकता है। एनडीए को पिछड़े वर्गों में बढ़त मिलने की संभावना है। वहीं केंद्र सरकार के इस फैसले से विपक्ष को अपनी रणनीति बदलनी होगी कांग्रेस और आरजेडी जैसी पार्टियों को अब अपने अभियान और नैरेटिव पर पुनर्विचार करना होगा।

## बड़ बाजार में भीषण हादसा

# होटल में आग, जान बचाने बिल्डिंग से कूदे, 14 की मौत



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

मध्य कोलकाता स्थित बड़ बाजार के मछुआपट्टी इलाके में एक होटल में भीषण आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं, पुरूष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है। बताया जा रहा है कि होटल में आग लगने के बाद लोग जान बचाने बिल्डिंग से कूदने लगे।अधिकारियों ने बताया कि घटना में मारे गए अधिकतर लोगों की जान दम घुटने के कारण गई और आग लगने की घटना में 13 अन्य घायल हो गए।

घटना को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया और ▶▶| शेष पेज 8 पर

### 10 घंटे की मशक्कत के बाद बुझी आग

अधिकारियों ने बताया कि दमकल की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया।

### शॉर्ट सर्किट बनी हादसे की वजह

शुरुआती जांच में पता चला है कि बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। जान बचाने के लिए कई लोग होटल की छत और खिड़कियों से कूदते नजर आए।

### मदद के लिए चिल्ला रहे थे मेहमान

आग लगने की घटना के समय होटल में 42 कमरों में 88 मेहमान ठहरे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने भयावह दृश्य बयां करते हुए कहा कि खिड़कियों से आग की लपटें बाहर निकल रही थीं, मेहमान मदद के लिए चिल्ला रहे थे। कुछ लोग आग से बचने के लिए खिड़कियों से कूद रहे थे। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और नयी जानकारी से पता चलता है कि होटल में घोर लापरवाही बरती गई तथा अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन किया गया।

## पहली बोर्ड परीक्षा में ऐसा हुआ

# पांचवी-आठवीं रिजल्ट... अंग्रेजी में पढ़ाई और परीक्षा और हिंदी में मिली अंकसूची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

अलग खबर

राज्य सरकार के शिक्षा महकमे ने हिंदी - इंग्लिश का काकटेल बनाते हुए बुधवार को कक्षा आठवीं और पाँचवी के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। विभाग ने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करने और परीक्षा देने वाले बच्चों को ऐसी अंक सूची थमा दी, जिसे वह स्वयं नहीं पढ़ पा रहे थे। अंग्रेजी माध्यम के बच्चों को हिन्दी की अंक सूची देने के अदूरदर्शी निर्णय को लेकर पालकों में काफ़ी तीखी प्रतिक्रिया देखने मिली।

गौरतलब है, लंबे समय बाद कक्षा पाँचवी और आठवीं की बोर्ड के पैटर्न पर परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा मे हिंदी माध्यम स्कूलों के अलावा पीएम श्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम और सरकारी सीबीएसई स्कूलों ▶▶| शेष पेज 8 पर

### हिंदी में अंक सूची

जानकारी के अनुसार पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सहित सरकारी सीबीएसई स्कूलों में साल भर अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को हिंदी में प्रिंट अंकसूची थमा दी गई। अंकसूची में अंग्रेजी माध्यम स्कूल का उल्लेख जरूर है किन्तु अन्य सभी जानकारी हिन्दी में है। अंकसूची लेने के बाद बच्चे उल्लेखित जानकारी को ठीक से पढ़ नहीं पा रहे थे। शिक्षकों ने बताया कि उन्होंने सभी जानकारी अंग्रेजी में मुहैया कराई थी, किन्तु हिन्दी में अंकसूची बनाई गई। अंकसूची में नाम, जन्मतिथि सहित प्राप्तांक आदि की खामियां देखने मिल रही हैं।

### कई जिलों में वितरण नहीं

करीब 14 साल बाद हुई पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं की अंकसूची का वितरण राज्य के कई आत्मानंद स्कूलों में नहीं किया गया। बताया जाता है कि कुछ जिलों में शिक्षा अधिकारियों ने हिन्दी माध्यम की स्कूलों के लिए तैयार की गई हिन्दी की अंकसूची में नंबर डालकर उन्हें पालकों को थमा दिया है।

### केंद्रीयकृत परीक्षा के कारण दिक्कत

शिक्षा विभाग द्वारा तर्क यह दिया जा रहा है कि इस बार पांचवी और आठवीं की केन्द्रीकृत परीक्षा हुई है इसलिए सभी को एक जैसी अंकसूची दी गई है किन्तु अंकसूची को देखने से कहीं से इस बात एहसास नहीं हो रहा है कि वह अंग्रेजी माध्यम की है। पता चला है कि बीते शिक्षा सत्र में सीबीएसई स्कूलों में हिन्दी की अंकसूची दी गई थी, जिसे बाद अंग्रेजी में बदलकर दिया गया।

# पीएम मोदी मुंबई में आज करेंगे पहले वेव्स शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को यहां पहले 'विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ लाएगा। पारंपरिक और उभरते मीडिया के बीच की खाई को पाटने के लिए एक मंच के रूप में परिकल्पित 'वेव्स' के वास्ते प्रधानमंत्री ने लगभग 10 घंटे का समय निर्धारित किया है। इस दौरान वह मीडिया जगत के सीईओ और मनोरंजन जगत की शख्सियतों के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री 'क्रिएटोस्फियर' सत्र में दुनिया भर के युवा रचनाकारों से भी बातचीत करेंगे, जिन्होंने 31 भिन्न 'क्रिएट इन इंडिया' चुनौतियों में भाग लिया है। मोदी विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे, जिसमें रजनीकांत, मोहनलाल, हेमा मालिनी और चिरंजीवी जैसे शीर्ष अभिनेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। विदेश मंत्री एस जयशंकर वैश्विक मीडिया वार्ता की अध्यक्षता कर सकते है। इसमें जिसमें दुनिया भर के मंत्री, मीडिया जगत के दिग्गज और नीति निर्माता भाग लेंगे। उद्घाटन दिवस की सांस्कृतिक संध्या में विश्व मोहन भट्ट, येल्ला वेंकटेश्वर राव और रोनू मजूमदार जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में शास्त्रीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। साथ ही टेटसेओ सिस्टर्स, झाला, श्रेया घोषाल, किंग एक्स एलन वॉकर की प्रस्तुतियां और अनुपम खेर का सिनेमाई अभिनय भी होगा।

*दुनिया के सबसे बड़े समागम की होगी शुरुआत*



### मीडिया इंडस्ट्री के दिग्गज भी होंगे शामिल

*1 से 4 मई 2025 तक व्यावसायिक दिनों के लिए खुला रहेगा। 3 और 4 मई 2025 को सार्वजनिक दिनों के साथ, वेव्स 2025 मनोरंजन, मीडिया और प्रौद्योगिकी परिदृश्य में अनन्या नेटवर्किंग अवसर और अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। यह प्रदर्शनी 1 से 3 मई तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक और 4 मई 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। अपने असाधारण विस्तार, प्रभावशाली प्रदर्शकों और दूरदेशी दृष्टि के साथ, वेव्स 2025 वैश्विक मीडिया के बीच सामंजस्य के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। यह एक ऐसा स्थान होगा, जहां कहानी कहने, प्रौद्योगिकी और मनोरंजन के भविष्य को आकार देने के लिए परंपरा और नवाचार एक साथ होंगे।*

### देश के कई राज्य करेंगे प्रदर्शन

इस असाधारण शिखर सम्मेलन के केंद्र में भारत मंडप है। यह 1,470 वर्ग मीटर में फैला हुआ है, जो "कला से कोड तक" थीम के तहत भारत की सशक्त विरासत का जश्न मनाता है। समिट के भागीदार प्राचीन मौखिक परंपराओं और दृश्य कलाओं से लेकर अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति तक भारतीय कहानी कहने के कौशल के विकास के माध्यम से चार अनुभव आधारित क्षेत्रों – श्रुति, कृति, दृष्टि और क्रिएटर लीप में एक बेजोड़ तरीके से प्रदर्शित करेंगे। भारत मंडप के अलावा, वेव्स 2025 में विभिन्न राज्यों के विशेष मंडप भी होंगे, जहां महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गोवा, गुजरात, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और कई अन्य राज्य गर्व से अपनी सांस्कृतिक और रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

## सूडा के सीईओ की समीक्षा में सामने आई गड़बड़ियां

खुद मांगी थी राशि, मिली तो हितग्राहियों को नहीं दी

# पीएम आवास में गरीबों के करोड़ों रुपए दबाने वाले 6 अफसरों समेत 27 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण के अलग-अलग घटकों के क्रियान्वयन में गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रकाशित खबरों का बड़ा असर हुआ है। पीएम आ वास शहरी में ये गंभीर बात सामने आई है कि गरीब हितग्राहियों को किस्तों में भुगतान के लिए मिले करोड़ों रुपए निकायों के छह अफसरों ने दबा रखे थे। इसी तरह ▶▶| शेष पेज 8 पर




### हितग्राहियों के आवेदनों का सत्यापन नहीं- नोटिस

एक तरफ हितग्राहियों के हिस्से की राशि उन्हें समय पर अदा न करने के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, वहीं इस योजना से जुड़े आवास प्रेरकों की भी गंभीर लापरवाही के मामले भी सामने आए हैं। नगर निगम बिलासपुर के आवास प्रेरक, मयंक वर्मा, अनिल विश्वकर्मा, कुलदीप ▶▶| शेष पेज 8 पर

### इन अफसरों ने दबाए रखे करोड़ों रुपए

*इस मामले में जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें अमरेश सिंह सीएमओ सह नोडल अधिकारी व डीआर कुर्रे सहायक नोडल अधिकारी संजय राठौर आवास प्रेरक नगर पालिका परिषद तखतपुर का नाम है। इस निकाय में हितग्राहियों को किस्त की राशि देने के लिए 2 करोड़ 50 लाख 70 हजार रुपए 20 मार्च को जारी किए गए थे, लेकिन अधिकारी ने* ▶▶| शेष पेज 8 पर

### समीक्षा बैठक से गायब रहे तो मिला नोटिस

*पीएम आवास योजना शहरी के कामकाज की समीक्षा 25 अप्रैल को सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह मिशन संचालक प्रधानमंत्री आ वास योजना (शहरी) द्वारा रखी गई थी। यह बैठक ऑनलाइन माध्यम से होनी थी, लेकिन इसमें नगर पालिका निगम रायपुर के छह आ वास प्रेरक शामिल नहीं हुए। इस मामले में गजेंद्र गायकवाड़, डॉ. संगीता ठाकुर, हर्षा सोनवानी, अदिति* ▶▶| शेष पेज 8 पर

हमर-प्रदेश
बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025 haribhoomi.com
हरिभूमि

बस्तर में हरा सोना माने जाने वाले तेंदूपत्ता पर ओले के साथ तेज अंधड़ की मार के चलते कारोबार पर असर पड़ने की संभावना बनी हुई है। बस्तर संभाग के हजारों परिवार की जीविका और आर्थिक श्रोत का एक प्रमुख साधन तेंदूपत्ता है। कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदल गया है, तेज हवाएं चलने के साथ बारिश और ओले गिरने के कारण कोमल तेंदूपत्ता को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है।



## संग्राहकों की कमाई के सपने पर लगाया ग्रहण

# बेमौसम बारिश, आंधी व ओले गिरने से खराब हो रहा हरा सोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की माने तो आने वाले दिनों मौसम सही रहा तो नुकसान की भरपाई हो सकता है। एक सप्ताह से हो रहे लगातार बारिश ने यहां के तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले आदिवासियों के माथे में चिंता की लकीर खींच दी है। दिन भर बदली और धूप के बाद शाम को होने वाले बारिश की वजह से तेंदूपत्ता के संग्रहण पर असर डाल रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस साल तय लक्ष्य से तेंदूपत्ता की खरीदी कम हो सकती है, जिससे वन विभाग को मिला लक्ष्य पूरा होने में संदेह है। वन विभाग के अनुसार अभी बस्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू किया है, लेकिन बेमौसम बारिश का सिलसिला जारी रहा तो इसके संग्रहण और खरीदी प्रभावित होने वाली है। बताया जा रहा है कि 6 दिनों में सुकमा जिले में 14, दंतेवाड़ा जिले में 10 एवं बस्तर जिले में एक मानक बोरा का संग्रहण किया और बीजापुर जिले में अब तक संग्रहण नहीं किया गया।



### क्वालिटी पर पड़ रहा असर

तेंदूपत्ता निकलने के दौरान पत्ता कोमल होता है, जिस पर पानी गिरने के बाद दाने के रूप में गांठ बनने की आशंका बढ़ जाती है। इसके साथ ही कई जगह पत्तों में छेद होने का खतरा बना रहता है, ऐसे में सभी पत्ते उपयोग के लिए तोड़े नहीं जा सकते हैं। शुरूआती गर्मी में पत्ते अच्छे निकल रहे थे, लेकिन बेमौसम बारिश ने ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। यदि मौसम ऐसा ही चलता रहा तो तेंदूपत्ता की गुणवत्ता के साथ-साथ संग्रहण लक्ष्य प्राप्त करने में भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

### तेंदूपत्ता की खरीदी का मिला लक्ष्य

वन विभाग बस्तर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि बस्तर वृत्त में सुकमा और बीजापुर जिले में सबसे अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण होता है। इसी तरह लगातार बारिश और ओले गिरने का सिलसिला जारी रहा तो क्वालिटी और क्वांटिटी में फर्क आ सकता है। बार-बार मौसम खराब होने की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य का संचालन पर असर पड़ेगा। बस्तर वन वृत्त के अंतर्गत 2 लाख 70 हजार 600 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी का लक्ष्य मिला है। इसके लिए वन विभाग 75 समिति और 1710 फड़ तैयार किया गया है, जहां संग्रहण किया जा रहा है।

---

तेलंगाना और आंध्र में कई संगठनों ने शांतिवार्ता का समर्थन करते हुए सरकार से की थी युद्धविराम की मांग

# शांतिवार्ता के हिमायतियों को गृहमंत्री ने लताड़ा कहा-नक्सली बताएं बातचीत करेगा कौन?

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तेलगांना व आंध्रप्रदेश में शांतिवार्ता का समर्थन करते हुए लगातार सरकार पर दबाव डालने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को तेलंगाना के मुलुगु जिला केंद्र में आदिवासी दलित जनजातीय सार्वजनिक संगठनों की समन्वय समिति के तत्वावधान में शांति रैली निकाली गई। तेलगांना सरकार में मंत्री व पूर्व समर्पित नक्सली सितक्का ने भी ऑपरेशन कगार के नाम पर निर्दोष आदिवासियों की हत्या करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कगार व कर्रेगुट्टा क्षेत्र में चलाए जा रहे आपरेशन को तत्काल रोका जाना चाहिए। केंद्र सरकार को माओवादी पार्टी के साथ शांति वार्ता करनी चाहिए। कई संगठनों ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अब तक के सबसे बड़े सैन्य अभियान तत्काल रोकने अपील की है।

खास खबर

आधंप्रदेश के नेल्लोर में शांतिवार्ता का समर्थन करते हुए सामाजिक संगठनों ने रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन का विरोध किया। प्रदर्शन को आंध्र के सामुदायिक मंच नेल्लोर द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया था। वहीं दूसरी ओर हैदराबाद में कई संगठनों ने सरकार से युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार करने और अभियान रोकने की मांग की है। तेलगांना में विभिन्न संगठनों द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन को बंद करने व युद्धविराम की मांग पर डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा में शांतिवार्ता के हिमायतियों को लताड़ा। उन्होंने कहा कि दाल में जरूर कुछ काला है, आखीर शांतिवार्ता की हिमायत करने वाले कौन हैं। उन्होंने कहा कि नक्सली यह स्पष्ट करें कि उनकी तरफ से बातचीत के लिए प्रतिनिधित्व कौन करेगा।



### आईईडी ब्लास्ट में दर्जनों जवान, नागरिक व मवेशी मारे गए, तब संगठन कहां थे: शर्मा

करेर्गुट्टा में एंटी नक्सल ऑपरेशन के बीच गृहमंत्री शर्मा ने विभिन्न संगठनों द्वारा के प्रदर्शन व शांतिवार्ता के हिमायतियों पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा की जब छग के आदिवासी मारे गए तब किसी को पीड़ा नहीं हुई। आज जब तेलंगाना वाले फंस रहे हैं तो पीड़ा जताई जा रही है। राज्य में नक्सल मुठभेड़ों में अब तक 4 सौ से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं। बस्तर के पीड़ित राष्ट्रपति से मिलकर आए हैं। आज भी आईईडी ब्लास्ट में जवान, निर्दोष आदिवासी व मवेशी मरे जा रहे है तब ये कुछ नहीं कहते। यह इन समुदाय और समितियों का गलत प्रोपोगंडा और पूरे देश को गुमराह करने वाला है।

### झीरम कांड, एर्राकोट व मनीकोंटा नरसंहार के समय कहां थे ये संगठन

गृहमंत्री शर्मा ने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखने वाले संगठनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ये लोग होते कौन हैं। कौन हैं ये लोग जो शांतिवार्ता की बात कर रहे हैं। बस्तर के आदिवासी मारे जा रहे थे तब कहां थे। बस्तर के लोग एक दिन जरूर आगे आएंगे और नक्सलियों के हिमायतियों को करारा जवाब देंगे। जब झीरम में छग के एक बड़े नेतृत्व को समाप्त कर दिया गया, तब इन्होंने नक्सलियों से क्यों नहीं कहा कि यह सब बंद करो। एर्राकोट की घटना में जब आठ माह के मासूम को नक्सलियों ने जिंदा जला दिया था और पूरे बस्ती में आग लगा दी थी। मनीकोंटा की घटना में के विरोध में सामने क्यों नहीं आए जब दर्जनों ग्रामीणों को गला रेतकर मार दिया गया था।

---

रायपुर नगर निगम में भूचाल

# 8 में 5 कांग्रेसी पार्षदों ने दिया इस्तीफा 3 बचे, नेता प्रतिपक्ष पर फिर फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर कांग्रेस में बढ़ी तकरार के कारण अब रायपुर नगर निगम में भूचाल आ गया है। कांग्रेस के 5 पार्षदों ने जिला अध्यक्ष द्वारा नेता प्रतिपक्ष के रूप में आकाश तिवारी के नाम चिट्ठी जारी करते ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वालों में नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू, उपनेता जयश्री नायक, रेणु-जयंत साहू, दीप-मनीराम साहू, रोणिता-प्रकाश जगत शामिल हैं। ऐसे में नगर निगम में अब कांग्रेस के 3 पार्षद ही बाकी हैं, इनमें खुद आकाश तिवारी, अर्जुमन ढेबर और शेख मुसीर शामिल हैं। वहीं नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर का कहना है कि यह गंभीर चिंता का विषय है, कांग्रेस के 3 पार्षद रहने के बाद नेता प्रतिपक्ष की व्यवस्था रहेगी या नहीं, इस पर जानकारों से मंत्रणा के बाद ही निर्णय होगा। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर चल रहे घमासान के बीच कांग्रेस पार्टी ने पार्षद आकाश तिवारी को नगर निगम का नया नेता प्रतिपक्ष बना दिया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे ने बुधवार शाम आकाश तिवारी को निगम का नेता प्रतिपक्ष बनाने चिट्ठी जारी कर दी। इस फैसले के विरोध में संदीप साहू सहित 5 कांग्रेसी पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। संदीप साहू ने कहा कि यह निर्वाचित पार्षदों की सरासर उपेक्षा है। इसके विरोध में उनके साथ 5 कांग्रेसी पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष को इस्तीफा सौंप दिया है।


जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे ने आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाने लिखा पत्र

### नेता प्रतिपक्ष रहेगा या नहीं होगा?

सभापति सूर्यकांत राठौर का कहना है कि कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिये 5 पार्षदों के बैठने की व्यवस्था अब अलग से करनी होगी, क्योंकि सदन में 2 निर्दलीय पार्षद के बैठने की व्यवस्था पहले से अलग की गई है। 70 वार्डों वाले रायपुर नगर निगम में अब कांग्रेस पार्टी के सिर्फ 3 पार्षद ही रह गये हैं। सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा कि सदन में कांग्रेस के 3 पार्षद रहने के बाद नेता प्रतिपक्ष का पद रहेगा या नहीं, इस पर वे जानकारों से विचार-विमर्श करने के बाद ही निर्णय ले पाएंगे।



बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025 | वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी | वर्ष : 25, अंक : 40 | पृष्ठ : 12+8+18 = 38 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | समाचार ही नहीं, विचार भी



बीजापुर-तेलंगाना की सीमा स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे देश के सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन के 9वे दिन फोर्स ने नक्सलियों के कब्जे से दो पहाड़ धोबे व नीलम सराय को मुक्त कर तिरंगा फहरा दिया है। अब अंतिम टारगेट करेंगुट्टा पहाड़ की ओर फोर्स ने कूच कर दिया है। आने वाले चार दिन के भीतर करेंगुट्टा से नक्सलियों को खदेड़ते हुए फोर्स का कब्जा होने की पूरी संभावना दिखाई दे रही है।

# जवानों ने नक्सलगढ़ की दो पहाड़ियों पर लहराया तिरंगा, अब करेंगुट्टा कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप


संकल्प अभियान के 9वे दिन फोर्स ने दो पहाड़ धोबे व नीलम सराय पर पूरी तरह कब्जा कर लिया है। गौरतलब है कि नक्सलियों के खिलाफ पिछले 9 दिन से चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में फोर्स ▶▶| शेष पेज 8 पर



एक हजार से अधिक जवानों को वायुसेना ने उतारा धोबे व नीलम सराय के पहाड़ पर

### मनाया जीत का जश्न

बुधवार का दिन फोर्स के लिए काफी ऐतिहासिक रहा जब नक्सलियों के कब्जे से धोबे व नीलम सराय की पहाड़ी पर तिरंगा लहराया और जीत का जश्न मनाया। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर्स की मदद से धोबे की पहाड़ियों पर जवानों को उतारा गया। सटीक रणनीति ▶▶| शेष पेज 8 पर





# क्रिकेट में थप्पड़... वीडियो आया और बवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार को खेले गए आईपीएल मैच के बाद कुलदीप यादव ने केकेआर के खिलाड़ी रिंकू सिंह को थप्पड़ जड़ दिया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, वीडियो देखकर लग रहा कि कुलदीप ने मजाकिया अंदाज में रिंकू के चेहरे पर दो बार थप्पड़ मारे, जिससे केकेआर का यह बल्लेबाज असमंजस में पड़ गया।

### दिल्ली को मिली हार

मैच की बात करें तो गत विजेता केकेआर ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और लगातार दूसरा मुकाबला 14 रन से हार गई।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## पीएम मोदी ने की ताबड़तोड़ बैठकें, पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर रणनीति पर चर्चा

# पाकिस्तान पर एक्शन तय, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना को पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने की पूरी छूट दे दी है। इसके बाद अब केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार परिषद का पुनर्गठन किया है। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार परिषद का प्रमुख नियुक्त किया गया है।*

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दिल्ली में लगातार बैठकों का दौर जारी है और पाकिस्तान को सबक सिखाने की पूरी तैयारी हो रही है। दोनों देशों के बीच जंग जैसे हालात पैदा हो गए हैं और भारत की तैयारियों को देखकर पाकिस्तान को हमले का डर सता रहा है। ऐसे में दिल्ली में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों पर कैबिनेट कमेटी की बैठक हुई, उससे पहले सुरक्षा मामले की कैबिनेट कमेटी की भी मीटिंग हुई। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत कुछ बड़ा करने जा रहा है।

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों के लिए सिरदर्द बन चुका है। भारत में पुलवामा, उरी, संसद हमला, मुंबई अटैक, कंधार हाईजैक जैसी कई आतंकी वारदातों में सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ होने की बात सामने आई है, लेकिन अब भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए कमर कस चुका है। ऐसे में पाकिस्तान पर जल्द ही बड़ा एक्शन लेते हुए सख्त फैसला लिया जा सकता है। इसमें पाकिस्तान को 'आतंकी राष्ट्र' घोषित करना भी शामिल है। अमेरिका ने आतंकियों को पनाह देने वाले, हथियार मुहैया कराने वाले और आतंकवादियों को फंडिंग देने वाले कुछ देशों को स्टेट स्पॉन्सर्स ऑफ टेररिज्म' यानी आतंकवाद को पोषक देश घोषित कर रखा है। इनमें ईरान, क्यूबा, ▶▶| शेष पेज 8 पर

### राजनीतिक मामलों पर कैबिनेट समिति और सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक



### पूर्व रॉ प्रमुख सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष



सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब ऐसी अटकलें हैं कि भारत पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों के मद्देनजर कार्रवाई कर सकता है। ऐसी जानकारी है कि देश की खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को एनएसएबी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एनएसएबी एक सलाहकार निकाय है जो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को जानकारी प्रदान करता है।

### सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। समझा जाता है कि भारत की संभावित प्रतिक्रिया को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच हुई इस बैठक में हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में जम्मू-कश्मीर की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई।

### 786 पाकिस्तानी भारत से गए

पिछले छह दिनों में 55 राजनयिकों, उनके आश्रितों और सहायक कर्मचारियों सहित 786 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के जरिए भारत छोड़ चुके हैं। इनके अलावा पाकिस्तानी वीजा धारक आठ भारतीय भी पड़ोसी मुल्क चले गए हैं। पंजाब से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए पाकिस्तान से भारत में कुल 1,465 भारतीय आए हैं।



### घबराया पाक पीओके की सभी उड़ानें रद्द कीं

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर पाकिस्तान की राष्ट्रीय विमानन कंपनी ने सुरक्षा कारणों से बुधवार को गिलगित, स्कार्दू सहित पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के अन्य उत्तरी क्षेत्रों से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। उर्दू अखबार 'जंग' ने उड़ानों की सूची के हवाले से खबर दी कि पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) ने कराची और लाहौर से स्कार्दू के लिए दो-दो उड़ानें रद्द कर दी हैं। अखबार ने विमानन क्षेत्र के सूत्रों के हवाले से बताया कि इस्लामाबाद से स्कार्दू जाने वाली दो उड़ानें और इस्लामाबाद से गिलगित जाने वाली चार उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं।

# भारतमाला घोटाले में सील दशमेश के ऑफिस में ईओडब्लू की पड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पिछले सप्ताह भारतमाला परिजयोजना घोटाले में छापे की कार्रवाई के बाद सील किए गए दशमेश इंस्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस में बुधवार को ईओडब्लू की टीम पुनः जांच करने पहुंची। इ स का संचालक घोटाले का मास्टर माइंड हरमीत सिंह खनूजा है। हरमीत सिंह सहित तीन अन्य दो मई तक ईओडब्लू की हिरासत में हैं। ईओडब्लू के अफसर उनसे घोटाले को लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

भारतमाला परियोजना भू-अर्जन मुआवजा राशि घोटाला मामले में हरमीत ने जमीन दलाल तथा मेवा कारोबारी विजय जैन, ▶▶| शेष पेज 8 पर

### पार्टनरशिप में खोली कंपनी

हरमीत ने पूर्व में निलंबित तहसीलदार शशिकांत कुर्रे की पत्नी भावना कुर्रे के साथ पार्टनरशिप में दशमेश इंस्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड, दशमेश डेवलपर, शुभ लक्ष्मी वेंचर्स जैसी 13 कंपनी खोली। यह बाहर से देखने में टूर एंड ट्रैवल एजेंसी दिखती है, लेकिन वहां जमीन खरीदी बिक्री का कारोबार होता रहा। ईओडब्लू जहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची, उसी परिसर से सभी 13 फर्मों का भी काम होता था।

### छापे की भनक लगते ही फरार

छह दिन पूर्व भारतमाला प्रोजेक्ट को लेकर ईओडब्लू के छापे की भनक लगते ही आरआई रोशन वर्मा तथा कुछ पटवारी गायब हो गए। रोशन पर भारतमाला प्रोजेक्ट में लाखों रुपए की गड़बड़ी कर सड्डू के राजधानी विहार में 45 लाख रुपए का मकान खरीदने का आरोप है। रोशन ने तीन से चार वर्ष पूर्व कलेक्टोरेट से अपना स्थानांतरण अभनपुर कराया था। रोशन ने गिरफ्तारी से बचने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में याचिका लगाई है।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में हिंदू नेता चिन्मय को जमानत

**ढाका।** बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के आरोप में करीब पांच महीने से जेल में बंद हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। दो न्यायाधीशों की पीठ ने अपने पहले के फैसले को बरकरार रखते हुए अधिकारियों से सवाल किया कि उन्हें (दास को)जमानत क्यों नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अताउर रहमान और न्यायमूर्ति अली रजा की पीठ ने अपने पिछले फैसले पर अंतिम सुनवाई के बाद जमानत मंजूर की।

### नए कनिष्ठ शंकराचार्य बने श्री सत्य चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती



**कांचीपुरम।** आंध्र प्रदेश के ऋग्वेद के विद्वान श्री सत्य चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती शंकराचार्य को भव्य धार्मिक समारोह में प्राचीन कांची कामकोटि पीठ के कनिष्ठ पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया। 25 वर्षीय आचार्य को मठ ने वर्तमान संत श्री विजयेंद्र सरस्वती शंकराचार्य के उत्तराधिकारी के रूप में मान्यता दी।

### मेडिकल कॉलेज के तीन छात्र रैगिंग के आरोप में निलंबित



**पुणे।** पुणे स्थित राजकीय बी.जे. मेडिकल कॉलेज के परास्नातक के तीन छात्रों को जूनियर चिकित्सकों के साथ 'रैगिंग' करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। उन्हें छात्रावास से निकाल दिया गया है। कॉलेज ने अस्थि रोग विभाग में परास्नातक के दूसरे वर्ष के तीन छात्रों के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की।

### पेड़ पर फांसी लगाकर दंपति ने खुदकुशी की



**फर्रुखाबाद।** लीलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आम के बाग में एक दंपति ने पेड़ पर साड़ी और दुपट्टे से कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।दोनों पति पत्नी मंगलवार को डाक्टर से पास जाने की बात कहकर घर से निकले थे। थाना क्षेत्र लीलापुर निवासी 24 वर्षीय शशांक गाजियाबाद में नौकरी करता था।

### मिजोरम के पूर्व सांसद रोनाल्ड का निधन




**आइजोल।** पूर्व राज्यसभा सदस्य और मिजोरम कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता रोनाल्ड सापा तलाऊ का बुधवार सुबह आठ बजे नयी दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। तलाऊ की सोमवार को नयी दिल्ली स्थित एम्स में 'ओपन हार्ट सर्जरी' हुई थी।

## चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री, यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुले







### सीएम धामी ने दोनों धामों का किया दौरा

**60 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद**

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बुधवार को उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए, जिससे इस वर्ष की चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो गई। यात्रा मार्गों पर करीब 6,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इस साल 60 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यात्रा के पहले दिन दोनों धामों का दौरा किया और पूजा-अर्चना कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने यमुनोत्री में पत्रकारों से कहा, हम इस दिन का पूरे साल इंतजार करते हैं। चारधाम यात्रा हमारे लिए एक भव्य पर्व की तरह है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

### केदारनाथ और बदरीनाथ के कपाट 2 मई और 4 मई को खुलेंगे

*गंगोत्री मंदिर के कपाट सुबह 10:30 बजे और यमुनोत्री मंदिर के कपाट दोपहर 11:55 बजे पारंपरिक विधियों के साथ खोले गए। मंदिरों की देखरेख करने वाली समितियों ने यह जानकारी दी। अन्य दो धाम केदारनाथ और बदरीनाथ के कपाट 2 मई और 4 मई को खुलेंगे। चारों धाम सर्दियों के दौरान छह महीने तक बंद रहते हैं।*

# दो लाख में बेच रहे थे 10 लाख के नकली नोट, दो गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| जोधपुर

**जोधपुर में नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़**

राजस्थान पुलिस ने जोधपुर में किराए के कमरे में चल रहे नकली नोटों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह 500 रुपए के नकली नोट छाप रहा था और 2 लाख रुपए के बदले 10 लाख रुपए के नकली नोट बेच रहा था। आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। डीसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस काफी समय से गिरोह की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। उन्होंने बताया, खुफिया सूचना के आधार पर मंडोर कृषि उपज मंडी में छापा मारा गया।





### निशाने पर थे व्यापारी

जांच से पता चला है कि दोनों बड़े पैमाने पर खरीदारों, संभावित रूप से व्यापारियों को लक्षित कर रहे थे, जो 2 लाख रुपए की असली मुद्रा के बदले 10 लाख रुपए के नकली नोटों की पेशकश कर रहे थे। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बालसमंद मगजी घाटी क्षेत्र में एक और किराए के परिसर के अस्तित्व का खुलासा किया।

**सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई और केंद्र को दिए निर्देश**

# ई-केवाईसी प्रोसेस को दिव्यांगों के लिए बनाया जाए आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने समावेशिता के अधिकारों को बरकरार रखते हुए बुधवार को डिजिटल केवाईसी दिशा-निर्देशों में बदलाव का निर्देश दिया ताकि दृष्टिबाधित और तेजाब हमले के पीड़ितों को बैंकिंग सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं समेत अन्य सेवाओं तक पहुंच मिल सके। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दिव्यांगों के लिए समावेशी और सुलभ बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के अलावा केंद्र और उसके विभागों को 20 महत्वपूर्ण निर्देश दिए।



### दो याचिकाओं पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट का फैसला दो याचिकाओं पर आया, जिसमें एक याचिका तेजाब हमले के पीड़ितों द्वारा दायर की गई थी, जो चेहरे की विकृति और आंखों में गंभीर जलन से पीड़ित हैं, इसके अलावा एक व्यक्ति 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी

पीठ ने दिव्यांगजनों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चूंकि स्वास्थ्य सेवा जैसी आवश्यक सेवाएं तेजी से डिजिटल मंचों के माध्यम से उपलब्ध हो रही हैं। इसलिए अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार की व्याख्या तकनीकी वास्तविकताओं के प्रकाश में की जानी चाहिए।

## रामलला का दर्शन करने राम मंदिर पहुंचे महंत

# अयोध्या हनुमानगढ़ी में टूटी 121 साल पुरानी परंपरा

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए बुधवार को हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास ने 121 साल पुरानी परंपरा को संतों की सहमति मिलने के बाद तोड़ दिया। इसके साथ ही हनुमान गढ़ी का कोई गद्दीनशीन महंत 1904 के बाद पहली बार 52 बीघे की परिधि से बाहर निकला है। महंत प्रेमदास ने न सिर्फ रामलला का दर्शन किया बल्कि राम मंदिर की अंतरगृही परिक्रमा का भी शुभारम्भ किया है। राम मंदिर के निर्माण के बाद पहली बार वीवीआईपी के लिए परिक्रमा खोली गई है।



**सात घंटे चला कार्यक्रम**

हनुमान गढ़ी और राम मंदिर के बीच की दूरी केवल एक किलोमीटर है। लेकिन, हनुमान गढ़ी से सुबह 6 बजे शुरू हुआ जुलूस सबसे पहले दो किलोमीटर दूर सरयू नदी के तट पर पहुंचा। निर्वाणी अखाड़े के प्रमुख महंत रामकुमार दास ने बताया कि सरयू नदी पर पीठासीन महंत और दूसरे नागा साधुओं ने सरयू नदी के तट पर स्नान किया। इसके बाद जुलूस राम मंदिर की ओर बढ़ा। दोपहर करीब 1 बजे जुलूस राम मंदिर से हनुमान गढ़ी वापस लौटा।

### गाजा-बाजा के साथ महंत की शोभायात्रा

तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को अखाड़े के निशान के साथ गाजा-बाजा के साथ महंत की शोभायात्रा राम मंदिर के लिए रवाना हुई। इस दौरान अखाड़े के नागा संत व शिष्य श्रद्धालु भी शामिल रहे। हनुमानगढ़ी से शोभायात्रा पहले सरयू तट पहुंचीं।

### सिविल कोर्ट भी करता रहा है मर्यादा का पालन

हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत के 52 बीघे वाले परिसर से बाहर नहीं निकलने की नियमावली की इस शर्त की मर्यादा का पालन सिविल कोर्ट भी करता है। किसी सिविल मुकदमे में गद्दीनशीन के बजाय अखाड़े के मुख्तार ही पैरोकार के रूप में अदालत में हाजिर होते हैं। यदि जरूरत पड़ी तो कोर्ट स्वयं हनुमानगढ़ी आकर गद्दी नशीन का बयान दर्ज करती रही है। यह परम्परा 1904 से चली आ रही है।

30- APR- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 4/30/2025 9:41 PM Page 1



चिंतन

# जाति जनगणना बिलकुल सही, सावधानी भी जरूरी

जनगणना किसी भी देश, समाज के विकास की धुरी होती है। जनगणना के आंकड़ों से ही सरकार को अंतिम छोर तक बैठे आम नागरिक, परिवार की सही जानकारी मिलती है। जनगणना के दौरान सिर्फ लोगों की संख्या नहीं गिनी जाती, बल्कि उनके घर-परिवार, धर्म, भाषा, शिक्षा और रोजगार और सुविधाओं के बारे में भी पूछा जाता है, जिससे शासन को पता लगता है कि उसके द्वारा चलाई गई योजनाओं का कितना लाभ आमजन तक पहुंचा है। 2011 में हुई जनगणना में लोगों से कुल 29 सवाल पूछे गए थे, लेकिन इनमें जाति से जुड़ा प्रश्न शामिल नहीं था। इसे लेकर विपक्ष लगातार सवाल भी उठा रहा था। बिहार समेत अनेक राज्य सरकारों ने प्रदेश में जाति जनगणना करवाना भी शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने बकाया इसके लिए प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा कि देश में जल्द से जल्द जाति जनगणना करवाई जानी चाहिए। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने कैबिनेट की बैठक में जाति जनगणना करवाने का फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6% और एसटी 8.6 प्रतिशत थी। ऐसा नहीं है कि देश में जाति जनगणना पहली बार हो रही है। आजादी से पहले जनगणना में सभी लोगों की जाति पूछी जाती थी। 1947 में देश के आजाद होने के बाद जाति संबंधित आंकड़े इकट्ठे न करने का फैसला लिया गया। डर था कि जाति पूछने से जाति व्यवस्था की जड़ें और गहरी होती जाएंगी। हालांकि, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों की गिनती जारी रही। यानी देश में एससी-एसटी वर्ग के लोगों की गिनती तो होती है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य वर्ग के लोगों की गिनती नहीं की जाती। कई सालों से कई राजनीतिक पार्टियां और संगठन जाति जनगणना करवाने की मांग कर रहे थे। डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-2 के शासनकाल में भी जाति आधारित जनगणना की मांग जोर-शोर से उठी थी। सरकार ने 2011 में 'सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना भी करवाई थी, लेकिन इसके आंकड़े जारी ही नहीं किए गए। अब इसकी सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। जाति जनगणना से ही पता लग पाएगा कि देश की किसी समाज ने कितनी उन्नति की गई। जो पिछड़े रह गए हैं, उन्हें भी आगे लाने के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी। जातिगत जनगणना कई अन्य नीतिगत सवालों के लिए भी जरूरी है। क्या एससी/ एसटी/ ओबीसी कोटा के अंदर उप-वर्गीकरण होना चाहिए। क्या कुछ जातियों को ओबीसी कोटा का लाभ नहीं मिलना चाहिए। क्या एससी/ एसटी वर्ग में भी क्रीमीलेयर होनी चाहिए। हां, इसके लिए बहुत सावधानी भी रखनी होगी। साल 1990 में सरकार ने मंडल आयोग की सिफारिश पर ओबीसी वर्ग को सरकारी नौकरियों में 27 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। उसके बाद देशभर में खूब विरोध प्रदर्शन हुए। देश में तनाव के हालात पैदा हो गए। अगर जातिगत जनगणना के बाद आरक्षण बढ़ाने की मांग उठी, तो जाति-वर्गों के आपसी रिश्ते फिर बिगड़ सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर आगे बढ़े और इसका ध्येय सबका साथ सबका विकास ही रहे।

# प्रसार भारती लाएगा कंटेंट क्रांति



वेव्स समिट
मुरारी गुप्ता

भारत में पहली बार मुंबई में हो रहे वेव्स 2025 (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के जरिए प्रसार भारती ने अपने नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी की घोषणा की है। यह सम्मेलन आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित हो रहा है। यह पहल न केवल कंटेंट की दुनिया को नया आकार देगी, बल्कि नए कलाकारों, क्रिएटर्स और तकनीकी पेशेवरों को भी अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगी। वेव्स 2025 भारतीय डिजिटल स्पेस को नई दिशा देने के लिए तैयार है। वेव्स ओटीटी, प्रसार भारती का आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसे खासतौर पर भारतीय मूल्यों, विविधताओं और भारतीयता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

भारत में मीडिया और मनोरंजन जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने दर्शकों के कंटेंट देखने के तौर-तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। इसी परिवर्तनशील माहौल में अब प्रसार भारती ने भी एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। भारत में पहली बार मुंबई में हो रहे वेव्स 2025 (विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन) के जरिए प्रसार भारती ने अपने नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी की घोषणा की है। यह सम्मेलन आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित हो रहा है। यह पहल न केवल कंटेंट की दुनिया को नया आकार देगी, बल्कि नए कलाकारों, क्रिएटर्स और तकनीकी पेशेवरों को भी अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगी। वेव्स 2025 भारतीय डिजिटल स्पेस को नई दिशा देने के लिए तैयार है। वेव्स ओटीटी, प्रसार भारती का आधिकारिक ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसे खासतौर पर भारतीय मूल्यों, विविधताओं और भारतीयता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। इस मंच पर समाचार, मनोरंजन, शिक्षा, संस्कृति, खेल और बच्चों के लिए सामग्री जैसी विभिन्न श्रेणियों के कार्यक्रम उपलब्ध होंगे। वेव्स ओटीटी का उद्देश्य बड़े निजी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की एकरूपता से अलग हटकर भारतीय भाषाओं, ग्रामीण भारत की कहानियों और पारंपरिक कला को प्रमुखता देना है। इस मंच पर "लोकल टू ग्लोबल" सिद्धांत के तहत देश के हर कोने की आवाज़ को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की योजना है। मुंबई में हो रहा ऐसा पहला बड़ा आयोजन है, जो प्रसार भारती के डिजिटल भविष्य की नींव रख रहा है।

इसका उद्देश्य स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं, लेखकों और कलाकारों को नए शो और प्रोजेक्ट्स में शामिल करना है। इसके अलावा भारतीय भाषाओं के पुनर्जागरण के लिए भी यह महत्वपूर्ण होने वाला है। हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, आदि में भी ओरिजिनल कंटेंट का निर्माण इसके तहत किया जाएगा। तकनीकी नवाचार के अंतर्गत फाइव जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल प्रोडक्शन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग होगा। स्टार्टअप्स के लिए वेव्स ओटीटी पर पार्टनर बनने के अवसर खोले जा रहे हैं। इस सम्मेलन का मकसद भारत की कहानियों को भारत की ही आवाज में वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है। ओटीटी के जरिए कंटेंट की दुनिया में बड़ा बदलाव आएगा। आज अधिकतर बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म एक सीमित और अक्सर पश्चिमी सोच से प्रेरित कंटेंट पर केंद्रित हैं। वेव्स ओटीटी इस एकरसता को तोड़ेगा। इसमें स्थानीय लोककथाओं, भारतीय इतिहास के अनछुए पहलुओं, भारतीय सामाजिक जीवन के विविध रंगों, आदिवासी जीवन की कहानियां, ग्रामीण नायकों के संघर्ष आदि का प्रस्तुतिकरण होगा। उदाहरण के तौर पर एक छोटे गांव की युवा खिलाड़ी की कहानी की बात करनी हो या फिर लुप्त होती लोककला को बचाने का संघर्ष। यह सब वेव्स ओटीटी पर मुख्यधारा में आएगा।

वेव्स ओटीटी के माध्यम से स्वतंत्र क्रिएटर्स को मंच मिलेगा। अब तक स्वतंत्र कलाकारों और निर्देशकों के पास बड़े प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच मुश्किल रही है। वेव्स ओटीटी सीधे स्वतंत्र क्रिएटर्स से प्रोजेक्ट्स आमंत्रित करेगा। उनके लिए ओपन पिचिंग सत्र आयोजित होंगे,



जहां नए लेखक, निर्देशक और निर्माता अपने विचार प्रस्तुत कर सकेंगे। यूं कह सकते हैं कि इससे बिना किसी गॉडफादर के भी प्रतिभा को पहचान और काम मिलेगा। और सबसे बड़ी बात इससे क्षेत्रीय भाषाओं में बड़ा अवसर मिलने वाला है। भारत की असली कहानी सुननी है तो उसकी क्षेत्रीय भाषाओं को सुनिये। वेव्स ओटीटी इन भाषाओं में कंटेंट तैयार कर न केवल स्थानीय दर्शकों को जोड़ने का काम करेगा, बल्कि विश्वस्तर पर भारतीय भाषाओं की पहचान को मजबूत करेगा। इससे भारतीय भाषाओं की पहुंच दुनियाभर तक होगी और लोग भारतीय भाषाओं को जानने और समझने का प्रयास करेंगे। वेव्स ओटीटी का विजन सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। इसकी रणनीति है भारतीय डायस्पोरा तक पहुंचना। यूएस, यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट में बसे करोड़ों भारतीय मूल के लोग इसके माध्यम से अपनी मिट्टी की कहानियों से जुड़ सकेंगे। दूसरे शब्दों में यह "ब्रांड इंडिया" को सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त करेगा। इसके माध्यम से देशभर में नई प्रतिभाओं को भरपूर मौका मिलने वाला है। वेव्स ओटीटी पर स्क्रिप्ट राइटिंग से लेकर एनीमेशन, वीडियो एडिटिंग, म्यूजिक प्रोडक्शन, वॉयस ओवर, आर्ट डायरेक्शन तक हर क्षेत्र में नए लोगों को काम करने का मौका मिलेगा। आने वाले समय में ओपन कास्टिंग कॉल और क्रिएटिव फेलोशिप प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे, जहां बिना किसी एजेंसी या सिफारिश के भी प्रतिभाशाली लोग सीधे आवेदन कर सकते हैं। आने वाले दिनों में केवल मुंबई या दिल्ली ही नहीं, बल्कि लखनऊ, भोपाल, जयपुर, पटना, कोच्चि जैसे शहरों के छोटे स्टूडियो भी वेव्स ओटीटी के साथ प्रोजेक्ट कर पाएंगे। इससे मीडिया और मनोरंजन उद्योग का विकेन्द्रीकरण होगा। आने वाले वक्त में वेव्स ओटीटी की शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी होगी। इससे छात्रों को इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आंदोलन की शुरुआत है। प्रसार भारती का वेव्स ओटीटी भारतीय मीडिया इंडस्ट्री में कंटेंट के लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक साहसी कदम है। यह मंच भारतीयता को नई तकनीक और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर एक ऐसा डिजिटल भारत रचने वाला है, जहां हर कहानी को आवाज मिलेगी, हर सपने को उड़ान मिलेगी। 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' जैसे पहल के माध्यम से, नए फिल्ममेकर्स, गेम डेवलपर्स, और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

यह न केवल भारत में रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कंटेंट की मांग को भी बढ़ाएगा। इस बदलाव से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर क्षेत्रीय और स्थानीय कहानियों का प्रसार बढ़ेगा, जो सांस्कृतिक विविधता को दर्शाएगा। यह समिट भारतीय सिनेमा, वेब सीरीज, और गेमिंग उद्योग को वैश्विक दर्शकों तक ले जाने में मदद करेगा। साथ ही, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से विदेशी कंटेंट निर्माता भारतीय बाजार की संभावनाओं को समझेंगे, जिससे सह-निर्माण और क्रॉस-बॉर्डर प्रोजेक्ट्स में वृद्धि होगी। 'वेव्स बाजार' जैसे पहल के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्टार्टअप्स और छोटे व्यवसायों को निवेश और मेंटरशिप मिलने से मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, डिजिटल कंटेंट की बढ़ती मांग से फ्रीलांस क्रिएटर्स, एडिटर्स, और तकनीशियनों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सम्मेलन में इस बात पर चर्चा होगी कि कैसे मीडिया जिम्मेदारी के साथ कंटेंट प्रस्तुत कर सकता है, खासकर संवेदनशील मुद्दों पर। यह बदलाव डिजिटल और पारंपरिक मीडिया को अधिक विश्वसनीय और नैतिक बनाने में मदद करेगा।

(लेखक भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

श्रमिक दिवस विशेष
योगेश कुमार गोयल




# मेहनतकश हाथों को सलाम

विश्व के किसी भी देश की प्रगति को मापने का सबसे मौलिक और प्रभावशाली पैमाना उस देश के श्रमिक वर्ग की स्थिति होती है। चाहे उद्योग हो, व्यापार, निर्माण क्षेत्र, कृषि या सेवा क्षेत्र, हर स्थान पर श्रमिकों की मेहनत की नींव पर ही आर्थिक संरचना खड़ी होती है। यह वर्ग न केवल निर्माण करता है बल्कि देश की आर्थिक धुरी को गति भी देता है। 21वीं सदी के इस तकनीकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से युक्त युग में भी मानव श्रम की अनदेखी नहीं की जा सकती क्योंकि आज भी कई ऐसे कार्यक्षेत्र हैं, जहां मशीनीकरण के बावजूद मानव हस्तक्षेप अनिवार्य है। अतः श्रमिक दिवस मनाना केवल एक परंपरा नहीं बल्कि समर्पण है, उन करोड़ों श्रमिकों के प्रति, जिनके पसीने से राष्ट्र निर्माण होता है। प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस उसी बलिदान और संघर्ष की स्मृति है, जिसने दुनियाभर में श्रमिकों के अधिकारों को एक दिशा देने का कार्य किया। इसका आरंभ 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में हुए एक ऐतिहासिक हड़ताल से हुआ, जिसमें श्रमिकों ने 8 घंटे की कार्यावधि सुनिश्चित करने की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन किया। यह वह समय था, जब मजदूरों से दिन-रात 12 से 16 घंटे तक कार्य लिया जाता था और कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। जब शिकागो के हेय मार्केट में प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा गोलीबारी की गई और कई मजदूरों की मृत्यु हुई तो यह घटना दुनियाभर में एक चेतना की चिंगारी बन गई। भारत में श्रमिक दिवस पहली बार 1 मई 1923 को चेन्नई में मनाया गया था, जब कामरेड सिंगारवेलू चेट्टियार ने इसका आयोजन किया। यह पहल इस विचार से प्रेरित थी कि जब पूरी दुनिया के मजदूर एकता का प्रतीक दिवस मना रहे हैं तो भारत को इससे अछूता नहीं रहना चाहिए। यही कारण है कि आज यह दिन एक राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्य है । समय के साथ विश्व की आर्थिक व्यवस्थाएं बदली हैं, श्रम कानूनों में अनेक सुधार हुए हैं, तकनीक ने कुछ कार्यों को सुगम बनाया है लेकिन आज भी करोड़ों श्रमिक न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य वातावरण से वंचित हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, विश्वभर में लगभग 200 करोड़ लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं, जिनमें से 61 प्रतिशत श्रमिकों को किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा प्राप्त नहीं है। भारत में ही करीब 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में आता है, जो बिना किसी स्थायी अनुबंध, स्वास्थ्य बीमा, पीएफ या पेंशन योजना के कार्य करता है। हालांकि सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे 'ई-श्रम पोर्टल', 'अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना', 'प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना' लेकिन इनके क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर खामियां देखी जा सकती हैं। उदाहरण के लिए, मार्च 2024 तक ई-श्रम पोर्टल पर 29 करोड़ से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका था लेकिन इनमें से मात्र 13 प्रतिशत को ही किसी न किसी सरकारी योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिला। महिला श्रमिकों की स्थिति और भी दयनीय है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार, घरेलू कामगारों, खेतिहर मजदूरों और ईंट भट्टों में काम करने वाली महिलाओं को यौन शोषण, वेतन भेदभाव और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। श्रमिक दिवस का वास्तविक उद्देश्य वर्षभर श्रमिकों के लिए सम्मानजनक जीवन, उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, सामाजिक सुरक्षा और न्यायपूर्ण नीतियों की दिशा में प्रयास करने की चेतावनी है। यह दिन हमें सोचने को विवश करता है कि जब हम ऊंची-ऊंची इमारतों, चमकते मॉल, चौड़ी सड़कों और विकसित शहरों की बात करते हैं तो उन सबके पीछे किसका श्रम छिपा है? आज भी हमें यह विचार करना पड़ता है कि करोड़ों मजदूर क्यों न्यूनतम वेतन से वंचित हैं, क्यों उनके घरों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है और क्यों उनका श्रम केवल शोषण बनकर रह गया है। जब हम एक निर्माण स्थल पर मजदूर को देखते हैं तो उसमें केवल एक श्रमिक नहीं बल्कि देश निर्माता देखना होगा। जब हम किसी घरेलू सहायिका को देखते हैं तो उसमें सेवा नहीं, आत्मसम्मान की भावना देखनी होगी। जब हम किसी खेत में काम कर रहे किसान को देखते हैं तो उसमें केवल एक ग्रामीण नहीं बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा का प्रहरी देखना होगा। यदि हमें अपने राष्ट्र को वास्तव में मजबूत बनाना है तो अपने श्रमिकों को मजबूत बनाना होगा, उनके श्रम को सम्मान देना होगा, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देनी होगी और उन्हें वह अधिकार देने होंगे, जिनके वे सच्चे अधिकारी हैं। केवल तभी यह दिन अपने वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति कर पाएगा और सच्चे अर्थों में श्रमिकों को सम्मान दिला पाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है-कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

# तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए ।

अंतर्मन




आज की पाती

## हमें कमजोर समझने की भूल न करे पाकिस्तान

हाल ही में पहलगाम में मानवता को शर्मसार करने वाला आतंकी हमला निर्दोष और निहत्थे लोगों पर हुआ, उसके लिए पाकिस्तान माफ करने योग्य बिल्कुल नहीं है। अगर पाकिस्तान का इस हमले में हाथ नहीं होता और वह हमारे देश के प्रति जरा भी हमदर्दी रखता तो वह पहलगाम में हुए नरसंहार पर दुख जताता और आतंकवाद के विरुद्ध वैसी ही आवाज उठाता जैसे दुनिया के दूसरे देश हमारे साथ दुख की घड़ी में साथ खड़े दिख रहे हैं। लेकिन नहीं, अपने यहां पाली आतंकवाद की फसल को पाकिस्तान खुद कैसे बर्बाद कर सकता है? पाकिस्तान हिंसा पर विश्वास रखता है, जबकि हमारा देश जानता है कि युद्ध या हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। वास्तव में पाकिस्तान हमें कमजोर समझने की भूल कर रहा है। *-विष्णु साहू, धमतरी*

ट्रेंड

## मेरी गहरी संवेदना



कोलकाता की एक इमारत में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत की दुखद खबर बहुत परेशान करने वाली और दर्दनाक है। शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

## अद्भुत अनुभव




दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टेडियम में आयोजित 'रन फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन' के लिए मैराथन में छात्रों के साथ सहभागी होना एक अद्भुत अनुभव रहा! युवा छात्रों की ऊर्जा, राष्ट्र के प्रति समर्पण, और एक बेहतर लोकतंत्र की आकांक्षा ने गहराई से मन को छू लिया।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

## भाजपा की मनमानी



राजस्थान की भाजपा सरकार मनमाने तरीके से पंचायती राज एवं नगरीय निकायों का पुनर्गठन कर रही है। मैं ऐसा पहली बार देख रहा हूं कि सारे नियम-कानून तोड़े जा रहे हैं।
-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## केंद्र सरकार झुकी



राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना की माँग सबसे पहले उठायी थी और अंततः भाजपा की केंद्र सरकार को राहुल गांधी की माँग के आगे झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना पर सहमत होना पड़ा।
-कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

करंट अफेयर


# रूस ने चीन को एस-400 वायु रक्षा मिसाइल दी



रूस ने चीन को अत्याधुनिक एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति की है जिसमें 'आश्चर्यजनक बातें' हैं। लेकिन चीन अब भी कुछ बातों को लेकर परेशान है। रूसी 'एस-400 ट्रायम्फ'' वायु रक्षा प्रणाली को अपनी श्रेणी में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों के तौर पर प्रतिष्ठा प्राप्त है। उसे उनकी अच्छी विशेषताओं और विभिन्न प्रकार के हवाई लक्ष्यों को रोकने की क्षमता के लिए जाना जाता है। चीन ने 2014 में कई 'एस-400 ट्रायम्फ' खरीदने के लिए रूस के साथ अरबों डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। कई वर्षों बाद, उस सौदे के बारे में रोचक विवरण सामने आए। इस सौदे ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया और इसे चीनी-रूसी सैन्य सहयोग का एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना गया। इसे चीन द्वारा अपनी राष्ट्रीय वायु रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी माना गया। हालांकि, चीनी इंटरनेट सेवा सोहू के विश्लेषकों ने कहा है कि चीन को दिए गए एस-400 सिस्टम का आज शायद ही कहीं कोई उल्लेख है। इसके अलावा, वे शायद ही कभी चीनी सेना की सार्वजनिक रिपोर्टों में दिखाई देते हैं, और उनकी तैनाती और उपयोग के बारे में वस्तुतः कोई खबर नहीं है।

ऑफ बीट

# गर्मियों में घर के पिछले हिस्से को ऐसे ठंडा बनाएं



गर्मियों में ठंडक का एहसास पाने के लिए बगीचे की डिजाइन और रखरखाव को लेकर हम जो फैसले लेते हैं, मिसाल के तौर पर लॉन में प्राकृतिक घास लगानी है या 'आर्टिफिशियल टर्फ' बिछाना है, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आर्टिफिशियल टर्फ' कृत्रिम रेशों से बनी उस सतह को कहते हैं, जो प्राकृतिक घास की सतह की तरह नजर आती है। इसे आम तौर पर खेल के मैदानों और आवासीय लॉन में बिछाया जाता है। गर्मी के दिनों में 'आर्टिफिशियल टर्फ'' धूप की गर्मी को अवशोषित कर लेता है, जिससे इसकी सतह काफी गर्म हो जाती है और इसके संपर्क में आने वाले लोगों की त्वचा जल सकती है। वहीं, प्राकृतिक घास वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से खुद को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने में सक्षम है। ऐसे में बाग के लिए प्राकृतिक घास का चयन ज्यादा बेहतर विकल्प है। इसके अलावा, आप घर के पिछले हिस्से में मौजूद बागीचे में नियमित रूप से पानी का छिड़काव करके और घनी छांव देने वाले पेड़ लगाकर भी उसे ठंडा रख सकते हैं। आवासीय लॉन या बालकनी में 'आर्टिफिशियल टर्फ' का इस्तेमाल इसलिए बढ़ रहा है, क्योंकि यह न केवल सस्ता होता है, बल्कि इसका रखरखाव भी आसान होता है।




## स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सजग है विष्णुदेव साय की सरकार- जायसवाल

# टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य से राज्य का बढ़ा गौरव

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के जरिए राष्ट्रीय स्तर राज्य का गौरव बढ़ाने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों का बुधवार को सम्मान किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सजग है। टीबी उन्मूलन कार्यों में देश में पहला स्थान लाकर विभाग ने अपनी कार्यक्षमता को प्रदर्शित किया है।

मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2025 में भारत से टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। छतीसगढ़ को पूरे देश में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्य को सबसे उत्कृष्ट तरीके से क्रियान्वित करने के लिए सम्मानित किया गया है। राज्य की 4103 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कहा कि राज्य में टीबी जैसी बीमारी के खिलाफ ये प्रगति आप जैसे जमीनी कार्यकर्ताओं के कारण ही संभव हो रही है। हमें टीबी के खिलाफ सिर्फ 100 दिनों के अभियान तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि साल 2025 तक इसे जड़ से खत्म करना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि हमने प्रदेश की जनता से 'टीबी मुक्त भारत' अभियान से जुड़ने के लिए 'नि-क्षय मित्र' बनने का आह्वान किया है। राज्य स्तर पर दिए जा रहे सम्मान में 350 से कम पंचायत की श्रेणी में एमसीबी जिले को पहला, कोरिया को दूसरा और मोहला-मानपुर जिले को तीसरा पुरस्कार मिला। 350 से अधिक पंचायत की श्रेणी में जशपुर को पहला, सरगुजा को दूसरा और रायगढ़ को तीसरा पुरस्कार मिला। इसी क्रम में निश्चय मित्र पहल श्रेणी में पहला पुरस्कार गरियाबंद और दूसरा पुरस्कार रायपुर जिले को मिला। 100 दिनों के निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत 19 उच्च वरीयता वाले जिलों में नारायणपुर को पहला और कोंडागांव को दूसरा पुरस्कार मिला। इसी तरह से 14 निम्न वरीयता वाले जिलों में कांकेर को पहला और मुंगेली जिले को दूसरा पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण की श्रेणी में पहला पुरस्कार रायपुर, दूसरा पुरस्कार महासमुंद और तीसरा पुरस्कार दुर्ग जिले को मिला।



**खास बात**

- टीबी उन्मूलन में देश में पहला स्थान लाकर विभाग ने कार्यक्षमता को दिखाया

### सौ दिन में खोजे 17 हजार टीबी मरीज

निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत 36 लाख से भी अधिक हाई रिस्क व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान लगभग 4.5 लाख लोगो की एक्सरे जांच और 1.5 लाख लोगों की टीबी की जांच उच्चतम तकनीक नाट मशीनों से की गई है। राज्य में 100 दिनों के भीतर 17 हजार टीबी के मरीज खोज कर उनका इलाज प्रारंभ किया गया। अभियान के दौरान कुल 3130 नए निक्षय मित्र पंजीकृत कर इनके सहयोग से 25 हजार से भी अधिक पोषण आहार टीबी मरीजों को प्रदान किया गया।

### एनक्यूएस में रायपुर प्रथम

रायपुर जिले को एनक्यूएस में प्रथम, टीबी मुक्त पंचायत के लिए द्वितीय, टीबी निक्षय मित्र में द्वितीय तथा नवीन पहल एमएमयू एक्स-रे में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, क्षय रोग नियंत्रण के जिला नोडल डा. अविनाश चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सहित जिले की टीम ने यह सम्मान प्राप्त किया।

# स्कूल शिक्षा विभाग में तीन हजार प्राचार्यों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

- दस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पदोन्नति
- प्राचार्य पदोन्नति फोरम की मुहिम रंग लाई

स्कूल शिक्षा विभाग के ई संवर्ग के 1524 एवं टी संवर्ग के 1401 इस तरह कुल 2925 प्राचार्य के पदों पर स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के व्याख्याता नियमित,व्याख्याता एल बी तथा प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को पदोन्नति प्रदान कर प्राचार्य बनाया गया है।

पदोन्नति आदेश में कहा है कि पदस्थापना आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सभी वर्गों में 25 प्रतिशत पदों की प्रतिक्षा सूची भी बनाई गई है, ताकि सेवा निवृत होने वाले प्राचार्यों से रिक्त पद को भरा जा सके। शिक्षा सत्रांत 30 अप्रैल के दिन में पदोन्नति आदेश जारी कर प्रदेश के मुख्य मंत्री एवं स्कूल शिक्षा विभाग के भारसाधक मंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षकों को सौगात दी है।

छत्तीसगढ़ प्राचार्य पदोन्नति फोरम के संयोजक अनिल शुक्ला एवं राकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा है कि प्रदेश में आदिम जाति कल्याण विभाग में वर्ष 2013 एवं स्कूल शिक्षा विभाग में वर्ष 2016 में अंतिम बार पदोन्नति हुई थी। विगत दस वर्षों से प्राचार्य की पदोन्नति स्कूल शिक्षा विभाग तथा शिक्षक संगठनों के लिए चुनौती बन गया था। इसके लिए प्रदेश के चार शिक्षक संगठनों ने मिलकर छत्तीसगढ़ प्राचार्य/व्याख्याता पदोन्नति फोरम का गठन कर आंदोलन किया। 17 दिसंबर को इंद्रावती एवं महानदी भवन में प्रदर्शन कर शासन को 30 जनवरी तक प्राचार्य पदोन्नति का अल्टीमेटम दिया था।

प्राचार्य पदोन्नति के लिए मुख्य मंत्री,विधानसभा अध्यक्ष,मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव,सचिव , स्कूल शिक्षा सचिव ,संचालक लोक शिक्षण से संपर्क कर प्राचार्य पदोन्नति के प्रस्ताव डीपीसी हेतु लोक सेवा आयोग को प्रेषित करवाया । साथ ही पदोन्नति फोरम के पदाधिकारी छत्तीसगढ़ पीएससी के अध्यक्ष से मिलकर शीघ्र डीपीसी करने अनुरोध किया। प्राचार्य पदोन्नति फोरम की ओर से अलग अलग अधिवक्ता के माध्यम से चार केस में इंटर विनर पिटीशन लगा कर न्यायालय में अपना पक्ष रखा गया है।

## बैसाख के महीने में कम गर्मी


**रायपुर।** मौसम तंत्रिकाओं के सक्रिय होने की वजह से बैशाख के महीने में गर्मी से राहत मिल गई है। अलग-अलग हिस्से में होने वाली बारिश और सभी शहरों में छाए बादलों की वजह तापमान 30 से 36 डिग्री के बीच सिमट गया है। बुधवार को कवर्धा इलाके में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, वहीं कुछ एक हिस्से में छींटे पड़े। शहर के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ।

प्रदेश का मौसम बदला हुआ है और बारिश के साथ ओलावृष्टि का दौर अभी भी किसी ना किसी इलाके में जारी है। बुधवार की सुबह रायगढ़ इलाके में बारिश हुई वहीं दोपहर बाद कवर्धा के दलदली इलाके में तेज वर्षा के साथ ओले भी गिरे। रायपुर के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ मगर छाए बादलों की वजह से दिन का अधिकतम तापमान ज्यादा नहीं चढ़ पाया और 36.5 डिग्री पर सिमट गया।

# सिंचाई विभाग ने 15 साल बाद जारी किया नवीन एसओआर

**रायपुर।** जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर स्थित नया सर्किट हाउस में नवीन दर अनुसूची-2025 (एसओआर) का विमोचन किया। उन्होंने कहा, नवीन एसओआर से जल संसाधन विभाग की सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में गति और पारदर्शिता आएगी और छत्तीसगढ़ राज्य जल प्रबंधन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा। यह नवीन एसओआर 1 मई से प्रभावशील होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में जल संसाधन विभाग द्वारा 15 वर्षों के पश्चात एसओआर को निर्माण लागत, श्रमिक मजदूरी, सामग्री एवं मशीनरी के बढ़े हुए दरों को ध्यान में रखते हुए अद्यतन किया गया है।

एसओआर में दरों का निर्धारण मानक डेटा इकाई विश्लेषण पद्धति के आधार पर किया गया है, जैसा कि अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा में प्रचलन में है। दर विश्लेषण में सामग्री, श्रम, मशीनरी, उपकरणों की लागत, ठेकेदार लाभ और श्रम उपकर को शामिल किया गया है। सभी निर्माण सामग्री व कार्य भारतीय मानक और विभागीय निर्देशों के अनुरूप हैं। आधुनिक तकनीकों जैसे रियल टाइम डाटा सिस्टम लिडार सर्वे, जियो-टेक्निकल व जियो-फिजिकल सर्वे को समाहित किया गया है।








# खास तरीके से डिजाइन... समुद्री जहाज पर उतर जाते हैं तेज तर्रार राफेल-एम फाइटर

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते और ज्यादा बिगड़ चुके हैं। यही वजह है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में खुद को और मजबूत बनाने में लगा हुआ है। इसी क्रम में हाल में भारत और फ्रांस के बीच एक ऐतिहासिक राफेल डील साइन हो चुकी है। समझौते के तहत भारत, फ्रांस से 26 राफेल विमान की खरीदी करेगा। इसमें 22 सिंगल सीटर विमान और चार डबल सीटर विमान शामिल हैं। इस डील की कीमत करीब 63,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसी कड़ी में आज हम आपको राफेल के बारे में कुछ दिलचस्प बात बताने जा रहे हैं।

## माइक्रोवेव लैंडिंग सिस्टम से मदद



## खास डिजाइन किया गया है राफेल-एम

राफेल एम फाइटर जेट को कुछ इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि यह खासतौर से समुद्री विमान पर उतर सकता है और उड़ान भी भर सकता है। इसमें कुछ खास टेक्निकल स्पेशलिटी है, जो कि इसको खास बनाने का काम करती है। इसमें मजबूत लैंडिंग गियर, जंप स्ट्रट नोज व्हील, अरेस्टिंग हुक जैसी चीजें शामिल हैं। ये सभी शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग के लिए जरूरी होती हैं। इसके अलावा राफेल में एक माइक्रोवेव लैंडिंग सिस्टम होता है, जो कि राफेल को शिप पर आसानी से उतरने में मदद करता है।



## अरेस्टिंग हुक का रहता है अहम रोल

राफेल एम के उड़ान भरने से पहले उड़ान दल जहाज की स्थिति और अन्य कारकों समेत जहाज पर उतरने के लिए एक विस्तृत योजना की तैयारी की जाती है। इसके बाद राफेल समुद्री जहाज की ओर आगे बढ़ता है और एक निश्चित ऊंचाई और स्पीड में पहुंचता है। राफेल में एक अरेस्टिंग हुक लगा होता है, जो कि राफेल को जहाज पर उतारने में मदद करता है। यह हुक जहाज की सतह पर एक तार के जरिए जुड़ा होता है और विमान पर इस पर उतरता है तो इस हुक को पकड़ लेता है। राफेल के जहाज पर उतरते ही अरेस्टिंग हुक के जरिए उसको रोका जाता है। राफेल में एक स्पेशल तरह का लैंडिंग गियर लगा होता है, जो इसे जहाज पर उतारने के लिए आसान बनाता है। लैंडिंग गियर जहाज की सतह पर ज्यादा भार सहन कर सकता है और उसे सुरक्षित बनाने में मदद करता है।

## रोचक खबरें




### धूप से बचने के लिए गाड़ी में लगा लिया छप्पर, लोग हुए हैरान

दुनिया में जुगाड़ू लोगों की कमी नहीं है। एक से एक जुगाड़ू भरे पड़े हैं। कभी-कभी तो वो अपने जुगाड़ू ब्रेन का इस्तेमाल करके कुछ ऐसा बना देते हैं, जिसे देखकर आम लोग हैरान रह जाते हैं। उन्हें आश्चर्य होता है कि आखिर कोई ऐसा कैसे कर सकता है। इंटरनेट पर इनदिनों एक ऐसे ही 'जुगाड़ू ताऊ' का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो जिसे इंस्टाग्राम पर far.ziengineer नाम के यूजर ने शेयर किया है में दिखाया गया है कि एक बूढ़े शख्स ने धूप से बचने के लिए अपनी लूना पर छप्पर लगा लिया है। ठीक वैसा ही छप्पर जैसा ई-रिक्शा पर लगा होता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ताऊ ने आयरन रड की मदद से लूना पर छप्पर फिट कर लिया है। वीडियो में दिखाया गया है कि एक चौकोर फ्रेम लूना पर सेट किया हुआ है और उसके ऊपर एक लाल रंग का छप्पर लगा हुआ है। वहीं, उन्होंने फ्रेम में झोला भी टांगकर रखा हुआ है। अनोखी गाड़ी को वो सड़क पर दौड़ा रहे हैं, जिसे लोग बड़ी हैरानी से देख रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो को पोस्ट किए जाने के बाद से लाखों लोग देख चुके हैं। वीडियो को डेढ़ लाख से अधिक लोगों ने लाइक किया है। वीडियो के कमेंट सेक्शन को यूजर्स ने मजेदार कमेंट से भर दिया है। वीडियो पर टिप्पणी करते हुए एक यूजर ने लिखा, "टू-व्हीलर में फोर-व्हीलर वाला मजा। वाह चाचा, आपने तो मौज कर दी।"

### बच्चों को बैठाने के लिए लगाया गजब का जुगाड़, देख-इमोशनल कमेंट की आई बाढ़

बच्चों के लिए जितनी जरूरी मां होती है, उतने ही जरूरी पिता भी होते हैं। मां से जहां बच्चों को जीवन के भावनात्मक पहलू को समझने की सीख मिलती है। वहीं, पिता से उन्हें चीजों लॉजिकल तरीके से देखने की समझ मिलती है। पिता हमेशा मां अलग सोचते हैं। वो बच्चों को खुश रखने के लिए केवल लाड़-प्यार ही नहीं देते बल्कि तरह-तरह के जुगाड़ भी करते हैं। ऐसे ही एक पिता का वीडियो इनदिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में



शख्स बच्चों को लूना पर लेकर जाता दिख रहा है। हालांकि, एक साथ तीन बच्चों को लूना पर बैठाने के लिए उसने जो जुगाड़ लगाया है वो देख इंटरनेट की पब्लिक चौंक गई है। इंस्टाग्राम पर rollrida नाम के यूजर द्वारा शेयर किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि एक शख्स लूना से जा रहा है। गाड़ी के पीछे उसने एक मुर्गों को रखने वाला पिंजरा बांध रखा है, जिसमें दो बच्चे हैं। वहीं, बच्ची को उसने आगे बैठा रखा है। शख्स का वीडियो उसी रास्ते से गुजर रहे किसी कार सवार ने रिकॉर्ड किया है जो अब वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो को अब तक लाखों यूजर्स देख चुके है। वीडियो को 10 लाख से अधिक लोगों ने लाइक किया है। वीडियो को कमेंट सेक्शन में यूजर्स ने मजेदार के साथ ही इमोशनल कमेंट की बाढ़ ला दी है। कुछ यूजर्स ने वीडियो में फन एंगल ढूंढा है, जबकि कुछ ने पिता की तारीफ की है। कुछ यूजर्स ने इसे खतरनाक भी बताया है।

### गूगल में अब तक के 10 सबसे ज्यादा देखे गए यू ट्यूब वीडियो

**नई दिल्ली**। 17 जून 2016 को कोरियाई एजुकेशनल ब्रांड पिंकफॉन्ग ने बेबी शार्क डांस वीडियो लॉन्च किया। इसने यू ट्यूब के इतिहास में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो के रूप में अपनी जगह बनाकर एक मील का पत्थर हासिल किया। इस समय यूट्यूब पर इसके 15 बिलियन से ज्यादा व्यू हैं। इससे यह प्लेटफॉर्म पर 10 बिलियन व्यू को पार करने वाला पहला वीडियो बन गया है। इसके बाद अगर अगला नंबर किसी का आता है तो वह डेस्पासिटो है।




यह लुइस फोंसी द्वारा डैडी यांकी के साथ 2017 में बनाया गया स्पेनिश लैंग्वेज का हिट सॉन्ग है। इसको करीब 8.63 बिलियन बार देखा गया है। यह 2025 तक दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला यूट्यूब वीडियो है। इस प्लेटफॉर्म का फोकस फनी वायरल वीडियो से हटकर प्रोफेशनली तौर पर बनाए गए कंटेंट की तरफ चला गया है। स्टैटिस्टा ने इस बात पर जोर दिया कि अन्य वीडियो कैटेगरी खास तौर पर प्लेटफॉर्म पर ज्यादा ध्यान खींचते हैं। एवेंजर्स: एंडगेम के पहले आधिकारिक ट्रेलर ने अपने पहले 24 घंटों के अंदर 289 मिलियन व्यूज बटोरे , जबकि स्पाइडर-मैन: नो वे होम ने अपने पहले दिन 355 मिलियन से ज्यादा व्यूज के साथ एक नया बेंचमार्क सेट किया। इससे यह अब तक का सबसे वायरल मूवी ट्रेलर बन गया।इसके अलावा, नर्सरी राइम्स जैसे बच्चों के वीडियो ने खास लोकप्रियता हासिल की है। Google के स्वामित्व वाले यू ट्यूब ने वीडियो को काफी बड़े पैमाने पर सुलभ बनाकर डिजिटल युग को मनोरंजन में बदल दिया है।

# दुनिया में हैं कई बड़े रहस्य, जिनके राज नहीं खुल सके हैं अब तक

दुनिया में कई ऐसी रहस्यमय चीजें हैं, जिनका सच शायद ही किसी को पता हो। आज हम आपको अपनी खबर में कुछ ऐसी ही रहस्यमयी चीजों के बारे में बताएंगे जिनका राज आज तक नहीं खुला है। इन रहस्यमयी चीजों के बारे में जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे।

केन्या के रुडोल्फ लेक के पास एक आइलैंड है, जिसे 'नो रिटर्न' आइलैंड कहा जाता है। इस आइलैंड पर कोई नहीं रहता है। कहा जाता है कि कई सालों पहले यहां लोग रहा करते थे, लेकिन एक दिन सभी अचानक गायब हो गए। उनका पता आज तक नहीं चल पाया। कहा जाता है कि आज भी जो इस आइलैंड पर जाता है, वह कभी लौटकर नहीं आता।

## चीनी व्यक्ति



चीन के व्यक्ति थे, जिनका नाम ली चिंग युएन था। इनके बारे में कहा जाता है कि 256 साल की उम्र तक जिंदा था। चीन के रहने वाले ली चिंग दवाइयों के विद्वान थे और इसके लिए उन्हें 100 साल की उम्र में सरकार की तरफ से इनाम भी मिला था। कहा जाता है कि 200 साल की उम्र में भी वह विश्वविद्यालय में लेक्चर देने जाया करते थे। उन्होंने 24 शादियां की थीं, लेकिन उनकी उम्र आज भी रहस्य बनी हुई है।

## 200 साल की उम्र में भी देने जाया करते थे लेक्चर



## गोल पत्थर

तस्वीर में दिख रहे गोल पत्थरों की खोज करीब 1930 के दशक में की गई थी। 16 टन वजनी इन पत्थरों को हाथ से बनाया गया है। सबसे छोटे पत्थर की आकृति किसी टेनिस बॉल जैसी है। घने जंगलों में इस तरह की आकृति बनाना लगभग असंभव है। इन पत्थरों को किसने बनाया, क्यों बनाया, यह आज तक रहस्य ही है।

## क्राप सर्कल

क्रॉप सर्कल दुनियाभर में कई अलग-अलग जगहों पर पायी गई हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह एलियंस का काम हो सकता है, तो किसी को लगता है कि यह चक्रवात जैसे किसी प्राकृतिक आपदा की वजह से बने हैं। लेकिन इतनी सुंदर आकृति को आखिर किसने बनाया, यह रहस्य बरकरार है।



## रहस्यमय जीव

स्कॉटलैंड में एक 200 मीटर गहराई वाली झील में एक रहस्यमय जीव दिखा था। साल 1934 में लंदन के एक डॉक्टर ने अजीबोगरीब जीव की तस्वीर अपने कैमरे में कैद की थी। यह जीव इस तरह का दिख रहा था, जो आज से लाखों साल पहले धरती से विलुप्त हो चुके हैं।

# दादी ने सब्जियां बेचकर पढ़ाया, अपमान का बदला लेने छोड़ी नौकरी, अब आईपीएस

अगर आपके अंदर मेहनत लगन और कुछ करने का जज्बा है, तो आपको सफल होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। यह कहानी भी एक ऐसे ही युवा की है, जिसके सिर से बचपन में ही मां बाप का साया उठ गया। दादी ने किसी तरह उसका पालन पोषण किया और बाद में वह अपनी मेहनत के दम पर पहले कांस्टेबल बना. फिर एक अधिकारी से अपमान का बदला लेने की ठानी और अब आईपीएस बनने वाले हैं। यह युवा उन तमाम यूपीएससी अभ्यर्थियों के लिए एक मिसाल बन गया है, जो जरा जरा सी बात पर निराश हो जाते हैं। यह कहानी है आंध्र प्रदेश के विजयवाडा की. यहां के प्रकाशम जिले के उल्लापालेम गांव के उदयकृष्णा रेड्डी ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 350वीं रैंक हासिल की है।



## कम उम्र में खो दिया मां बाप

उदयकृष्णा का जन्म गरीब परिवार में हुआ। कम उम्र में माता-पिता को खो देने के बाद उनकी दादी रमनम्मा ने सब्जियां बेचकर उनका पालन-पोषण किया। उनके चाचा कोटि रेड्डी ने भी उनका साथ दिया। तेलुगु माध्यम के सरकारी स्कूल में पढ़ाई के बाद उदयकृष्णा का सेलेक्शन 2013 में कांस्टेबल के पद पर हो गया। जिसके बाद उन्होंने गुडलुरु व रामयपट्टनम मरीन पुलिस स्टेशनों में काम किया। एक बार एक वरिष्ठ अधिकारी ने उनका अपमान किया, जिसके बाद उन्होंने ठान लिया कि वे आईपीएस बनेंगे।

## 2018 में छोड़ दी नौकरी


उदयकृष्णा ने आईपीएस बनने के लिए 2018 में पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़ दी और यूपीएससी सिविल सविर्सेज की तैयारी करने लगे। यूपीएससी में वह तीन बार असफल रहे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। चौथे प्रयास में उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में 780वां रैंक हासिल किया, जिसके बाद उनका सेलेक्शन भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लिए हो गया, लेकिन उनका सपना आईपीएस बनना था, इसलिए उन्होंने फिर से कोशिश की और इस बार की परीक्षा में उन्होंने 350वीं रैंक हासिल की. अब वह जल्द ही आईपीएस बनेंगे।



## यह सफलता का राज

उदयकृष्णा ने यूपीएससी परीक्षा पास करने के बाद एक इंटरव्यू में कहा कि युवा अपना ध्यान मत भटकने दें और अपनी इज्जत को कभी कम न होने दें। उनकी सलाह है कि रोजाना 12 घंटे पढ़ाई करें और पूरा सिलेबस कवर करें. बाद में 8-10 घंटे पढ़ाई काफी हो सकती है। कुछ लोग 6-8 घंटे में भी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं।सिलेबस पूरा करने में 1.5 से 2 साल लग सकते हैं। उन्होंने कहा कि 8 घंटे की नींद, अच्छा खाना और योग-ध्यान से तनाव को कम किया जा सकता है।तेलुगु माध्यम में पढ़ने के कारण अंग्रेजी सीखना उनके लिए मुश्किल था. उन्होंने कक्षा 1-10 की अंग्रेजी किताबों के अभ्यास किए, एनसीईआरटी अंग्रेजी पढ़ी और रेमंड मर्फी की ग्रामर किताब से पढ़ाई की जिससे उनकी अंग्रेजी बेहतर हुई.

## सबसे खतरनाक महिला स्नाइपर, जिससे कांपती थी हिटलर की सेना



इतिहास में कई ऐसी महिला हुईं, जिन्हें उनकी वीरता के लिए जाना जाता है। ऐसी ही एक महिला थी ल्यूडमिला पवलिचेंको, जिनका नाम शायद आपने नहीं सुना होगा। इस महिला का नाम इतिहास में दर्ज है। यह महिला इतिहास की सबसे खतरनाक महिला शूटर (स्नाइपर) मानी जाती है। एक ऐसी शूटर जिसने जर्मन तानाशाह हिटलर की नाजी सेना की नाक में दम कर दिया था। इस महिला को सोवियत संघ के 'हीरो' के तौर पर भी जाना जाता है। इस महिला शूटर का नाम ल्यूडमिला पवलिचेंको है। ल्यूडमिला द्वितीय विश्व युद्ध के समय सोवियत संघ की रेड आर्मी में एक बेहतरीन स्नाइपर थीं, वो भी तब जब महिलाओं को आर्मी में नहीं रखा जाता था। लेकिन ल्यूडमिला ने अपने हुनर से न सिर्फ सोवियत संघ बल्कि दुनियाभर में नाम कमाया। कहा जाता है कि सिर्फ 25 साल की उम्र में ल्यूडमिला ने अपनी स्नाइपर राइफल से कुल 309 लोगों को मार गिराया था, जिनमें से अधिकतर हिटलर की फौज के सिपाही थे। स्नाइपर राइफल के साथ अविश्वसनीय क्षमता की वजह से ल्यूडमिला को 'लेडी डेथ' नाम से भी बुलाया जाता था। 12 जुलाई 1916 को यूक्रेन के एक गांव में जन्मीं ल्यूडमिला ने सिर्फ 14 साल की उम्र में ही हथियार थाम लिया था।

# उगा रहे हैं दुनिया का सबसे महंगा मशरूम, 15 करोड़ है दिल्ली के नवीन और पूनम का टर्नओवर

**नई दिल्ली**। आजकल बहुत से किसान हैं, जो खेती से अच्छी कमाई नहीं कर पाते हैं, जिसका कारण होता है उन्हें फसलों के बारे में सही जानकारी न होना. आज हम आपको ऐसे दो किसानों के बारे में बताएंगे, जो पति-पत्नी हैं और इंजीनियर भी, लेकिन उन्होंने नौकरी नहीं की और अपनी खेती को ही व्यवसाय बनाया और आज उनका टर्नओवर लाखों नहीं करोड़ों में है। दरअसल हम बात कर रहे हैं दिल्ली के रहने वाले इंजीनियर पति-पत्नी नवीन और पूनम की. जो दुनिया के सबसे महंगे मशरूम में से एक गुच्छी मशरूम की खेती कर रहे हैं और उससे इनका करोड़ों रुपए का सालाना टर्नओवर है। तो चलिए जानते हैं इन दोनों पति- पत्नी की सफलता की कहानी आपको बता दें, नवीन और पूनम ने एक साथ बीटेक की थी, जिसके बाद नवीन ने मशरूम की खेती करने को ही अपना व्यवसाय बना लिया और अपने पति की मदद करने के लिए अपनी प्राइवेट जॉब छोड़कर पूनम भी इस बिजनेस में आ गई।

## गुच्छी मशरूम क्यों है महंगे और अलग

नवीन ने बताया कि उनके दादा और पिता भी खेती में काफी रुचि रखते थे, इसलिए उन्हें भी खेती में ही कुछ करना था. तभी उन्होंने मशरूम की खेती को ही अपना व्यवसाय बना लिया, लेकिन फिर एक दिन उन्हें गुच्छी मशरूम के बारे में पता चला और इसकी खेती करना शुरू किया। आगे वे बताते हैं, कि यह मशरूम दुनिया का सबसे महंगा मशरूम है।



## 15 करोड रुपए का है सालाना टर्नओवर

नवीन ने बताया, कि बाजार में इस मशरूम का प्रति किलो का रेट 30 हजार के आसपास का है। इसकी यह भी एक बड़ी वजह थी, कि उन्होंने इस मशरूम की खेती करने को अपना व्यवसाय बनाया। आगे उन्होंने बताया, कि इस मशरूम और अन्य कई मशरूम को बेचकर सालाना 15 करोड रुपए का टर्नओवर है और आने वाले साल में हम इस व्यवसाय से करीबन 20 करोड़ रुपए तक टर्नओवर पहुंचा देंगे।

## बिजली की कड़कड़ाहट से इस मशरूम के बीज ट्रिगर

इसकी बड़ी वजह ये हैं, कि बादलों में बिजली की कड़कड़ाहट की आवाज से इस मशरूम के बीज ट्रिगर होते हैं, जिसके बाद ही यह मशरूम उगना शुरू होता है। वहीं, इस मशरूम पर डायरेक्टर ऑफ मशरूम रिसर्च सेंटर सोलन में भी कई तरह की रिसर्च हुई हैं। आगे उन्होंने यह भी बताया, कि खुद भी हमने इस मशरूम को उगाने के कई और तरीके ढूंढ निकाले हैं। लेकिन इन तरीकों के बारे में हम बताना नहीं चाहते हैं और इसे अपने बिजनेस के लिए गुप्त ही रखना चाहते हैं।

# सोने और चांदी में गिरावट से अक्षय तृतीय पर जमकर हुई खरीदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ता भारत में बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने और चांदी की खरीदारी में तेजी आई। कीमतें अधिक होने के बावजूद मूल्यवान धातु की खरीद को लेकर आकर्षण बना रहा।

- दिन के पहले पहर में दक्षिण भारत में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रही

आभूषण विक्रेताओं के संगठन अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने अनुमान लगाया है कि पिछले साल की तुलना में मूल्य के लिहाज से सोने की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दिन के पहले पहर में दक्षिण भारत में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रही तथा महाराष्ट्र तथा उत्तरी राज्यों में भी शाम के समय तक इसमें वृद्धि दर्ज की गई।

## पिछले साल की तुलना में बिक्री में 35 फीसदी की वृद्धि दर्ज

### सोने, हीरे तथा चांदी में रुचि बनी रही

पीएनजी ज्वैलर्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल ने कहा कि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद उपभोक्ता धारणा सकारात्मक बनी रही। सोने, हीरे तथा चांदी के आभूषणों में लगातार रुचि बनी रही। मूल्य के हिसाब हमें 20-25 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है जो बाजार के मजबूत होने का एक अच्छा संकेत है।'

*16,000 करोड़ रुपए का कारोबार : अखिल भारतीय आभूषण एवं स्वर्णकार महासंघ के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने अनुमान लगाया है कि लगभग 12 टन सोना बिकेगा, जिसकी कीमत लगभग 12,000 करोड़ रुपए होगी। करीब 400 टन चांदी बिकेगी, जिसकी कीमत 4,000 करोड़ रुपए होगी। इस प्रकार कुल 16,000 करोड़ रुपए का कारोबार होने का अनुमान है।*



### पिछले साल 20 टन सोना बिका था

रोकड़े ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि सोने की बिक्री पिछले साल के 20 टन के स्तर पर स्थिर रहेगी। हालांकि, मूल्य के संदर्भ में, सोने की बिक्री में 35 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।' अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना दक्षिण भारत में व्यापक रूप से प्रचलित परंपरा है, जो बढ़ती जागरूकता के साथ धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई है।

### पिछले साल से इस साल सोना 37 फीसदी महंगा

देश के विभिन्न हिस्सों में सोने की कीमतें 99,500 रुपए से 99,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच रही, जो 2024 में अक्षय तृतीया पर 72,300 रुपए से 37.6 प्रतिशत अधिक है। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने बताया कि जो उपभोक्ता ऊंचे दामों पर सोना खरीदने से हिचकिचा रहे थे, वे अब खरीदारी कर रहे हैं क्योंकि कीमतें उच्च स्तर पर जाने के बाद लगभग स्थिर हो गई है।

## खबर संक्षेप

### वेदांता का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 154 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 154.4 प्रतिशत बढ़कर 3,483 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 1,369 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### पंजाब एंड सिंध बैंक का लाभ दो गुना से अधिक



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक का वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ दो गुना से अधिक होकर 313 करोड़ रुपये रहा। बैंक को फंसे कर्ज में कमी और मुख्य आय में वृद्धि से मदद मिली है। बैंक का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 139 करोड़ रुपये रहा था।

### बीपीसीएल का शुद्ध लाभ 24 फीसदी घटा



**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का एकल आधार पर शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 24 प्रतिशत घटकर 3,214.06 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि सब्सिडी वाले घरेलू रसोई गैस एलपीजी की बिक्री में घाटे और कम रिफाइनिंग मार्जिन के कारण उसका मुनाफा घटा।

### अस्थिर बाजार के कारण एलजी ने आईपीओ टाला



**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाई के प्रस्तावित आईपीओ को टाल दिया है। दक्षिण कोरियाई कारोबारी समूह चैबोल मई के दूसरे सप्ताह में आईपीओ लाने और उसके बाद एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहा था।

### आर्सेलरमित्तल के लाभ में 14 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक इस्पात विनिर्माता आर्सेलरमित्तल की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 80.5 करोड़ डॉलर पर आ गया। वैश्विक चुनौतियों के बीच कम बिक्री होने से इसका मुनाफा घटा है। भारतीय बाजार में भी अच्छी मौजूदगी रखने वाली आर्सेलरमित्तल ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### फिलिप्स को कारोबार दहाई अंकों में बढ़ने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** नीदरलैंड की कंपनी फिलिप्स को अपने 'प्रमुख बाजार' भारत में अपना कारोबार अल्पावधि से लेकर मध्यावधि में दहाई अंकों में बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह संभावना जताई। फिलिप्स के क्षेत्रीय प्रमुख (निजी स्वास्थ्य) विद्युत कौल ने कहा कि भारत के अगले पांच वर्षों में कंपनी के शीर्ष पांच बाजारों में आने की क्षमता है और उसे दहाई अंकों की वार्षिक वृद्धि से मदद मिलेगी। भारत वर्तमान में फिलिप्स के शीर्ष 10 बाजारों में से एक है।

## आईटीआर फॉर्म एक और चार किए गए अधिसूचित

# आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म किए अधिसूचित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर फॉर्म एक और चार को अधिसूचित किया है। इसके साथ सूचीबद्ध शेयरों से 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ वाले व्यक्तियों के लिए रिटर्न दाखिल करना आसान बनाया गया है।

सरकार ने 80सी, 80जीजी और अन्य धाराओं के तहत दावा की गई कटौती के संबंध में फॉर्म में कुछ बदलाव किए हैं। साथ ही, करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में आईटीआर में खंडवार पूरा विवरण प्रस्तुत करना होगा। एक बार जब आयकर विभाग द्वारा आईटीआर दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी, तो लोग वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए आईटीआर दाखिल करना शुरू कर सकते हैं।

### ऑडिट नहीं करवाने वालों के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि

व्यक्तियों तथा जिन लोगों को अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। आम तौर पर, आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले फरवरी/मार्च के आसपास अधिसूचित किए जाते हैं।



### सुगम 50 लाख तक की आय वाले कर सकते हैं दाखिल

'सुगम' को ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) और कंपनियों(सीमित देयता भागीदारी के अलावा) द्वारा दाखिल किया जा सकता है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक हो और व्यवसाय से और कोई पेशेवर आय हो। आईटीआर-2 उन व्यक्तियों और एचयूएफ द्वारा दाखिल किया जाता है जिनकी आय, व्यवसाय या पेशेवर लाभ या प्राप्ति से नहीं होती है।

*रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया सरल हुई : यह कदम व्यक्तिगत करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाकर करदाता सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। इस बदलाव से स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा मिलने, दस्तावेज दाखिल करने संबंधित तनाव कम होने और छोटे करदाताओं के लिए प्रणाली को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने की उम्मीद है।"*

### वेतनभोगी को आईटीआर-2 दाखिल करना होता है

नांगिया एंडरसन एलएलपी के कर साझेदार संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि अब तक पूंजीगत लाभ के अंतर्गत आने वाले वेतनभोगी व्यक्तियों को आईटीआर-2 फॉर्म दाखिल करना होता था। भले ही धारा 112ए के तहत निर्धारित सीमा के कारण पूंजीगत लाभ को छूट प्राप्त हो, जिसके परिणामस्वरूप पूंजीगत लाभ की प्राप्ति, प्रतिभूतियों के विवरण आदि सहित विस्तृत जानकारी की आवश्यकताएं होती थीं।

- दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ वालों के लिए रिटर्न दाखिल आसान बनाया
- सरकार ने 80सी व 80जीजी के दावा कटौती के फार्म में बदलाव किया
- करदाताओं को टीडीएस कटौती के संबंध में खंडवार विवरण देना होगा

*1.25 लाख तक एलटीसीजी को कर से छूट : आयकर कानून के तहत, सूचीबद्ध शेयर और म्यूचुअल फंड की बिक्री से 1.25 लाख रुपये तक के एलटीसीजी को कर से छूट दी गई है। 1.25 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक के लाभ पर 12.5 प्रतिशत कर लगता है।*

### आईटीआर-1 में विदेश यात्रा की जानकारी मांगी गई

पिछले साल के फॉर्म की तरह, आईटीआर-1 में भी व्यक्तियों से यह जानकारी मांगी गई है कि क्या उन्होंने अपने या किसी अन्य व्यक्ति के लिए विदेश यात्रा पर दो लाख रुपये से अधिक का खर्च किया है। इसमें यह भी जानकारी मांगी गई है कि क्या करदाता ने पिछले वर्ष के दौरान बिजली की खपत पर एक लाख रुपये से अधिक खर्च किया है।

### सहज मध्यम करदाताओं के लिए

आईटीआर फॉर्म 1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) सरल फॉर्म हैं जो बड़ी संख्या में छोटे तथा मध्यम करदाताओं की जरूरतों के अनुरूप हैं। 'सहज' को ऐसे व्यक्ति दाखिल कर सकते हैं, जिसकी वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक हो और जो वेतन, एक मकान की संपत्ति, अन्य स्रोतों (ब्याज) तथा कृषि आय से 5,000 रुपये प्रति वर्ष तक की आय प्राप्त करता हो।

## नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन 2025 में शीर्ष रैंक के साथ परचम लहराया

**हैदराबाद।** नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन 2025 के नतीजों में अपने शानदार प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है। ओपन कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 1 और टॉप 100 में 25वां स्थान हासिल किया है। नारायणाइट्स ने ओपन कैटेगरी की टॉप 100 रैंक में एआईआर 1, 9, 12, 13, 19, 20, 21, 22, 24, 25, 26, 36, 36, 45, 47, 59, 60, 67, 80, 81, 84, 86, 87 और 95 हासिल किए। नारायण के छात्र वाणीव्रत माजी ने 300/300 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय टॉपर के रूप में उभरे - जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र छात्र विकास के लिए संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर, नारायणा के छात्रों ने अखिल भारतीय ओपन श्रेणी में शीर्ष 20 में से 6 रैंक भी हासिल की: शिवेन विकास तोशिनीवाल - एआईआर 9 एन-प्रेप, गुजरात, सौरव - एआईआर 12 एन-प्रेप, उत्तर प्रदेश, अर्चिस्मान नंदी - एआईआर 13 एन-प्रेप, पश्चिम बंगाल, सानिध्य सराफ - एआईआर 19 महाराष्ट्र, और आयुष सिंघल - एआईआर 20 राजस्थान, जो पूरे देश में नारायणा के मजबूत प्रभाव को दर्शाता है। अत्यधिक गर्व के साथ, श्रीमती पी. रामादेवी, कोर प्रबंधन समिति के सदस्य, डॉ. पी. सिंधुरा, और सुश्री पी. शरणी, नारायणा शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, ने छात्रों के अटूट समर्पण, उनके परिवारों के दृढ़ समर्थन और सभी हितधारकों के सपनों को पूरा करने में नारायणा में शैक्षणिक और प्रशासनिक टीमों के अथक प्रयासों की सराहना की। श्रीमती पी. रामादेवी ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, ''इस साल जेईई मेन के नतीजों में नारायण की निरंतरता एक बार फिर स्पष्ट है। पिछले छह वर्षों में यह तीसरी बार है जब नारायण ने एआईआर 1 हासिल किया है। इसके अलावा, पिछले पाँच वर्षों में, नारायण के छात्रों ने सभी शीर्ष 10 रैंक में से 21 प्रतिशत हासिल किए हैं। '' नारायण शैक्षणिक संस्थानों नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की निदेशक सुश्री पी. शरानी ने कहा, ''हमारे स्वामित्व वाले लर्निंग प्लेटफॉर्म, एनलर्न ने छात्रों को एक अलग प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दी है। वास्तविक समय की प्रगति ट्रैकिंग के साथ, शिक्षक प्रश्नों का तुरंत जवाब देने में सक्षम थे, जिससे तैयारी में काफी सुधार हुआ। हमारे समर्पित संकाय और तकनीक से प्रेरित बुनियादी ढाँचा सपनों को पूरा करने के प्रति नारायण की प्रतिबद्धता का आधार है, क्योंकि नारायण में,

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 46 अंक गिरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की तेजी के बाद बुधवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली के बीच बाजार लगभग स्थिर रहा। शेयर बाजार बृहस्पतिवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के अवसर पर अवकाश होने के कारण बंद रहेंगे। बाजार में व्याप्त नकारात्मक धारणा को विदेशी पूंजी की आवक जारी रहने से थोड़ा समर्थन मिला और गिरावट पर लगाम लगा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक गिरकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 1.75 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,334.20 पर बंद हुआ।


- बजाज समूह की दोनों कंपनियों में बिकवाली रही
- नकारात्मक धारणा के बावजूद विदेशी संस्थाओं ने किया निवेश

*मारुति के शेयर में रही बढ़त : दूसरी तरफ, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। बीएसई पर छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 1.74 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.72 प्रतिशत की गिरावट पर रहा। स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के अवसर पर अवकाश होने के कारण बंद रहेंगे।*

### इन शेयरों में रही गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फिनसर्व में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई जबकि बजाज फाइनेंस में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील और एशियन पेंट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए।

## सिएट का लाभ 3 फीसदी घटकर 99 करोड़ रुपए...



**नई दिल्ली।** टायर विनिर्माता कंपनी सिएट का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में तीन प्रतिशत घटकर 99 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 102 करोड़ रुपये रहा था। चौथी तिमाही में परिचालन से होने वाली आय बढ़कर 3,421 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,992 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ 26 प्रतिशत घटकर 471 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह 635 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में परिचालन आय बढ़कर 13,218 करोड़ रुपये हो गयी, जो एक साल पहले 11,943 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 30 रुपये (300 प्रतिशत) का लाभांश देने की सिफारिश की है।

# चीन के निर्यात ऑर्डर में अप्रैल में आई गिरावट

- चीन के उत्पादों पर अमेरिकी शुल्क का पड़ा प्रभाव
- अप्रैल में निर्यात ऑर्डर में भी कमी आई

एजेंसी ▶▶| हांगकांग



चीन से उत्पादों के अमेरिकी आयात पर उच्च शुल्क का असर अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। चीन के लॉजिस्टिक्स एंड परचेजिंग फेडरेशन द्वारा किए गए आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार, अप्रैल में निर्यात ऑर्डर में कमी आई है।

अमेरिकी प्रशासन ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का आदेश दिया है जिसका असर अब उसके निर्यात पर दिखने लगा है। हालांकि, चीन ने भी इसके जवाब में अमेरिकी वस्तुओं 125 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

*आईएमएफ ने परिदृश्य खराब रहने की बात कही : अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएफएफ) ने भी हाल ही में इस और अगले वर्ष अमेरिका तथा वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए परिदृश्य काफी खराब रहने की बात कही थी। उसने अनुमान लगाया कि इस वर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मात्र 2.8 प्रतिशत रहेगी, जो जनवरी में लगाए गए 3.3 प्रतिशत के अनुमान से कम है।*

# आईपीओ लाने के पहले शेयरधारकों के लिए डीमैट खाता हो अनिवार्य : सेबी

- सेबी ने अनिवार्य करने के लिए रखा प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दस्तावेज दाखिल करने से पहले कंपनी के निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों और मौजूदा कर्मचारियों सहित चुनिंदा शेयरधारकों के लिए डीमैट रूप में शेयर रखने को अनिवार्य करने का बुधवार को प्रस्ताव रखा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के इस प्रस्ताव को अगर लागू किया जाता है, तो भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से जुड़ी अक्षमताओं और जोखिमों को खत्म करने में मदद मिलेगी। भौतिक शेयरों के साथ चोरी, जालसाजी और हस्तांतरण और निपटान में देरी जैसे जोखिम जुड़े होते हैं। बाजार नियामक ने इस प्रस्ताव पर 20 मई तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा, /"विभिन्न नियामकीय निर्देशों और सुविधा तंत्रों के बावजूद आईपीओ-पूर्व शेयरधारकों, जैसे निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों वरिष्ठ प्रबंधन, विक्रेता शेयरधारकों और यहां तक कि पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के बीच भी भौतिक शेयरों की महत्वपूर्ण मात्रा बनी रहती है। इससे एक नियामकीय अंतराल पैदा होता है जो सूचीबद्धता के बाद भी भौतिक शेयरों की अच्छी मात्रा बनाए रखने की अनुमति देता है।/

# सरकार ने गन्ने के लाभकारी मूल्य में की 15 रुपए की वृद्धि



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- लाभकारी मूल्य 4 .41 फीसदी बढ़ाकर 355 रुपए प्रति क्विंटल की
- 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का एमआरपी 340 रुपए प्रति क्विंटल है

सरकार ने बुधवार को अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी 2025-26 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 4.41 प्रतिशत बढ़ाकर 355 रुपये प्रति क्विंटल करने का फैसला किया।

गन्ना किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। चालू 2024-25 सत्र के लिए गन्ने का एफआरपी 340 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। केंद्र सरकार एफआरपी तय करती है, जो अनिवार्य न्यूनतम मूल्य है। चीनी मिलें गन्ना किसानों को उनकी उपज के लिए यह मूल्य देने को कानूनी रूप से बाध्य हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीसीईए की बैठक के बाद बताया कि मूल वसूली दर यानी प्रसंस्करण के दौरान गन्ने से प्राप्त चीनी 10.25 प्रतिशत रहने पर 355 रुपये प्रति क्विंटल का एफआरपी स्वीकृत किया गया है। गन्ने से चीनी प्राप्ति 10.25 प्रतिशत से अधिक होने पर प्रत्येक 0.1 प्रतिशत वृद्धि के लिए किसानों को 3.46 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम दिया जाएगा।

इसी तरह दर कम होने पर प्रत्येक 0.1 प्रतिशत कमी के लिए एफआरपी में 3.46 रुपये प्रति क्विंटल की कमी की जाएगी। इस तरह 9.5 प्रतिशत की दर पर किसानों को 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा।

### गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपए प्रति क्विंटल

बयान के अनुसार चीनी सत्र 2025-26 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति क्विंटल है। ऐसे में 10.25 प्रतिशत चीनी प्राप्ति दर पर 2025-26 के लिए निर्धारित 355 रुपये प्रति क्विंटल का एफआरपी उत्पादन लागत से 105.2 प्रतिशत अधिक है।

## पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव से अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा

# भारतीय एयरलाइंस की लागत 77 करोड़ सप्ताह में बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई/ नई दिल्ली

भारतीय एयरलाइंस को पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच देश के उत्तरी शहरों से संचालित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए प्रति सप्ताह 77 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है। हवाई क्षेत्र पर लगी रोक के कारण विमानन ईंधन की खपत बढ़ने और उड़ान की अवधि लंबी होने के कारण ऐसा होगा।

- हवाई क्षेत्र में रोक के कारण विमान ईंधन का खर्च बढ़ जाएगा

विदेशी उड़ानों की संख्या और उड़ान अवधि बढ़ने के साथ ही अनुमानित खर्चों के बारे में एक विश्लेषण से पता चला कि एयरलाइंस की अतिरिक्त मासिक परिचालन लागत 306 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। पहलगाम आतंकी हमले के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है।

### डेढ़ घंटे का अतिरिक्त समय लग रहा

इस बीच पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय एयरलाइंस को अपने हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से रोक देगा। वैकल्पिक उड़ान मार्ग अपनाने से दिल्ली और उत्तर भारतीय शहरों से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 1.5 घंटे तक का अतिरिक्त समय लग रहा है। इसकी वजह से विमानन ईंधन की खपत भी बढ़ गई है।



*800 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें : भारतीय एयरलाइंस उत्तर भारतीय शहरों से उत्तरी अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और पश्चिम एशिया सहित विदेशी गंतव्यों के लिए 800 से अधिक साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती हैं।*

*मासिक खर्च 307 करोड़ रुपए होगा विश्लेषण के अनुसार कुल अतिरिक्त मासिक खर्च लगभग 307 करोड़ रुपये और साप्ताहिक आधार पर 77 करोड़ रुपये होगा। ये आंकड़े मोटे अनुमान पर आधारित हैं।*

*पश्चिम एशिया की उड़ानों में 45 मिनट अधिक लगेगा : अधिकारी ने बताया कि पश्चिम एशिया की उड़ानों के मामले में अतिरिक्त समय करीब 45 मिनट होगा और इसके चलते लागत करीब पांच लाख रुपये बढ़ जाएगी। विमानन विश्लेषण फर्म सिरियम के मुताबिक, भारतीय विमानन कंपनियां अप्रैल में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए एकतरफा 6,000 से अधिक उड़ानें संचालित करने वाली हैं।*

### उड़ान पर 29 लाख की लागत आएगी

वाणिज्यिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाले एयरलाइन उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उत्तरी अमेरिका की 16 घंटे की उड़ान के लिए अब करीब 1.5 घंटे का समय और लगेगा। इस 1.5 घंटे की अतिरिक्त उड़ान पर करीब 29 लाख रुपये की लागत आएगी। इसी तरह, यूरोप के लिए नौ घंटे की उड़ान पर भी करीब 1.5 घंटे का अतिरिक्त समय लगेगा और इस पर लागत करीब 22.5 लाख रुपये बढ़ जाएगी।

30- APR- COR- MAIN- Pg- 8 SEHAT_Layout 1 4/30/2025 8:48 PM Page 1





**फिटनेस फंडा / सावी ठाकुर**

# फिटनेस के लिए डेली टाइम निकालना जरूरी है



सन नियो चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'रिश्तों से बंधी गौरी' में रुद्र का रोल निभा रहे एक्टर सावी ठाकुर बहुत फिट दिखते हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए सावी क्या कुछ करते हैं, डिटेल में यहां बता रहे हैं, अपनी जुबानी।

अभिनेता सावी ठाकुर ने हाल ही में अपने फिटनेस रुटीन और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर कई खास बातें साझा कीं। वे कहते हैं, 'फिटनेस को इतना कठिन बनाना जरूरी नहीं है, बस हर दिन खुद के लिए समय निकलना मायने रखता है। बिजी शूटिंग शेड्यूल के बावजूद मैं अपनी हेल्थ और फिटनेस को प्रियोरिटी मानता हूं। इसीलिए वर्क और हेल्थ के बीच बैलेंस बनाकर चलने में विश्वास रखता हूं।' आगे वह अपने फिटनेस रूटीन के बारे में डिटेल में बताते हैं।

**करनी होती है प्रॉपर प्लानिंग:** मैं वर्कआउट को जिंदगी का जरूरी हिस्सा मानता हूं। यही वजह है कि एक्टिंग की व्यस्तता और फिटनेस के बीच तालमेल बिठाने के लिए मुझे प्लानिंग की जरूरत होती है। मैं वर्कआउट को एक जरूरी अपॉइंटमेंट की तरह मानता हूं और उसे अपने डेली कैलेंडर में शामिल करता हूं, ताकि नियमितता बनी रहे। मेरे वर्कआउट प्लान, फ्लेक्सिबल होते हैं, जिन्हें हर दिन के हिसाब से बदला जा सकता है। बहुत व्यस्त दिनों में मैं छोटे, लेकिन असरदार हाई इंटेंसिटी वाले वर्कआउट्स करता हूं या ऐसे बॉडीवेट एक्सरसाइज चुनता हूं, जो कहीं भी किए जा सकते हैं।



**लेता हूं बैलेंस्ड डाइट:** मेरी अच्छी हेल्थ और फिटनेस का बेस बैलेंस्ड डाइट है। मैं ऐसे कंप्लीट और न्यूट्रिएंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देता हूं, जो मुझे दिनभर ऊर्जा देते हैं और रिकवरी में मदद करते हैं। बैलेंस्ड डाइट न सिर्फ मेरे शरीर को बल्कि दिमाग को भी चुस्त बनाए रखता है, जो इस इंडस्ट्री के मल्टी डायमेंशनल वर्क के लिए बेहद जरूरी है।

**मेंटल हेल्थ के लिए:** मेरा मानना है कि रेग्युलर वर्कआउट करने से मेरी मेंटल हेल्थ भी अच्छी रहती है। डेली वर्कआउट मुझे तनाव से दूर रखता है, मूड बेहतर करता है और ध्यान केंद्रित रखने में मदद करता है। जब हालात चुनौतीपूर्ण होते हैं, तो पसीने में बहते एंडॉर्फिन केमिकल, मुझे पॉजिटिव बनाए रखते हैं। मैं मानता हूं कि इस इंडस्ट्री में एक अट्रैक्टिव लुक का दबाव जरूर होता है, लेकिन मैं बाहरी अपेक्षाओं की बजाय अपनी ओवरऑल हेल्थ और स्ट्रेंथ को प्राथमिकता देता हूं। मैं अपने लिए खुद के फिटनेस गोल सेट करता हूं और उसी पर ध्यान केंद्रित करता हूं।

**इनका भी रखता हूं ध्यान:** फिटनेस को मेंटेन करने के लिए प्रॉपर डाइट और रेग्युलर एक्सरसाइज के अलावा रूटीन लाइफस्टाइल में भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है। जैसे-मैं लिफ्ट की जगह सीढ़ियां लेना, पानी खूब पीना और नींद पूरी करना जैसे छोटे लेकिन असरदार काम रोजाना करता हूं। इन आदतों को दिनचर्या में शामिल कर मैं काम में बिना किसी समझौते के अपनी हेल्थ और फिटनेस को बनाए रखता हूं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**



**डॉक्टर एडवाइस**

**डॉ. रवि डोसी**
**सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर**

**स्पेशल: वर्ल्ड अस्थमा डे, 6 मई**

आंकड़ों के मुताबिक 34.3 मिलियन से अधिक लोग देश में दमा यानी अस्थमा से ग्रस्त हैं। जबकि (ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर अस्थमा का अनुमान) 33 करोड़ से अधिक व्यक्ति दुनिया भर में दमा से ग्रस्त हैं। यहां बता रहे हैं, अस्थमा के कारणों, लक्षणों, प्रकार, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# इनहेलर से कंट्रोल रहेगा अस्थमा

सांस नलिकाओं में सूजन और सिकुड़न को दमा कहते हैं। दमा के ज्यादातर मामले एलर्जी से संबंधित होते हैं। आमतौर पर जिन कारणों से दमा की समस्या बढ़ती है, उन्हें एलर्जंस कहा जाता है। धूल, धुआं, उमस, नमी, कारपेट में माइट्स, केमिकल युक्त पेंट, विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ और मौसम में बदलाव आदि एलर्जंस के कारण बन सकते हैं। ऐसे में लोगों को इसके प्रति अवेयर करने के लिए वर्ल्ड अस्थमा डे मनाया जाता है। इस बार वर्ल्ड अस्थमा डे की थीम है, 'मेक इन्हेल्ड ट्रीटमेंट्स एसेंसिबल फॉर ऑल।' इस थीम का आशय है क सांस के माध्यम से दी जाने वाली दवाओं या इनहेलर चिकित्सा को सभी लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाए। दुनिया भर में दमा (अस्थमा) के मामले बढ़त पर हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में भी लगभग पांच प्रतिशत लोग दमा से ग्रस्त हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब दमा को प्रभावशाली रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।

## प्रमुख लक्षण

वयस्कों और बच्चों में अस्थमा के लक्षण लगभग एक समान होते हैं। जैसे-कुछ दूर चलने पर या थोड़ा सा परिश्रम करने पर सांस फूलना। सांस लेने में तकलीफ के कारण गहरी सांस न ले पाना। सीने में जकड़न। खांसी (सूखी या बलगम वाली) आना। सांस बाहर छोड़ते समय सीटी जैसी आवाज या घरघराहट होना।

## बच्चों में दमा के प्रकार

**अर्ली व्हीजर:** बच्चों में दमा के लगभग एक तिहाई ऐसे मामले 14 साल की उम्र तक खत्म हो जाते हैं और उसके बाद इस रोग की जीवन में दोबारा पुनरावृत्ति नहीं होती है।



**मॉडरेट व्हीजर:** ऐसा अस्थमा 14 साल की उम्र तक खत्म हो जाता है, लेकिन 35 से 36वें साल में यह समस्या दोबारा सिर उठाती है।


**परसिस्टेंट व्हीजर:** यह प्रकार बचपन से शुरू होता है और फिर जीवन भर बना रहता है।

## डायग्नोसिस

बच्चों में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) 14 साल से पहले नहीं किया जाता। इसलिए इंपल्स ऑसिलोमीटर से उनकी जांच की जाती है। इसके अलावा बच्चों की फैमिली हिस्ट्री मालूम कर और क्लीनिकल जांचों के जरिए उनका इलाज किया जाता है।

## बच्चों में दमा का उपचार

नवजात शिशुओं में दमा होने पर नेबुलाइजेशन थेरेपी देते हैं। इसके अलावा उन्हें सिरप के रूप में दवा दी जाती है। जरूरत पड़ने पर 3 से 5 साल तक के बच्चों के इलाज में नेबुलाइजेशन थेरेपी का सहारा लेते हैं। पांच से बारह साल तक के बच्चों को मीटर डोज इनहेलर से दवा देते हैं। इसके अलावा उन्हें ओरल डोज भी दी जाती है। 13 से 17 साल के किशोरों को इनहेलर के जरिए दवा देते हैं। इसके अलावा उन्हें एंटी एलर्जिक दवाएं भी देते हैं।



## वयस्कों में दमा का इलाज

**इम्यूनोथेरेपी:** अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार एलर्जी से होने वाले दमा में इम्यूनोथेरेपी काफी हद तक कारगर है। इसके अंतर्गत मरीज को दवाएं और इंजेक्शन देते हैं।

**इनहेलर का इस्तेमाल:** इनहेलर से दमा की दवा लेना काफी कारगर साबित हो रहा है। डॉक्टर की सलाह से इनहेलर लें।

## अस्थमा अटैक से पहले क्या करें

**पीक एक्सपिरेटरी फ्लोमीटर से रीडिंग:** सांस फूलना, सीने में जकड़न आदि दमा के लक्षणों के महसूस होने पर पीक फ्लोमीटर का इस्तेमाल हो रहा है। इस डिवाइस में फूंक मारकर यह पता लगाया जाता है कि अमुक व्यक्ति का पीक एक्सपिरेटरी फ्लो रेट क्या है। हफ्ते में 3 दिन इस फ्लोमीटर का इस्तेमाल करने से आपको दमा का दौरा पड़ने के बारे में पहले से ही सजग हो जाने की जानकारी मिल सकती है। अगर पीक एक्सपिरेटरी फ्लो रेट (पीईएफआर) 80 से ऊपर है तो स्थिति ठीक-ठाक है। इस रीडिंग को 'ग्रीन जोन' कहते हैं। अगर रीडिंग 50 से 80 है तो इसे 'यलो जोन' कहा जाता है। यह स्थिति सजग करने वाली है। इस स्थिति में डॉक्टर दवा की डोज बढ़ाने का परामर्श देते हैं। अगर पीईएफआर 50 से कम है तो इस स्थिति को 'रेड जोन' कहा जाता है। यह गंभीर स्थिति है, जो दमा का दौरा पड़ने के खतरे का सूचक है। इस गंभीर स्थिति में डॉक्टर से परामर्श लें और उस पर अमल करें। अस्पताल जाने की नौबत भी आ सकती है।

**कंट्रोलर इनहेलर का इस्तेमाल:** डॉक्टर के परामर्श से कंट्रोलर इनहेलर का नियमित रूप से इस्तेमाल करें। कंट्रोलर इनहेलर सांस नलिकाओं में सूजन और सिकुड़न को कम करते हैं। दमा के लक्षणों को नियंत्रित कर ये दौरे के खतरे को काफी हद तक खत्म कर देते हैं। दमा का दौरा पड़ने पर रिलीवर इनहेलर का शीघ्र इस्तेमाल करें। दौरे की स्थिति में रोगी बेचैनी महसूस करता है तो ऐसी स्थिति में रिलीवर इनहेलर से शीघ्र राहत मिलती है। इन दिनों रिलीवर और कंट्रोलर इनहेलर का कॉम्बिनेशन भी उपलब्ध है।

## ऐसे करें बचाव

- धूम्रपान, दमा रोगियों के लिए ट्रिगर का काम करता है। इसलिए धूम्रपान बंद कर दें, क्योंकि इससे सांस नलियों को धीरे-धीरे क्षति पहुंचती है।
- वाहनों से निकलने प्रदूषण और अन्य प्रकार के वायु प्रदूषक तत्वों से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनें।
- स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें। नियमित रूप से व्यायाम करें। एक निश्चित समय पर नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन करें। जंक फूड्स और अधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- ठंडी तासीर वाली चीजों से दूर रहें।
- डॉक्टर के परामर्श से ही इनहेलर का इस्तेमाल करें। डॉक्टर द्वारा बताए गए निश्चित समय पर ही दवाएं लें। सफर या घर से बाहर जाते समय अपनी दवाओं को साथ रखें।
- खट्टे फलों जैसे संतरा, नीबू, मौसंबी और आंवले से बने उत्पादों का सेवन करें। इनमें विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। प्रतिदिन एक संतरे का सेवन दमा रोगियों के लिए लाभप्रद है।
- कुछ लोगों को व्यायाम करने से भी दमा की समस्या हो सकती है। ऐसे लोग समस्या होने पर डॉक्टर से परामर्श लें। बेहतर होगा व्यक्ति व्यायाम करने से पहले अपने डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। डॉक्टर व्यायाम करने से पहले ऐसे लोगों को इनहेलर लेने का परामर्श दे सकते हैं।



- फेफड़ों से संबंधित व्यायाम के लिए इन दिनों बाजार में लंग एक्सरसाइजर उपलब्ध हैं। जैसे 3 बॉल इंसेंटिव स्पाइरोमीटर जिनका इस्तेमाल डॉक्टर के परामर्श से करना चाहिए। लंग एक्सरसाइजर आपके फेफड़े को सशक्त करने में सहायक हो सकते हैं। स्पाइरोमीटर ऐसा डिवाइस है, जिसके जरिए आपको फेफड़ों की कार्य क्षमता को बढ़ाकर इन्हें स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### उपयोगी सांस संबंधी व्यायाम



**प्राणायाम और योगासन:** दमा रोगियों के लिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम लाभप्रद है। यह प्राणायाम 'अल्टरनेट नॉस्ट्रिल ब्रीदिंग' है यानी इसके अंतर्गत बाएं और दाहिने नासिका छिद्र का प्रयोग सांस लेने और इसे बाहर निकालने के लिए बारी-बारी से किया जाता है। योगासनों में भुजंगासन और सूर्य नमस्कार आदि हितकर हैं। बेहतर होगा कि योग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर ही प्राणायाम और योगासन करें।

**गहरी सांस लें:** अपने फेफड़ों की क्षमता के अनुसार जहां तक संभव हो गहरी सांस लें।

**तैराकी:** तैराकी या स्विमिंग से भी फेफड़े सशक्त होते हैं। तैराकी के दौरान पानी के अंदर सांस रोकी जाती है, जिसे फेफड़ों की कार्य क्षमता बढ़ती है।

**रिब स्ट्रेच:** रिब यानी पसली को स्ट्रेच करना। रिब स्ट्रेच के अंतर्गत फेफड़ों इस तरह से सांस लेनी पड़ती है कि इसे ग्रहण करते समय आपकी पसलियां खुलें और सास बाहर निकालते समय सिकुड़ें। फिटनेस एक्सपर्ट से इसकी जानकारी लें।

**कार्डियो एक्सरसाइज:** फेफड़ों और हृदय की क्षमता बढ़ाने में कार्डियो एक्सरसाइज अत्यंत लाभप्रद हैं। प्रतिदिन लगभग 30 मिनट तक कार्डियो एक्सरसाइज करें। अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार जॉगिंग और रनिंग करें।

**पुश-अप्स:** पुश अप्स रेग्युलर करते रहने से आपके फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है। यह उम्दा लंग एक्सरसाइज है, जिसे अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन करें।

**सजेशन / राजकुमार दिनकर**

# तब पाचन क्रिया रहेगी सही

आज की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में हम सब अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो रहे हैं, जिसकी वजह से हमें काफी परेशानियां होती हैं और इसका सबसे बड़ा कारण खाने-पीने में हमारी अनियमितता है। यही वजह है कि खाने-पीने की गलत आदतें हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही हैं। इनसे बचने के लिए यहां बताई जा रही बातों पर अमल करें।

- खाना खाने से आधा घंटा पहले एक गिलास गुनगुना पानी पीएं ताकि खाने के दौरान कम पानी पीएं। रात के खाने के आधे घंटे बाद हल्का गर्म पानी पीएं।
- कुछ लोग स्वाद लेने के लिए ही बार-बार खाना खाते हैं। इससे ज्यादा खाया जाता है और नींद भी अच्छी नहीं आती।



- हमें भोजन को कम से कम 30 से 35 बार चबाकर खाना चाहिए। अकसर लोग 10 से 15 बार चबाकर ही जल्दी जल्दी निगल लेते हैं, इससे कब्ज होती है।
- कई लोग खाना खाने के तुरंत बाद ही बिस्तर पर चले जाते हैं। खाकर तुरंत लेटने से पाचन की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। इससे सीने में जलन, अपच और बेचैनी होती है। खाना खाने के बाद कम से कम दो घंटे प्रतीक्षा करें, इस दौरान टहल सकते हैं। घर के छोटे-मोटे काम करें। लेकिन रात के खाने के बाद तुरंत टहलने न जाएं। आधे घंटे बाद 15 से 20 मिनट की छोटी सैर कर सकते हैं।
- ब्रेकफास्ट, लंच या डिनर किसी भी बार के खाने के तुरंत बाद नहाना हमारे पाचन की प्रक्रिया में बाधा पैदा करता है। क्योंकि भोजन को पचने के लिए हमें ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है। तुरंत नहाने से शरीर का तापमान कम हो जाता है।
- फल रात के खाने में नहीं खाना चाहिए। इन्हें खाने सें पचाना मुश्किल होता है।
- रात का खाना खाने के बाद व्यायाम नहीं करना चाहिए। देर रात की कसरत खासतौर पर कार्डियोसेशन से ऐसे हार्मोन बनते हैं जो हमारी नींद में बाधा पैदा करते हैं। *

**डाइट सजेशन**
**डॉ. मोनिका शर्मा**

हालांकि डिप्रेशन होने के कई कारण हो सकते हैं। लेकिन उससे बचाव में आपकी डाइट हैबिट भी काफी इफेक्टिव हो सकती है। डाइट किस तरह डिप्रेशन से बचाव करने में सहायक है, यहां बता रहे हैं आपको।

# डिप्रेशन से बचाए हेल्दी डाइट



आज के दौर में हर आयुवर्ग के लोग अवसाद के घेरे में फंस रहे हैं। मन को उदासी और उलझनों के स्याह घेरे में लाने वाली यह स्थिति ना केवल असंतुलित जीवनशैली के चलते पैदा होती बल्कि कई बार अवसाद ही जीवनशैली बिगड़ने का कारण भी बन जाता है। बहुत से लोगों में डिप्रेशन खान-पान की आदतें बिगड़ने की एक बड़ी वजह है। जिसका नतीजा मोटापे और दूसरी कई बीमारियों के रूप में सामने आता है। जरूरी है कि बदलते फूड हैबिट्स के नजरिए से भी डिप्रेशन की समस्या को समझा जाए।

**बिगड़ता खान-पान और डिप्रेशन:** आपा-धापी भरी जिंदगी में मानसिक स्वास्थ्य को संभालना एक चुनौती बन गया है। डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी परेशानियां हर किसी को घेर रही हैं। मन से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का एक पहलू यह भी है कि इनको समझना आसान नहीं होता। हालांकि बहुत सी बातों और बर्ताव को समझकर अपनी मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया जा सकता है। इनमें फूड हैबिट्स भी हैं। आमतौर पर मूड बिगड़ने पर खाने-पीने की आदतें भी बिगड़ने लगती हैं। टूटती-बिखरती मनःस्थिति से जूझते हुए कई तरह के खाने को लेकर रुचि बढ़ जाती है। हाल ही में आई एक स्टडी के रिजल्ट के मुताबिक अवसाद से जूझ रहे लोगों का कार्बोहाइड्रेट से भरपूर चीजों का सेवन करने का मन होता है। डिप्रेशन के शिकार लोगों को कार्बोहाइड्रेट रिच फूड आइटम्स की क्रेविंग्स बढ़ने का कारण यह है कि ये खाद्य पदार्थ मस्तिष्क में सेरोटोनिन नामक हार्मोन को रिलीज करते हैं। यह हार्मोन जो मूड को बेहतर बनाने में मदद करता है। रुकी-थकी मनःस्थिति के दौर में इन्हें खाते रहने की लत लग जाती है। इसीलिए भावनाओं को संभालने के दौर में भोजन की बदलती आदतों को लेकर भी संभलना जरूरी है।


**हेल्दी डाइट है जरूरी:** हमारे भोजन का मेंटल हेल्थ कंडीशन से गहरा कनेक्शन है। यही वजह है कि आहार के स्वस्थ विकल्प चुनना जरूरी है। अवसाद की कंडीशन में कार्बोहाइड्रेट से भरपूर फूड्स में भी साबुत अनाज, सब्जियां और फल आदि खाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। धीरे-धीरे खान-पान का बदलाव मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने लगता है। ध्यान रहे कि कैफीन और चीनी जैसे खाद्य पदार्थ अवसाद को और बढ़ाते हैं। चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और दूसरे कई एनर्जी ड्रिंक्स में भारी मात्रा में कैफीन पाया जाता है। प्रोसेस्ड फूड में चीनी और नमक बहुत अधिक होता है। ऐसे में इनके सेवन को लेकर सजगता बरतना आवश्यक है। आम इंसान के समान ही संतुलित भोजन लेना और खूब सारा पानी पीना मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े परेशानियों में भी आवश्यक है। अहम यह भी है कि घर के दूसरे सदस्य इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें। इलाज के साथ-साथ अपनों की थोड़ी सी सजगता, डिप्रेशन से जूझ रहे इंसान को सहज जीवन की ओर लौट आने में बहुत मदद करती है।

**स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव:** जर्मनी स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ बॉन के अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गंभीर अवसाद से ग्रस्त लोगों में कभी-कभी फूड क्रेविंग्स पैदा हो जाती हैं। इस स्टडी से जुड़े और यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल बॉन विश्वविद्यालय में मेडिकल साइकोलॉजी के प्रोफेसर नील्स क्रोमर का कहना है कि खान-पान में आए बदलावों की वजह से शरीर के वजन में भी बदलाव हो सकता है। साइकोलॉजिकल मेडिसिन जर्नल में छपे इस अध्ययन में 117 प्रतिभागियों के समूह को शामिल किया गया। इनमें 54 अवसादग्रस्त और 63 स्वस्थ लोग शामिल थे। आमतौर पर देखने में भी आता है कि डिप्रेशन के घेरे में आए लोगों की शारीरिक सक्रियता भी कम हो जाती है। वे अकेले और उदास रहने लगते हैं। एक ओर निष्क्रिय जिंदगी तो दूसरी ओर गलत खान-पान, पाचन की प्रक्रिया को भी बिगाड़ देता है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक भी न्यूरोकेमिकल्स का उत्पादन करने वाले आंत के बैक्टीरिया इंसान के मूड और दूसरी मानसिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। ह्यूमन बॉडी करीब 95 फीसदी सेरोटोनिन हार्मोन को आंत के बैक्टीरिया ही बनाते हैं। यही हार्मोन मूड को स्थिर, शांत रखने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में मोटापे, अकेलेपन और पाचन आदि से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए भी स्वस्थ आहार जरूरी है। साथ ही बिगड़ी मनःस्थिति को और बिगाड़ने से बचाने के लिए भी फूड हैबिट्स पर ध्यान देना आवश्यक है। *

गर्मी में शीतल अहसास के लिए आप शीतकारी प्राणायाम कर सकते हैं। लेकिन इसका अभ्यास शुरू करने से पहले यह भी जान लें कि इसे कब करें, कैसे करें, करने के पहले किस तरह की तैयारी करें, हर दिन कितना अभ्यास जरूरी है और कब करने से बचना चाहिए?

# गर्मी में पाएं शीतल अहसास करें शीतकारी प्राणायाम

**योगोपचार**
**दिव्यज्योति 'नंदन'**



गर्मियों की भीषण तपन, पसीना, चिड़चिड़ापन और थकान से राहत पाने के लिए योगशास्त्र में एक प्रभावी विधि बताई गई है- इसे शीतकारी प्राणायाम कहते हैं। यह एक ऐसा श्वसन अभ्यास है, जो शरीर को भीतर से ठंडक देता है, मन को शांत करता है और ऊर्जा को संतुलित रखता है। 'शीतकारी' का अर्थ है- शीतलता प्रदान करने वाला। तो यह एक ऐसी श्वास तकनीक है, जिसमें विशेष ढंग से मुंह से हवा को अंदर लिया जाता है और नाक के रास्ते इसे छोड़ा जाता है। इससे शरीर के तापमान में प्राकृतिक रूप से गिरावट आती है।

**इसलिए है खास:** यह प्राणायाम शरीर के तापमान को प्राकृतिक रूप से कम करता है। गर्मी से चिड़चिड़ापन, थकान, और सिरदर्द जैसे लक्षणों में राहत मिलती है। पित्त दोष (जो गर्मी में अधिक होता है) को शांत करता है। शरीर में ताजगी और मन में शांति का अनुभव होता है।

**कब करें:** सुबह जल्दी (6-8 बजे) या शाम को सूर्यास्त के बाद (6-7 बजे) इसे करना लाभकारी होता है। यह प्राणायाम विशेष रूप से गर्मी के मौसम में (अप्रैल से जुलाई तक) अत्यंत लाभकारी होता है। इसे हमेशा खाली पेट या भोजन के 3 घंटे बाद करें।

**करने का सही तरीका:** सबसे पहले सुखासन, पद्मासन या वज्रासन की मुद्रा में सीधे बैठ जाएं। आंखें बंद कर लें और शरीर को ढीला छोड़ दें। दांतों को आपस में मिलाएं, होंठ खुले रखें ताकि दांत दिखाई दें। अब मुंह से सिसकारी जैसी आवाज निकालते हुए धीरे-धीरे लंबी सांस अंदर लें। कुछ सेकंड सांस अंदर रोकें (जितना सहज हो)। फिर नाक से धीरे-धीरे सांस छोड़ें। इस तरह यह एक चक्र पूरा हुआ।

**पहले क्या तैयारी करें:** शांत वातावरण चुनें, जहां ताजी हवा बह रही हो। ढीले और हल्के कपड़े पहनें। मोबाइल और ध्यान भटकाने वाले उपकरण बंद कर दें। मन को शांत करने के लिए कुछ मिनट ध्यान करें या लंबी सांस लें।

**कितना हो नियमित अभ्यास:** शुरुआत में 5-7 चक्र, मध्य स्तर में 10-15 चक्र और नियमित योगी स्तर में 15-20 चक्र दिन में एक बार अभ्यास करना पर्याप्त है।

**कब न करें:** ठंड लगने पर या सर्दी-जुकाम, निमोनिया, अस्थमा जैसी परेशानी हो तो यह प्राणायाम बिल्कुल न करें। यदि निम्न रक्तचाप यानी बीपी लो रहता हो तो डॉक्टर की सलाह के बाद ही यह प्राणायाम करें। बहुत अधिक ठंडी जगह पर भी शीतकारी प्राणायाम करने से बचें। मानसून और ठंड के मौसम में भी इसका अभ्यास सीमित रखें।

**प्राणायाम के बाद क्या करें:** कम से कम 5 मिनट बिल्कुल शांत बैठे रहें या 5 मिनट शवासन करें। इसके बाद संभव हो तो गुनगुना पानी पीएं। ताजगी भरा फल या नारियल पानी लेना बेहतर होता है।

**अन्य स्वास्थ्य लाभ:** इससे शरीर अंदर से शीतलता महसूस करता है। इससे तनाव नियंत्रण में रहता है। इसे नियमित करने से शरीर की त्वचा चमकती है। यह हाइपरटेंशन को नियंत्रित करने में मददगार है। *



30- APR- K&C- MAIN- Pg- 9 SODKU-R-DHANI_Layout 1 5/1/2025 12:08 AM Page 1




# 40 ट्रेनों के 60 हजार यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगाई गई लगेज स्कैनर मशीन का बीते दो वर्षों से उपयोग नहीं हो रहा है। लाखों रुपये की लागत से खरीदी गई यह मशीन दिनभर तो चालू रहती है, लेकिन यात्रियों के सामान की जांच नहीं की जाती। स्टेशन से प्रतिदिन 40 से अधिक ट्रेनों में लगभग 60,000 लोग यात्रा करते हैं, लेकिन उनके सामान की नियमित जांच नहीं हो रही है। आरपीएफ और जीआरपी द्वारा केवल विशेष जांच अभियानों के दौरान ही स्कैनिंग मशीन का उपयोग किया जाता है। दैनिक जांच की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, जिसका मुख्य कारण सुरक्षा कर्मियों की कमी बताया जा रहा है।

स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर पांच प्रवेश मार्ग हैं, जिनमें से केवल मुख्य



द्वार पर ही स्कैनिंग मशीन लगी है। गुढ़ियारी की ओर से भी दो प्रवेश मार्ग हैं, जहां कोई जांच व्यवस्था नहीं है। इससे यात्री बिना किसी जांच के स्टेशन में प्रवेश कर जाते हैं। पूरे स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था केवल सीसीटीवी कैमरों के भरोसे चल रही है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि स्कैनिंग मशीन के संचालन के लिए नई व्यवस्था बनाई जा रही है, जिसमें 5 से 6 महीने का समय लग सकता है। रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी आरपीएफ और जीआरपी की है, लेकिन हकीकत यह है कि यात्री अपने बैग में क्या लेकर सफर कर रहे हैं, इसकी कोई नियमित जांच नहीं हो रही। हरिभूमि टीम ने दोपहर के समय जब स्टेशन का मशीन की पड़ताल की तो पाया कि मशीन चालू थी, मगर वहां कोई आरपीएफ या जीआरपी कर्मी तैनात नहीं था। सुरक्षा जांच के लिए ज़िम्मेदार कोई जवान न तो मशीन के पास था और न ही गेट पर नजर आ रहा था। यह स्थिति नई नहीं है पुराने मशीन सिस्टम के समय से ही जांच की यह उपेक्षा जारी है। फिलहाल आरपीएफ और जीआरपी तस्करी जैसे मामलों में मुखबिरी और सीसीटीवी कैमरों के भरोसे ही काम कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुरक्षा जांच नाममात्र की रह गई है। आरपीएफ और जीआरपी केवल शाम व रात के समय, जब यात्री अधिक संख्या में होते हैं, तभी कुछ घंटों के लिए जांच अभियान चलाते हैं। यह जांच भी एक्स-रे लगेज मशीन से नहीं होती, बल्कि जवान खुद ही यात्रियों के बैग और सामान की मैनुअल जांच करते हैं।हालांकि, अधिकांश समय स्टेशन में कोई निगरानी या जांच नहीं होती। ऐसे में दिन के अधिकतर हिस्सों में यात्री बिना किसी जांच के ही प्लेटफॉर्म तक पहुंच जाते हैं।

रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा जांच व्यवस्था में सबसे बड़ी बाधा सुरक्षा कर्मियों की कमी बन चुकी है। बीते पांच वर्षों से यह स्थिति जस की तस बनी हुई है। जहां स्टेशन पर ट्रेनों और यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, वहीं आरपीएफ और जीआरपी की संख्या में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हो पाई है। स्थिति यह है कि प्लेटफार्म और ट्रेनों की निगरानी में ही ज्यादातर जवान तैनात रहते हैं, जिससे लगेज स्कैनिंग मशीन की निगरानी और संचालन के लिए कोई विशेष कर्मी नियुक्त नहीं हो पाया है।

## छत्तीसगढ़ में रहने वाले पाकिस्तानी हिन्दू अल्पसंख्यकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने देश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों (अलग-अलग वीजा रखने वालों) को देश छोड़ने का निर्देश दिया था। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस बीच एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा, राज्य में रहने वाले पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारत की नागरिकता दी जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जो पाकिस्तानी अल्पसंख्यक छत्तीसगढ़ में रह रहे हैं, उन्हें फिलहाल राज्य में रहने की अनुमति दी गई है।

उन्होंने कहा, वे केंद्र सरकार के नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। सरकार इस मुद्दे को संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से देख रही है। हम इस प्रक्रिया में उनकी हरसंभव मदद करेंगे। पाकिस्तानी हिंदुओं के एक समूह ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी परेशानियां बताकर मदद की गुहार लगाई थी। जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद राजधानी रायपुर पहुंचे पाकिस्तान के नागरिकों ने केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार का आभार जताया है कि उन्हें देश में रहने की इजाजत दी गई है। पाकिस्तानी नागरिकों ने बताया कि पाकिस्तान में उनके साथ गलत व्यवहार और प्रताड़ित किया जाता था, इसके चलते वह पाकिस्तान में नहीं रहना चाहते। अपना बाकी जीवन भारत में शांतिपूर्ण तरीके से बिताना चाहते हैं। उप मुख्यमंत्री के बयान के बाद पाकिस्तानी नागरिकों ने उन्हें धन्यवाद दिया और इस फैसले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। पाकिस्तानी हिंदुओं को वापस भेजे जाने पर राहत के मामले में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा, केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को भेजने कहा है। राज्य सरकार केंद्र के आदेश को कैसे संशोधित करेगी। कैसे साबित होगा कि कोई नागरिक पाकिस्तान में प्रताड़ित है। सिर्फ मजहब के आधार पर कैसे रहने दिया जा सकता है।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर रेप, 20 साल कैद

रायपुर। अभनपुर थाना क्षेत्र में छह वर्ष पूर्व नाबालिग को शादी करने का झांसा देकर अपहरण और रेप करने के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, कोर्ट ने राजेश बघेल को कैद की सजा सुनाई है। घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त हेमलाल उर्फ मुकेश जांगड़े फरार है। राजेश अपने साथी के साथ मिलकर 27 जून को किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया और उसका रेप किया।

# बीज की कीमतों में वृद्धि से खेती हुई महंगी, किसानों को लगा झटका

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में किसानों को इस बार खेती करना महंगी हो गया है। राज्य बीज निगम ने बीजों के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। पिछले दो सालों की तुलना में बीज के दामों में वृद्धि हुई है। 2023 की तुलना में बीजों की कीमत में लगभग 850 रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। धान के बीज में प्रति क्विंटल 100 से 150 रुपए तक की वृद्धि की गई है, इससे किसानों को झटका लगा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर बीज विक्रय दर निर्धारित किया गया है। राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अधिकारियों ने बताया कि आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से प्रति क्विंटल 100 रुपए अधिक होगी। कृषि विभाग द्वारा उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि प्रावधान अनुसार राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को देय होगी। समितियों में खाद बीज का भंडारण हो गया है। नए दाम का निर्धारण किए जाने के बाद उठाव में तेजी आएगी।

राज्य बीज निगम की ओर से हर साल प्रमाणित बीजों का मूल्य निर्धारण किया गया है। मोटा धान बीज की कीमत विगत साल 34 सौ रुपए क्विंटल थी, जिसे बढ़ाकर इस बार 3550 रुपए कर दिया गया है। वर्ष 2023 में इसका दाम 2688 रुपये था। 2023 की तुलना में किसानों को 862 रुपये अधिक देना होगा। वहीं पतला धान बीज की कीमत पिछले साल 3900 रुपए थी। जिसे बढ़ाकर इस साल 4030 रुपये कर दिया गया है। दो साल पहले इसकी कीमत 2882 रुपए थी। सुगंधित धान की बात करें, तो पिछले साल यह 4500 रुपए था, जो इस बार बढ़कर 4650 हो गया है। दो साल पहले यह 3264 रुपए था। किसानों को इस बार सोयाबीन बीज में राहत मिली है। पिछले दो वर्षों में सोयाबीन के दाम 8200 रुपए तक चले गए थे, इस बार इसकी कीमत को कम कर 7400 रुपए कर दिया गया है। सोयाबीन के दाम में 1200 रुपए की कमी हुई है। खरीफ फसल के लिए बीज निगम द्वारा बीज की नई दर तय नहीं होने से किसान भटक रहे थे। 1 अप्रैल से खरीफ सीजन प्रारंभ हो गया है। सीजन प्रारंभ होने से पहले ही मूल्य तय हो जाना था। नई दर सूची जारी नहीं होने से किसान बीज का उठाव नहीं कर पा रहे थे।किसान बीज और खाद खरीदने लगातार सोसाइटियों के चक्कर लगा रहे थे, इसके चलते किसानों के साथ ही समितियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। खरीफ सीजन के लिए सहकारी समितियों में बीज का भंडारण शुरू हो गया था, लेकिन समितियों में नई मूल्य सूची नहीं पहुंचने की वजह से समिति प्रबंधक बीजों का वितरण शुरू नहीं कर पा रहे थे। किसानों को खाद में भी राहत दी गई है। सबसे अधिक आवश्यकता वाली खाद डीएपी और यूरिया के भाव नहीं बढ़ाए गए हैं। डीएपी 50 किलोग्राम का दाम पिछले साल की तरह ही 1350 रुपए ही है। यूरिया भी विगत वर्ष की तरह ही 266 रुपए पर है। पोटाश की कीमत में मामूली कमी की गई है। पहले पोटाश 1650 रुपए में मिल रहा था, अब उसे 1555 रुपए में किसान खरीद सकते हैं। यही हाल दाल समेत दूसरे बीजों का भी है। दाल के बीजों की कीमतों में भी वृद्धि की गई है। सोयाबीन और उड़द को छोड़कर कोदो, रागी, मूंग, कुल्थी, मूंगफली और तिल के बीजों के दाम सौ से डेढ़ सौ रुपए प्रति क्विंटल तक महंगे हो गए हैं। कोदो के बीज की कीमत पहले 7200 रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 7300 रुपए कर दिया गया है।

### मूल्य घोषित नहीं होने से भटक रहे थे किसान, खाद में मिली राहत



## कंस्ट्रक्शन कंपनी के कलेक्शन एजेंट से साढ़े चार लाख की लूट

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

- एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने की लूट

एक्टिवा सवार चार बदमाशों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले कलेक्शन एजेंट के साथ बुधवार देर शाम साढ़े सात बजे समता कालोनी, कृष्णा एडलैब्स के पास चार लाख 40 हजार रुपए की लूट की। कलेक्शन एजेंट टीवी टॉवर के पास से कलेक्शन कर लौट रहा था, तब उसके साथ लूट हुई। घटना आजाद चौक थाना क्षेत्र की है।

लूट की घटना महावीर शर्मा के साथ हुई है। महावीर ने पुलिस को बताया है कि वह रुपए कलेक्शन कर लौट रहा था। इस दौरान एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोका। इसके बाद बदमाश उससे रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंच गई है। घटना स्थल तथा कलेक्शन एजेंट जिस मार्ग से पैसे लेकर आ रहा था, पुलिस बदमाशों की पहचान करने उन मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। बदमाश कलेक्शन एजेंट की एक्टिवा के साथ उसका मोबाइल छीन कर अपने साथ ले गए हैं। बदमाश स्थानीय हैं या बाहरी, पुलिस इस मामले में पड़ताल करने के बाद ही कुछ बता पाने की बात कह रही है।

### वाहन चोरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना तथा सीसीटीवी फूटेज की मदद से बाइक चोरी के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सभी खमतराई के रहने वाले हैं। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की चार बाइक जब्त की है। बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने अमन यादव, करन यादव, विक्की उर्फ भावेश दिवाकर, लोकेश साहू को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने खमतराई के साथ आसपास के क्षेत्र में बाइक चोरी की थी।

# ड्रंक एंड ड्राइव, ट्रैफिक वायलेंस चार माह में 2500 लाइसेंस रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नशे में धुत होकर तथा वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस के साथ परिवहन विभाग भी सख्ती बरत रहा है। ट्रैफिक पुलिस की अनुसंशा पर परिवहन विभाग ने चार माह के भीतर रिकार्ड दो हजार 553 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किया है। इनमें कई ऐसे लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस थे, जो पूर्व में ड्रंक एंड ड्राइव के आरोप में पकड़े गए हैं, जिनका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई विचाराधीन थी।

**खास खबर**

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2025 में जनवरी से मार्च के बीच अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में रायपुर जिले में 493 सड़क दुर्घटनाओं में 171 लोगों की मौतें हुई हैं। पिछले वर्ष इन तीन महीनों में 554 सड़क दुर्घटनाओं में 149 लोगों की मौतें हुई थीं। इनमें से ज्यादातर मामले ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने के हैं। सड़क दुर्घटना रोकने शासन के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ड्रंक एंड ड्राइव करने वालों के खिलाफ सख्ती बरत रही है। यही वजह है कि ट्रैफिक पुलिस ने तीन महीने के भीतर ड्रंक एंड ड्राइव के 178 प्रकरण दर्ज किया है। पिछले साल की तुलना में ड्रंक एंड ड्राइव के ट्रैफिक पुलिस ने डेढ़ गुना ज्यादा मामला दर्ज किए हैं। पिछले वर्ष जनवरी से दिसंबर के बीच ट्रैफिक पुलिस ने 504 प्रकरण दर्ज किया था।

**लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई होने पर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर लाइसेंस निरस्त किया गया**



### पकड़े जाने पर पांच हजार रुपए जुर्माना

जिन लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त हो गया है, वो दोबारा वाहन चलाते पकड़े जाते हैं, ऐसे में उनके खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर चालान कोर्ट में पेश किया जाएगा। बगैर लाइसेंस वाहन चलाने पर कोर्ट वाहन चालक से पांच हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल करेगा।

### तीन महीने में 756 निलंबन

ट्रैफिक पुलिस ने पिछले तीन महीने में 756 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन करने परिवहन विभाग से अनुसंसा की है। इनमें सबसे ज्यादा ओवर स्पीड वाहन चलाने के 339 मामले हैं। दूसरे नंबर पर मोबाइल पर बात कर वाहन चलाने के 229 तथा तीसरे नंबर पर ड्रंक एंड ड्राइव के 178 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने अनुसंसा की गई है।

### तीन हजार से ज्यादा को नोटिस

ड्रंक एंड ड्राइव के साथ ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर ट्रैफिक पुलिस ने तीन हजार से ज्यादा वाहन चालकों का सूचीबद्ध किया है। ऐसे वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने के साथ निरस्त करने की अनुसंसा की गई है। ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कोर्ट भी सख्त है। ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों में कोर्ट वाहन चालक से 10 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल रहस है।

### ऐसे लोग नहीं बनवा सकते लाइसेंस

जिन लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस एक बार निरस्त हो चुका है, उन लोगों का दोबारा ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन पाएगा। जिन लोगों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, वो तीन माह तक वाहन नहीं चला सकते। साथ ही उन्हें चेतावनी देकर एक बार सुधरने का मौका दिया जाता है।

## चोरों ने मचाया उत्पात, देख लिया तो ईंट से फोड़ा सिर

रायपुर। उरला थाना क्षेत्र के बिरगांव में एक चोर गिरोह एक मकान में लगातार एक सप्ताह तक छोटी-मोटी चोरी कर रहा था। मकान मालिक ने एक दिन चोरों को देख लिया, तो चोरों ने मकान मालिक के सिर पर ईंट से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ईंट के हमले से घायल कारोबारी के सिर में 12 टांके लगे हैं। बिरगांव, जागृति नगर निवासी सजल गर्ग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर गिरोह उसके घर में लगातार छोटी मोटी चोरी कर रहा था, जिसकी उसने पेट्रोलिंग टीम के पास मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज कराने के बाद पेट्रोलिंग टीम पेट्रोलिंग करने पहुंची भी, लेकिन चोरों के बारे में जानकारी नहीं जुटा पाई। मंगलवार रात कारोबारी के घर की छत के रास्ते पुनः चोरी करने की नीयत से घुस गए। किसी दूसरे के घर में सो रहे सजन के पिता ने सजन को कॉल कर जानकारी दी कि घर की छत में एक लड़का तथा लड़की चढ़े हुए हैं। सजल ने पुलिस को बताया कि घर के ऊपर चोर होने की जानकारी मिलते ही उसने घर से बाहर निकलकर देखा तो छत पर चढ़े लड़के ने अपने साथ आई लड़की को भगा दिया। इसके बाद नीचे खड़े चोर तथा उसके तीन अन्य साथी उसके सिर पर ईंट से वार कर मौके से फरार हो गए।

## रेलवे के बुकिंग ऑफिस की तर्ज पर डीकेएस की ओपीडी में लगेगा टोकन डिस्प्ले सिस्टम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीके अस्पताल आने वाले मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए अब लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वहां के ओपीडी काउंटर में रेलवे स्टेशन के बुकिंग ऑफिस की तरह टोकन डिस्प्ले सिस्टम लगाया जाएगा। अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों में बिगड़ी एसी पर नाराजगी जताई और सुधार के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया।

स्वास्थ्य मंत्री सोमवार सुबह अचानक डीके अस्पताल पहुंचे। उन्होंने ओपीडी की व्यवस्था के साथ वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से उपचार सुविधा का फीड बैक लिया। ओपीडी पर्ची के लिए लगी लाइन को देखकर मरीजों की सुविधा के लिए उन्होंने काउंटर में डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इससे मरीज अपनी बारी में काउंटर पर जाकर प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से अस्पताल के उपचार सुविधा की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने पाया कि अस्पताल के कई वार्डों में एयर कंडीशनर (एसी) खराब हैं, जिसके कारण मरीजों को गर्मी में असुविधा हो रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए जायसवाल ने अस्पताल प्रबंधन को 24 घंटे के भीतर सभी खराब एसी को ठीक करने या नया एसी लगाने के निर्देश दिए। जायसवाल ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आरामदायक वातावरण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है और ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## 18 से कम उम्र की 2 लड़कियों का रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नाबालिग लड़का-लड़की का बाल विवाह कराने की प्रथा प्रतिबंधित है। इसके बाद भी कई परिवार अपने बच्चों के वयस्क होने के पहले ही उनका विवाह कराने का प्रयास करते हैं। रायपुर जिले में भी इस तरह के कई प्रकरण सामने आ चुके हैं। हालांकि इनमें ज्यादातर प्रकरणों में नाबालिग लड़की का विवाह करने के ही सामने आए हैं। जिले में सोमवार को ऐसे ही दो और प्रकरण सामने आए हैं, जहां नाबालिग दो लड़कियों की शादी की तैयारियां चल रही थीं, जिसकी सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग को मिली। इसके बाद विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर न केवल दोनों बाल विवाह को होने से रोका, बल्कि लड़कियों के परिजनों को संकल्प भी दिलाया कि वयस्क होने के बाद ही उनका विवाह कराएंगे।

### एक प्रकरण उरला थाना क्षेत्र का

एक प्रकरण राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र का है। इस क्षेत्र में रहने वाला एक परिवार अपनी 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह कराने जा रहा था। इसके लिए परिवार ने विवाह के पहले की पारांपारिक सारी



रश्में भी पूरी कर चुका था। विवाह कार्ड बांटने से लेकर घर में पंडाल लगाकर शादी की तैयारी भी की जा रही थी। इसकी सूचना पर विभाग की जिला बाल संरक्षण अधिकारी रश्मि बाला तिवारी के नेतृत्व में टीम तत्काल नाबालिग लड़की के घर पहुंची, जहां विवाह की तैयारी की जा रही थी। अधिकारियों ने इस दौरान लड़की के मार्कशीट से उम्र की जांच की तो पता चला कि वह अभी नाबालिग है। इसके बाद तत्काल इस विवाह को रोकते हुए लड़की के परिजनों को समझाईश दी कि बालिग होने पर ही वे उसका विवाह कर सकते है, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों की समझाइश पर परिवार मान गया।

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

## शब्द पहेली - 5853



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली -5852 का हल



## सूडोकु नवताल - 5863

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5862 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बर्खास्त बीएड शिक्षक...

सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है। अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार हटाये गए बीएड अर्हताधारी 2621 सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान के राज्य में रिक्त 4,422 पदों में समायोजित किया जाएगा। समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर किया जाएगा। **शिक्षकों को ट्रेनिंग भी मिलेगी-** कला या विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता (12वीं गणित या विज्ञान) पूर्ण करने के लिए 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एससीईआरटी के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए सांख्येत्तर पदों का सृजन किया जाएगा। समायोजन के लिए जिलों की प्राथमिकता में पहले राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के जिलों के रिक्त पदों में उसके पश्चात सीमावर्ती जिलों के रिक्त पदों पर तत्पश्चात अन्य जिलों में समायोजन किया जाएगा।

### 18 से 42 सीटर...

नवीन ग्रामीण मार्गों के विनिर्धारण के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। अनुज्ञा का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को मिलेगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं तथा नक्सल प्रभावितों को प्राथमिकता दी जाएगी। लाभार्थियों का चयन निविदा प्रक्रिया से किया जाएगा।

### बस संचालन के...

वर्ष 22 रुपए प्रति किलोमीटर विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में दृष्टिहीन, बौद्धिक दिव्यांग, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग, 80 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, एड्स से पीड़ति व्यक्तियों को एक परिचारक के साथ किराया में पूरी छूट रहेगी, वहीं नक्सल प्रभावित व्यक्तियों को आधा किराया लगेगा।

### बिहार चुनाव से...

किया कि स्वतंत्रता के बाद से की गईं सभी जनगणना प्रक्रियाओं में जाति को शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों ने हमेशा जातिगत गणना का विरोध किया है और पार्टी ने इस मुद्दे का इस्तेमाल 'राजनीतिक हथियार' के रूप में किया है। वैष्णव ने कहा, 'इन सभी तथ्यों पर विचार करते हुए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि राजनीति के कारण सामाजिक ताना-बाना प्रभावित न हो, सर्वेक्षणों के बजाय जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से जनगणना में शामिल करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि इससे हमारे समाज का सामाजिक और आर्थिक ढांचा मजबूत होगा और राष्ट्र भी प्रगति करता रहेगा। मंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों ने राजनीतिक कारणों से जाति आधारित सर्वेक्षण किए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मोदी सरकार ने आगामी अखिल भारतीय जनगणना प्रक्रिया में जातिगत गणना को पारदर्शी रूप से शामिल करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस और विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने पिछले चुनावों में जातिगत गणना को एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया था, जिसमें राहुल गांधी ने लोगों को उनकी जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व देने का वादा किया था। भारत में प्रत्येक 10 साल के अंतराल पर होने वाली जनगणना अप्रैल 2020 में शुरू होनी थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई। वैष्णव ने कहा कि 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने लोकसभा को आश्वासन दिया था कि जातिगत गणना के मामले पर मंत्रिमंडल में विचार किया जाना चाहिए। ज्यादातर राजनीतिक दलों द्वारा जाति आधारित गणना की सिफारिश किए जाने के बाद इस पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। उन्होंने कहा, इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने जाति गणना के बजाय सिर्फ सर्वेक्षण कराने का फैसला किया। उस सर्वेक्षण को एसईसीसी (सामाजिक आर्थिक और जातिगत गणना) के नाम से जाना जाता है। मंत्री ने आरोप लगाया, यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसकी 'इंडिया' गठबंधन में सहयोगियों ने जातिगत गणना का इस्तेमाल केवल राजनीतिक हथियार के रूप में किया है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत 'जनगणना' विषय संघ सूची में प्रविष्टि 69 के अंतर्गत सूचीबद्ध है और संविधान के अनुसार जनगणना एक संघ का विषय है। वैष्णव ने कहा कि कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण कराए हैं। **सियासी सरगर्मी- शाह बोले- फैसला ऐतिहासिक-** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। उसने आगामी जनगणना में जातिगत गणना करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने के कुछ घंटे बाद गृहमंत्री शाह ने कहा कि सरकार ने सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

### कांग्रेस पर सियासी...

सर्वे कराया गया लेकिन उसकी भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। संविधान के अनुच्छेद 246 में इस तरह की जनगणना का उल्लेख है।

### तेजस्वी बोले-...

उन्होंने हमारी मांग को अस्वीकार कर दिया था। कई मंत्रियों ने इससे इनकार किया, लेकिन यह हमारी ताकत है कि उन्हें हमारे एजेंडे पर काम करना है।

### होटल में आग,...

इसमें जवाबदेही की मांग की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि छह मंजिला ऋतुराज होटल में आग मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे लगी और देखते ही देखते पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गई। अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जान गंवाने वाले अधिकतर लोग अंदर फंस गए थे और घने धुएं के कारण बाहर नहीं निकल सके। ज्यादातर मामलों में मौत का कारण दम घुटना है, जबकि कुछ लोग घबराहट में होटल की ऊपरी मंजिलों से कूदने के कारण मारे गए। पुलिस ने बताया कि घटना में मारे गए 14 लोगों में 11 पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। बुधवार को घायलों से मिलने के बाद महापौर फरहाद हकीम ने बताया कि सभी 14 शवों की पहचान हो गई है। उन्होंने कहा कि शवों को पीड़ित परिवारों को सौंपने की व्यवस्था की जा रही है। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा और राज्य के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने शुरू में कहा था कि मंगलवार शाम ऋतुराज होटल में लगी आग में 15 लोग मारे गए हैं। बाद में, अस्पतालों और बचाव दल के रिकॉर्ड की जांच के बाद वर्मा ने मृतकों की संख्या को संशोधित कर इसे 14 कर दिया।

### 10 वर्ष तक सेवा...

वाले कर्मचारियों के अभिलेखों का निरीक्षण करें, जब उनकी सेवाओं को नियमित किया गया। यदि याचिकाकर्ता का मामला भी उन दैनिक वेतन भोगियों के समान पाया जाता है, जिनकी सेवाएं नियमित की गई थीं तो उसकी सेवाओं को भी उसी तिथि से नियमित किया जाए।

### पांचवी-आठवीं रिजल्ट...

के विद्यार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के बाद पूर्व घोषित तिथि के अनुसार बुधवार को सभी स्कूलों मे नतीजे जारी किए गए।

### पीएम आवास में...

करीब 21 कर्मियों ने हितग्राहियों के आवेदन के सत्यापन में लापरवाही की। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों में जवाब मांगा गया है। पीएम आवास योजना शहरी के तहत हितग्राही द्वारा स्वयं आवास निर्माण (बीएलसी) घटक के तहत किया जाता है। इस योजना के तहत हितग्राहियों को मकान बनाने के लिए किस्तों में राशि दी जाती है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने निकायों को उनकी मांग के अनुरूप किस्त की राशि जारी करने के लिए महीनों पर राशि जारी की। यानी राशि की अपर सीमा निकाय को जारी की। यह राशि हितग्राहियों को समय पर दी जानी थी, लेकिन निकायों के अधिकारियों ने इस राशि का उपयोग नहीं किया यानी दबाए रखा। जब योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई, तो ये पूरी गड़बड़ी खुलकर सामने आई।

### हितग्राहियों के...

जायसवाल, नितिन खोबरागढ़े, रविंद्र सुनहरे, विरेंद्र स्वर्णकार ने योजना के तहत 558 आवेदकों का सत्यापन ही नहीं किया। यही लापरवाही नगर पालिक निगम के प्रेरकों ने भी की। उन्होंने 777 आवेदकों के आवेदनों का सत्यापन नहीं किया। इस मामले में अनिकेत गिरी गोस्वामी, उत्कर्ष पांडेय, जगदंबा त्रिवेदी को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं।

### इन अफसरों ने...

यह राशि नहीं बांटी, रकम का उपयोग नहीं किया। इसी क्रम में पूजा पिल्ले मुख्य नगर पालिका अधिकारी सह नोडल अधिकारी नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद और इसी निकाय के सहायक नोडल अधिकारी थानेश्वर वर्मा और देवर्षि तिवारी का नाम भी है। इनके निकाय को जनवरी में 80 लाख रुपए दिए गए थे, इसमें से 51 लाख 32 हजार से अधिक का राशि का उपयोग नहीं किया गया।

### समीक्षा बैठक से...

साहू और आशीष शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी हुए हैं। माना गया है कि इन लोगों की भूमिका योजना के कार्यों को गंभीरता से नहीं लेने कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही का प्रतीक है। इन सभी से 3 दिनों में नोटिस का जवाब मांगा गया है।

### जवानों ने नक्सलगढ़...

को लगातार सफलता मिल रही है। नवमें दिन नक्सलियों के कब्जे में रही तीन प्रमुख पहाड़ियों में से दो अब पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में हैं। धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित धोबे पहाड़ को जवानों ने पूरी तरह अपने नियंत्रण में ले लिया है। इससे 24 घंटे पूर्व नीलम सराय पहाड़ी पर भी जवानों ने कब्जा कर लिया था। अब अंतिम टारगेट करेंगुट्टा की पहाड़ी है, जिसकी ओर फोर्स ने कूच कर दिया है। इसी करेंगुट्टा पहाड़ पर करोड़ों के उनामी कई सेंट्रल कमेटी मेंबर व मिलिट्री बटालियन के शीर्ष नक्सलियों ने अपना डेरा डाला हुआ है। **चार दिन में करेंगुट्टा फतह की बनी रणनीति, आपरेशन निर्णायक मोड़ पर-** आने वाले चार दिन में फोर्स करेंगुट्टा पहाड़ पर कब्जा कर लेगी। इसके लिए जवान पूरी तरह मुस्तैद है। ऑपरेशन का अगला व अंतिम लक्ष्य करेंगुट्टा पहाड़ी है, जो रणनीतिक दृष्टि से काफी अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि यहीं पर करोड़ों के इनामी शीर्ष माओवादियों की मौजूदगी हो सकती है। इस पहाड़ पर कब्जा करने के लिए फोर्स रणनीति के साथ लगातार आगे बढ़ना शुरू कर चुकी है। फोर्स का संकल्प अभियान ऑपरेशन कररेगुट्टा लगातार नौ दिनों से चल रहा है और इसने अब निर्णायक मोड़ ले लिया है। जवानों की बहादुरी और सटीक योजना से नक्सलियों के गढ़ में सुरक्षा बलों ने गहरी पैठ बना ली है। अब तीसरी और अंतिम पहाड़ी कररेगुट्टा पर भी जल्द ही तिरंगा फहराने का संकल्प लेकर सुरक्षाबलों के जवानों ने कूच कर दिया है।

### मनाया जीत का...

और अदम्य साहस के साथ जवानों ने पहाड़ी पर नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही नक्सलियों के कब्जे में रहे धोबे व नीलम सराय पोस्ट जवानों का कब्जा हुआ, तब जवानों का जोश देखते बन रहा था।

### पाकिस्तान पर एक्शन...

उत्तर कोरिया और सीरिया का नाम शामिल है। अमेरिकी सरकार के मुताबिक देश के विदेश मंत्रालय के यह तय किए जाने पर कि कौन से देश बार-बार अंतरराष्ट्रीय आतंकी वारदातों को समर्थन देते हैं, उन्हें तीन कानूनों के तहत नॉमिनेट किया जाता है और इस लिस्ट में डाला जाता है।

### भारतमाला घोटाले में...

उमा देवी (फर्जी नाम) उसके पति केदार तिवारी के साथ मिलकर घोटाला किया है। चारों को ईओडब्लू ने गिरफ्तार किया है। इन पर जैतूसाव मठ की जमीन को भारतमाला प्रोजेक्ट के हवाले कर करोड़ों रुपए का मुआवजा लेने का आरोप है। इस परियोजना में अभनपुर के पूर्व एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार, आरआई, पटवारियों ने भी साथ मिलकर करोड़ों का घपला किया। **अन्य से भी होगी पूछताछ-** ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने घोटाले को लेकर जमीन दलाल आशीष तिवारी, रामदास के यहां भी नोटिस चस्पा किया है। ईओडब्लू के अफसर इनसे भी पूछताछ करेंगे। हरमीत की पत्नी मनप्रीत कौर जो नवा रायपुर में तहसीलदार है तथा भावना कुर्रे के खिलाफ ईओडब्लू ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुदमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभ्रंश, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** कास्टींग इंडस्ट्री में काम करने हेतु कुशल वेल्डर, हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार 8000 से 18000 तक सम्पर्क करें- बिलासपुर कास्टींग इण्डस्ट्री इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा बिलासपुर 9893151163, 9893907949 (37588)

**आवश्यकता है-** CCTV कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग करने के लिए युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- पारस इन्टरप्राइजेस, गुप्ता गली, टिकरापारा, मन्नू चौक बिलासपुर 9425530470, 9893281946 (37600)

**आवश्यकता है-** एक एकाउंट असिस्टेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर (योग्यता कॉमर्स स्नातक) एवं एक गोडाउन सुपरवाइजर की आवश्यकता है कार्य स्थल सिरगिट्टी बिलासपुर इच्छुक उम्मीदवार अपना रिज्यूम वॉट्सएप करें- 9302668010 (कृपया कॉल ना करें) (37594)

**आवश्यकता है-** होटल के लिये इडली, डोसा बनाने वाले अनुभवी कारीगर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन। सम्पर्क करें- जैन लस्सी भण्डार जवाली नाला पुल के पास तेलीपारा बिलासपुर 8602681899 (37595)

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शाम 6बजे से शाम 8बजे तक, भार्गव यूरोलॉजी सेन्टर रिंग रोड नं.-2, मंगला चौक बिलासपुर 9407667780 (37589)

**आवश्यकता है-** होटल में इंडियन तन्दूर कुक, साउथ इंडियन कुक, वेटर, सप्लायर युवक, युवतियों एवं बर्तन प्लेट धोने वालों की आवश्यकता है रहने खाने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7987633348 (37597)

**आवश्यकता है-** (1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य हेतु साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर (2) रियल एस्टेट टेलीकालिंग, सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (37450)

**आवश्यकता है-** 2 पोस्ट लेथ मशीन ऑपरेटर और 2 पोस्ट वेल्डर (नये या अनुभवी) चाहिए PF, ESIC सुविधा सम्पर्क करें - किशोरी ट्रेडर्स ग्राम नगोई, मुख्य मार्ग सेन्दरी मोपका बायपास बिलासपुर 83058 12310, 9300350199 (37587)

**आवश्यकता है-** कपड़े की दुकान में काम करने के लिए हेल्पर, सेल्समैन लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नेमा कम्पनी, सिटी कोतवाली के सामने बिलासपुर 7898958865 (37596)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुप्ता गली के बाजू में, डॉक्टर अभिराम शर्मा के आगे, मन्नू चौक टिकरापारा बिलासपुर 8818870757 (37590)

**आवश्यकता है-** इंट्रा, जीतो पिकअप चलाने हेतु एक अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है स्थान बिलासपुर वेतन- योग्यता के अनुसार, लाइसेंस के साथ सम्पर्क करें- 6268970045 (37591)

**आवश्यकता है-** ऑफिस/फील्ड वर्क हेतु अनुभवी युवक चाहिए। उम्मीदवारों को पूर्व अनुभव होना आवश्यक है। सैलरी योग्यता अनुसार। इन्टरव्यू हेतु बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जाजोदिया टाईल्स, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 6260990139 (37592)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों में सुरक्षा कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्डों की भारी मात्रा में भर्ती लड़के एवं लड़कियों अनुभवी को प्राथमिकता वेतनमान 8000 से 10,000 तक संपर्क करें 8839326096 (37583)

**आवश्यकता है-** प्लाईवुड शोरूम में फील्ड सेल्स कार्य हेतु मार्केटिंग पर्सन-2 शिक्षित, अनुभवी लड़के चाहिए वेतन 10000 से 40000+ बोनस+ कमीशन +पेट्रोल, बाइक अनिवार्य, रिज्यूम 9608777772 पर Whats App करें, अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें- SS Plywood महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9589687772 (37454)

**आवश्यकता है-** फील्ड कार्य हेतु लड़के एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक वेतन योग्यता अनुसार पता अभव्या फाइनेंशियल कंसलटेन्सी सर्विसेज प्रा.लि. 73548 66666 (37582)

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़के, लड़की एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- के.एस. एजेन्सीज मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (3170)

**आवश्यकता है-** तिलक नगर में होम्योपैथीक क्लिनिक में कार्य करने हेतु लड़की की जरूरत है। स्नातक या स्नातक में अध्ययन-रत को प्राथमिकता। तिलक नगर के नजदीक रहने वाले संपर्क करें। 7987681655 (37586)

**आवश्यकता है-** दुकान में कंप्यूटर ऑपरेटर (जिसे बीजी सॉफ्टवेयर की जानकारी हो) लड़को तथा सेल्समेन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुनील प्लास्टिक होटल अजीत के सामने तेलीपारा बिलासपुर (37577)

**आवश्यकता है-** बुकिंग में इनोवा, क्रिस्टा कार चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्रायवर चाहिए जो आटोमेटिक गाड़ी चलाना जानता हो फिक्स वेतन 16000 या 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट, बाहरी के रहने की व्यवस्था सम्पर्क-सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स 97554 4037, 6264125145 (37512)

**आवश्यकता है-** पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर सिस्टम से संबंधित ऑफिस/फील्ड कार्य हेतु डिप्लोमा इलेक्ट्रीकल/ ITI इलेक्ट्रीकल को प्राथमिकता सम्पर्क करें- शिखा सोलर सालूशन नेहरू नगर बिलासपुर 93012 19664, 9827166595 (37576)

**आवश्यकता है-** कोरल, फोटोशॉप डिजाइनर-1, हिन्दी/अंग्रेजी टायपिस्ट-1, कम्प्यूटर ऑपरेटर-1 ऑनलाइन कार्य हेतु अनुभवी की आवश्यकता है फुल/पार्ट टाईम वेतन/कमीशन सम्पर्क करें- बिलासपुर कापियर्स प्रिन्टर्स नेहरू चौक बिलासपुर 70046 92389 (37566)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**आवश्यकता है-** कार ड्राइवर, स्कॉर्पियो, एंडेवर गाड़ी चलाने वाला लाइसेंस हो और यहीं पर रहकर कार्य करने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 96692 11111, 9827175811 (37578)

**आवश्यकता है-** छोटा हाथी पिकअप चलाने के लिए 2 ड्राइवर एवं दुकान में हमाली का काम करने के लिए 1 लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शारदा एजेन्सी व्यापार विहार बिलासपुर 9926124555 (37528)

**आवश्यकता है-** बिलासा फाइनेंशियल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है योग्यता स्नातक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7879923905, 99770 89866 (37574)

**आवश्यकता है-** मंथली बेसिस में गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर, ऑफिस कार्य हेतु लड़के, लड़कियां एवं च्वाइस सेन्टर के अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9300672005 80947 30100 (37570)

**आवश्यकता है-** सादा खाना बनाने बाई-1, मिस्त्री-1, रूम सर्विस, वेटर कार्य हेतु लड़का-1 चाहिए रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें-सुबह 10 से दोपहर 3बजे तक हॉटल राज दयालबंद बिलासपुर 07752-402971, 9893005346 (37560)

**आवश्यकता है-** एक मैनेजर की आवश्यकता है वेतन 10000 प्रतिमाह 30वर्ष से ऊपर के व्यक्ति ओरिजनल आईडी बायोडाटा सहित दोपहर 12बजे के बाद सम्पर्क करें- प्रबंधक अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 94063 90898 (37530)

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड 50 उंचाई 5'-5" योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री खाने की सुविधा दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंक सूची बैंक पास बुक 8 पासपोर्ट फोटो सम्पर्क करें- शाप नं-8 प्रथम तल कमला सुपर बाजार तेलघानी चौक, रायपुर (छ.ग.) 07714036689, 97703 04037, 8120957510 (046)

**आवश्यकता है-** जनरल दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को, लड़कियों और अच्छे सेल्समेन की जरूरत है पेमेंट भरपुर दिया जायेगा सम्पर्क करें- सुनील प्लास्टिक तेलीपारा अजीत होटल के सामने बिलासपुर (37292)

**आवश्यकता है-** छड़, सीमेंट दुकान कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों वेतन 12000, ट्रैक्टर चलाने हेतु ड्राइवर वेतन 10000 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 93003 07926, 9993443207 (37256)

**आवश्यकता है-** सिलतरा रायपुर हेतु, फिल्ड अधिकारी-4, सुपरवाइजर 16, सुरक्षा गार्ड-110, कंप्यूटर ऑपरेटर-2 योग्यता 10वीं स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5'-7" वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-Alert Sgs Private Limited 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 77470 00019, 7746000016, 7747000016 (074)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, 18 से 30 वर्ष लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रह कर कार्य कर सके वेतन 10000 +कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 76111 01122, 7611101133 (0328)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है योग्यता 10वी, 12वी, स्नातक सैलरी 10000 रहना खाना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15000 से 20,000 स्थान म.प्र. उज्जैन सम्पर्क करें- 9630773028, 9691233111 (329)

(भर्ती) JOB ALERT
पुस्तक दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों एवं ड्राईवर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता।
आकर्षक वेतनमान (फुल टाईम/हाफ टाईम)
संपर्क करें
एलोरा बुक डिपो
बिहारी सिनेमा के पास बिलासपुर (छ.ग.)
9301159535

**आवश्यकता है-** उमा मार्ट में कार्य करने हेतु लड़के/लड़कियों की एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर बीसी सॉफ्ट वेयर का जानकार चाहिए वेतन योग्यता अनुसार पता- 36 मॉल के पास, उसलापुर रोड मंगला बिलासपुर 9301517722 (077)

**आवश्यकता है-** लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, डाटा एंट्री, सैलरी (18500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08588080514 (850)

**आवश्यकता है-** रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5, 8, 10 पास हाईट 5'-6" इंच, 4 फोटो आधार कार्ड सहित मिले रहने खाने की सुविधा वेतन 14500 से 19000 सम्पर्क करें-81090 70600 (7086)

## बेचना है

**बेचना है-** तखतपुर मेन रोड पर पुराना, बस स्टैण्ड पर स्थित 20×70 वर्गफीट में बना सर्वसुविधायुक्त मकान एवं टिकरीपारा तखतपुर में 82 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 79990 75751 (37573)

**बेचना है-** आसमां सिटी होम्स फेज-1, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकान नम्बर 27, साइज- 10×16.9= 169 वर्गफीट अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क 9179023646 (37598)

**बेचना है-** ग्राम रहंगी चकरभाठा बिलासपुर में 2250 वर्गफिट (45×50) ईस्ट साउथ फेस का कॉलोनी स्थित आवासीय प्लाट 25 फीट कांक्रीट रोड नाली बिजली सुविधायुक्त बेचना है सम्पर्क 9329351242 (37599)

**बेचना है-** जूना बिलासपुर डबल स्टोरी 214 वर्गफुट मेन रोड दुकान एवं प्रताप टाकीज चौक के पास 9×6 साईज दुकान 25 लाख में बेचना है। सम्पर्क करें- राजेश श्यामनानी 9827168452 (37580)

**बेचना है-** प्लाट बेचना है गोकुल धाम घुरू में 20×72= 1440 वर्गफुट प्लाट 25 फिट रोड पर उपलब्ध है बेचना है कृपया खरीदार सम्पर्क करें- 7869447999(37579)

**बेचना है-** ड्रीम रेसीडेंसी अशोक नगर बिरकोना रोड में 36×45.3 =1630 वर्गफीट डबल रोड कार्नर प्लॉट फ्रंट का बेचना है (दलाल क्षमा करें) सम्पर्क करें- 98271 10714, 7999481154 (37575)

**बेचना है-** प्लाट साइज 60×24= 1440 कंशट्रक्शन एरिया 3550 किराया 30000 माह (तीन फ्लोर) वॉलफोर्ट के समीप रिंग रोड-1, भाटागांव रायपुर नये बस स्टैण्ड के समीप मूल्य 90लाख सम्पर्क करें- 95750 86006 (7313)

**बेचना है-** हर्ष-फिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

**बेचना है-** अक्षय तृतीया विशेष ऑफर- बिलासपुर कोरबा हाइवे से लगा T&C कॉलोनी OM Space सकरी में नवनिर्मित सेमीफर्निश्ड रेडी पजेशन 2BHK स्वतंत्र मकान उपलब्ध। कीमत 47.51 लाख, ऑफर अक्षय तृतीया के शुभ अवसर अपने सपनों का घर पाएं और एक Activa का उपहार भी। ऑफर केवल 1 मई 2025 तक बुकिंग कराने पर सम्पर्क करें- M/S Ghosh Associates 9425220523 9893386286, 98278 75257 (1793)

**बेचना है-** प्राइम प्रॉपर्टीज खमतराई बिलासपुर में 1 एकड़ 64 डिसमिल शानदार जमीन एवं संेदरी कोनी बिलासपुर में प्रधानमंत्री सड़क योजना कार्यालय खाद्य बीज निगम गोदाम के पास 7 एकड़ 32 डिसमिल आवासीय कॉलेज, कालोनी, रिसॉर्ट हेतु उपयुक्त बेचना है सम्पर्क करें- 95757 88444, 9300878897 (078)

**बेचना है-** ब्रिलियंट स्कूल के पास बहतराई बिलासपुर में सीसी रोड, नाली, बिजली, डायवर्सन, कॉलोनी में प्लॉट एवं मकान उपलब्ध हैं रेल्वे स्टेशन अपोलो हॉस्पिटल SECL मुख्यालय से मात्र 5 मिनट की दूरी सम्पर्क करें- 8319251951, 78282 25044 (054)

Medicare Specialists

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

गुप्त रोगो का सफल ईलाज

- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

## किराया

**किराया-** शीला स्क्वायर में 16 फीट हाइटेड मेजनाइन शॉप साइज 11×42 महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार रोड पर किराए से देना है सम्पर्क करें- 9826165907 (37593)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586




# चेन्नई प्ले आफ की दौड़ से बाहर, पंजाब किंग्स जीत से बनी नंबर-2

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पंजाब किंग्स युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (72 रन) और प्रभसिमरन सिंह (54 रन) के अर्धशतकों की मदद से बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को चार विकेट से हराकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स अब छह जीत से 13 अंक लेकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (14 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है।वहीं सीएसके की टीम लगातार पांचवीं हार के बाद इस सत्र में टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। 10 मैच में दो जीत से चार अंक लेकर सीएसके लगातार दूसरी बार प्लेऑफ से बाहर हो गई। अय्यर और प्रभसिमरन ने दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 72 रन की साझेदारी बनाकर पंजाब किंग्स को सीएसके के 191 रन के लक्ष्य को हासिल करने की ओर अग्रसर किया। पंजाब की टीम ने दो गेंद रहते जीत दर्ज की। अय्यर ने 41 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और चार छक्के जड़े जबकि प्रभसिमरन ने 36 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के जमाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या और शशांक सिंह ने 23-23 रन का योगदान दिया।

■ आईपीएल : चहल की हैट्रिक सहित चौका, अय्यर और प्रभसिमरन के अर्धशतक



### करन का अर्धशतक बेकार

इससे पहले सैम करन (88 रन) के चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बनाए गए अर्धशतक के बावजूद सीएसके चहल (चार विकेट) की हैट्रिक से 19.2 ओवर में 190 रन पर सिमट गई। करन ने 47 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और चार छक्के लगाकर इस सत्र में पहली अर्धशतकीय पारी खेली तथा टीम को पावरप्ले में तीन विकेट पर 48 रन के स्कोर से अच्छी स्थिति में पहुंचाया। उनके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 32 रन का योगदान दिया। करन ने ब्रेविस के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन की मजबूत साझेदारी निभाकर पंजाब किंग्स के गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### जोकोविच इटालियन ओपन से हटे, तीन हार से निराश

**रोम।** अपना 100वां खिताब जीतने की कवायद में लगे नोवाक जोकोविच ने लगातार तीन मैचों की हार के बाद इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। जोकोविच का यह फैसला फ्रेंच ओपन के लिए तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है जहां वह रिकॉर्ड 25वीं ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेंगे। रोम में क्ले-कोर्ट पर होने वाले इटालियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों में सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी कि जोकोविच इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्हें पिछले तीन टूर्नामेंट मियामी ओपन, मोंटे कार्लो मास्टर्स और मैड्रिड ओपन में हार का सामना करना पड़ा था।

### इंग्लैंड साउदी को बनाएगा तेज गेंदबाजी सलाहकार

**लंदन।** भारत के खिलाफ इन गर्मियों में होने वाली पांच टेस्ट मैच की महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टिम साउदी को अपना तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाने पर विचार कर रहा है। न्यूजीलैंड का यह 36 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जगह लेने के दावेदारों में से एक है, जिन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह पद संभाला था। एंडरसन काउंटी क्रिकेट में खेलने के कारण इस सत्र के लिए उपलब्ध नहीं हैं। साउदी ने पिछले साल दिसंबर में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उनके नाम पर 391 टेस्ट विकेट दर्ज हैं।

### टी20 : मई में पाकिस्तान दौरा करेगा बांग्लादेश

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को पुष्टि की कि बांग्लादेश टीम अगले महीने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये यहां आयेगा और फैसलाबाद में 17 साल बाद अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। बांग्लादेश ने पिछले साल दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान दौरा किया था और श्रृंखला 2.0 से जीती थी। सफेद गेंद की यह श्रृंखला भावी दौरा कार्यक्रम का हिस्सा है जिसमें पहले तीन वनडे और तीन टी20 खेले जाने थे। पांच मैचों की श्रृंखला 25 मई से तीन जून तक फैसलाबाद और लाहौर में खेली जाएगी।

## मीडिया रिपोर्ट में दावा : मई के दूसरे सप्ताह में किया जाएगा टीम का चयन

# रोहित को इंग्लैंड दौरे की कमान, 35 खिलाड़ी शॉर्ट लिस्ट, सुदर्शन-नायर को मिलेगा मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के इंग्लैंड दौरे को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में इस बात का दावा किया गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भी रोहित शर्मा ही कप्तान होंगे। इसके अलावा, भारत और इंडिया ए के लिए कुल 35 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। टीम का चयन मई के दूसरे सप्ताह तक तक किया जा सकता है। साई सुदर्शन को बैकअप खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि रजत पाटीदार और करुण नायर को नंबर 5 और 6 पर खेलने के लिए विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। कुलदीप यादव की वापसी की संभावना जताई जा रही है, जो टीम के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है बीसीसीआई ने ट्रैवल प्लान यात्रा की व्यवस्था शुरू कर दी है। सेलेक्टर्स को मई के दूसरे सप्ताह तक टीमों का चयन करने की उम्मीद है। टीम में सेलेक्शन के दौरान चिंता का एक बड़ा केंद्र नंबर 5 या 6 पर मध्य-क्रम टेस्ट बल्लेबाज को ढूंढ़ना माना जा रहा है। सेलेक्टर्स रजत पाटीदार और करुण नायर को इस कमी को पूरा करने के लिए देख रहे हैं। इन दोनों को भारत 'ए' सीरीज में आजमाया जा सकता है, जो 25 मई को आईपीएल समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर शुरू होगी।



### सरफराज पर भरोसा नहीं

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया- रोहित शर्मा के कप्तान बनने की संभावना सबसे ज्यादा है, क्योंकि बोर्ड को लगता है कि इंग्लैंड दौरे के दौरान एक मजबूत कप्तान की जरूरत होगी, जैसे ऑस्ट्रेलिया दौरे में थी। मध्यक्रम के बारे में, टीम प्रबंधन ने सरफराज खान पर ज्यादा भरोसा नहीं दिखाया है। नायर और पाटीदार दोनों रेड बॉल के अनुभवी खिलाड़ी हैं और अच्छी फॉर्म में हैं, इसलिए उम्मीद है कि उनमें से एक को भारत 'ए' टीम में जगह मिल सकती है।

### अय्यर और अक्षर बाहर

दिलचस्प बात यह है कि श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल को अभी तक इस लस्टि में शामिल नहीं किया गया है। अय्यर को पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में उनके खराब प्रदर्शन के कारण बाहर कर दिया गया था। अंतिम फैसला अभी लिया जाना बाकी है। यह भी जानकारी मिली है कि साई सुदर्शन को इस सीरीज के लिए तीसरे सलामी बल्लेबाज के तौर पर देखा जा रहा है।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

| दिनांक | प्रारूप | शहर |
|---|---|---|
| 20-24 जून | टेस्ट | हेडिंग्ले |
| 2-6 जुलाई | टेस्ट | बर्मिंघम |
| 10-14 जुलाई | टेस्ट | लॉर्ड्स |
| 23-27 जुलाई | टेस्ट | मैनचेस्टर |
| 31 जुलाई से 4 अगस्त | टेस्ट | द ओवल |

### कुलदीप को भी मिलेगा मौका

रिपोर्ट में दावा है कि इस लस्टि में एक और अहम नाम कुलदीप यादव का भी है। कुलदीप काफी समय से विदेशों में टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद, चयनकर्ता कुलदीप को एक आक्रमक स्पिन विकल्प के तौर पर चुन सकते हैं।

### बैकअप पेसर होंगे रिजर्व खिलाड़ी

इस दौरे पर कुछ अच्छे रिजर्व खिलाड़ी भी साथ ले जाएंगे, जिनमें ज्यादातर बैकअप पेसर होंगे, जो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के विकल्प के तौर पर होंगे, साथ ही कुछ स्पिनर भी हो सकते हैं। सेलेक्टर्स मोहम्मद सिराज को लेकर चिंतित हैं क्योंकि बुमराह और शमी की अनुपस्थिति में वह मुख्य पेसर के रूप में कदम कारगर नहीं दिखे। कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी को भारत 'ए' टीम के साथ तीन फर्स्ट क्लास मैचों में खेलते हुए मैच अभ्यास करने को कहा जा सकता है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ संयोजन उतारेगी और रक्षण से जुड़ी कुछ कमजोरियों को ठीक करने की कोशिश करेगी। यह श्रृंखला जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह इसके लिए अपने कोर ग्रुप की पहचान करने की उम्मीद कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया ए टीम से लगातार दो हार के साथ दौरे की शुरुआत करने के बाद भारत दमदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने के लिए बेताब होगा।



हरेंद्र सिंह ने कहा, 'पहले दो मैच में अधिकतर खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला है और अब हम खिलाड़ियों के बीच सर्वश्रेष्ठ संयोजन आजमाएंगे। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं क्योंकि इसी तरह हम उन खिलाड़ियों की पहचान करेंगे जो यूरोप में आगामी प्रो लीग मैचों में खेल सकते हैं। अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले नई खिलाड़ियों को कम से कम 35 मैच खेलने चाहिए। ऐसे टूर्नामेंटों की तैयारी करते समय हम यही लक्ष्य ध्यान में रखते हैं।' ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत शुरुआती मैच में 3-5 से और दूसरे मैच में 2-3 से हार गया था।

### दोनों मैचों में खाए आसान गोल

कोच ने कहा, 'दोनों मैचों में हमने कुछ आसान गोल खाए हैं जो निराशाजनक थे, लेकिन इसके अलावा हमने कड़ी चुनौती पेश की। यह टेस्ट श्रृंखला है और इसमें जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करना होता है। हमारी टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो पहली बार विदेश दौरे पर आए हैं। मैं युवा खिलाड़ियों को मौका दे रहा हूं ताकि वह भविष्य के लिए तैयार रहें।' सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम को अब गुरुवार, शनिवार और रविवार को अगले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

खास खबर

# थाईलैंड से चार जून को मैत्री मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को घोषणा की कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम चार जून को अपने से अधिक रैंकिंग वाले थाईलैंड के खिलाफ उसकी धरती पर अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम अभी एएफसी एशियाई कप 2027 के क्वालीफायर के फाइनल राउंड का हिस्सा है तथा थाईलैंड के खिलाफ थम्मासैट स्टेडियम में होने वाला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच 10 जून को हांगकांग के खिलाफ क्वालीफिकेशन मैच के लिए टीम की तैयारी का हिस्सा होगा। फीफा रैंकिंग में भारत 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है। भारत और थाईलैंड 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। इनमें से भारत ने सात और थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत का अभ्यास शिविर 18 मई को कोलकाता में शुरू होगा और टीम 29 मई तक थाईलैंड के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम वहीं से हांगकांग जाएगी।



### एशियाई खेल में बरकरार रहेगा क्रिकेट : ओसीए

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद ने पुष्टि की है कि क्रिकेट 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में आयोजित होने वाले 2026 ऐची-नागोया एशियाई खेलों का हिस्सा बना रहेगा। क्रिकेट को बरकरार रखने का फैसला इस हफ्ते की शुरुआत में एशियाई ओलंपिक परिषद और आयोजन समिति के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया था। ओसीए ने कहा, 'खेल कार्यक्रम की सूची में 28 अप्रैल सोमवार को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी निदेशक मंडल की 41वीं बैठक में ताजा फैसला हुआ जिसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट दोनों को औपचारिक रूप से मंजूरी दी गई।' क्रिकेट मैच टी20 प्रारूप में ऐची प्रांत में खेले जाएंगे। हालांकि अभी स्थलों पर फैसला किया जाना बाकी है। ओसीए ने कहा, 'क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी सिर्फ दक्षिण एशिया में क्रिकेट की लोकप्रियता के कारण नहीं होगी बल्कि इसलिए भी होगी क्योंकि टी-20 प्रारूप को 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाएगा।'



### प्रीमियर लीग मुंबई में खोलेगी अपना कार्यालय

**नई दिल्ली।** इंग्लिश प्रीमियर लीग ने बुधवार को स्थानीय खेल प्रेमियों को जोड़ने और भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में अपना कार्यालय खोलने की घोषणा की। प्रीमियर लीग का भारत में काम करने का लंबा इतिहास रहा है। लीग 2007 से सामुदायिक फुटबॉल कार्यबल के विकास का समर्थन करने के लिए ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में अपना 'प्रीमियर स्किल्स' कार्यक्रम चला रही है। प्रीमियर लीग 2014 से इंडियन सुपर लीग के साथ मिलकर काम कर रही है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा, 'हमारे क्लबों के पास भारत में एक शानदार 'फैनबेस' है और हम जानते हैं कि फुटबॉल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।'

### नारायण की गेंदबाजी ने अंतर पैदा किया : रॉय

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल रॉय ने स्वीकार किया कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को उनकी टीम मुश्किल में थी लेकिन अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने मैच का रुख मेहमान टीम के पक्ष में मोड़ दिया। नाइट राइडर्स के 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम तीन विकेट पर 136 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन नारायण (तीन विकेट) ने अपने लगातार ओवरों में दो बल्लेबाजों के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स (01) को भी आउट करके मेजबान टीम का स्कोर छह विकेट पर 146 रन कर दिया और अंततः टीम नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी।



### सुपरबेट रैपिड : दूसरे स्थान पर प्रज्ञानानंद

**वारसॉ।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने खराब शुरुआत से वापसी करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में ब्लिट्ज वर्ग के पहले हाफ के आखिर में ओवरऑल तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञानानंद के प्रयासों ने उन्हें लगातार दूसरे दिन अच्छी स्थिति में रखा। इस भारतीय खिलाड़ी ने रैपिड शतरंज के पहले दो दिनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन विशेष रूप से ब्लिट्ज वर्ग में अपनी विशेषज्ञता दिखाते हुए जोरदार वापसी की।

क्रमांक/उत्पा./निर्वतन/विज्ञापन/124/1374 भोपाल, दिनांक 25/04/2025

म.प्र. वन विभाग
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)
वन भवन, तुलसी नगर-462003, मध्य प्रदेश, भोपाल
दूरभाष एवं फैक्स नं. 0755-2674354 E-mail : pccfprod@mp.gov.in

वनोपज के घोष विक्रय (ई-नीलामी) की सूचना

मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के विभागीय काष्ठागारों/बाँसागारों में माह मई, 2025 में विभिन्न स्थलों पर विभिन्न तिथियों में ईमारती काष्ठ, जलाऊ चट्टे, बाँस एवं अन्य सामग्री के ई-नीलाम की तिथियाँ पूर्व से अधिसूचित है। नीलाम की तदर्थ तिथियाँ, नीलाम का प्रकार तथा काष्ठागारों में विक्रय हेतु उपलब्ध वनोपज व अन्य सामग्री की जानकारी मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग की वैब साईट mpforest.gov.in/vanopaj.mp.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी - 12190/25
वन प्राकृतिक धरोहर है। इनका संरक्षण कीजिये।
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)
म.प्र. भोपाल

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-1710/PUBLICATION/1862 Korba West, dtd. 28-04-2025
TENDER NOTICE No. 314/2025. (e-Bidding)
Online tenders are invited from experienced & prospective bidders for the following Works:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date and time of submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RFX No. 8100042846 | Dismantling and Erection of four No. Collection Tank and Discharge line at AH Plant, 1x500 MW, Extn-III, HTPS, KWB. | 590/- | 7,940/- | 20.05.2025 |
| 2. | RFX No. 8100042849 | Work of Assistance to department staff of EMD in day to day maint. And periodical maint. Work and other related work at HBHPS, Machadoli. | 590/- | 12,790/- | 20.05.2025 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.
SUPERINTENDING ENGINEER (C-II)
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

कार्यालय, नगर पंचायत झगराखाण्ड जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)
क्र.55/तक./न.पं.झ./2025 झगराखाण्ड, दिनांक 29.04.2025
// सूचना //
एतद द्वारा समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन पत्र क्रमांक /13/ तक./न.पं.झ./2025-26 झगराखाण्ड दिनांक 11.04.2025 के द्वारा जारी सिस्टम टेण्डर क्रमांक 166973 अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है|
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत झगराखाण्ड

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
क्रं. 01/न.पा.नि./जोन क्रं.05/2025-26 दिनांक 29/04/2025
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 26.05.2025 को सायं काल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 167639 | जोन क्रं. 05 क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 30 से 37 एवं 40 के छोटे प्रकृति के भवन, बाउड्रीवाल एवं अन्य मरम्मत कार्यों हेतु (वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु) | 20.00 | 23/05/2025 |
| 167640 | जोन क्रं. 05 क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 30 से 37 एवं 40 के विभिन्न जगहों पर आवश्यकतानुसार समय समय पर नाली, स्लैब एवं अन्य मरम्मत कार्य हेतु (वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु) | 20.00 | 23/05/2025 |
| 167641 | जोन क्रं. 05 क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 30 से 37 एवं 40 के विभिन्न जगहों पर आवश्यकतानुसार समय समय पर सी सी सड़क पैंच रिपेयरिंग एवं अन्य कार्यों हेतु (वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु) | 19.99 | 23/05/2025 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता,
न.पा.नि बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.

BAJAJ FINSERV

सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना
बजाज फाईनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे-411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:
(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in
(12-05-25) भिलाई – जीई रोड; PBX2GOL10955437, 0987391, 1253871, 1249348. दुर्ग–स्टेशन रोड; P08IGOL11090090, 1314488. (13-05-25) राजनंदगाँव–जीई रोड; PEN6GOL11154833, 1149886, 1203997. (14-05-25) रायपुर – पियांक टावर; PEN5GOL11012217, 1039148. रायपुर – तेलीबंधा रोड; PF45GOL10960884, 1039700, 1057280, 1060625, 1068345, 1107296, 1115509, 1133985, 1156518, 1364854, 1362043. (15-05-25) बिलासपुर–अग्रसेन चौक; PGJ8GOL10961716, 0976648, 0995280, 1033878, 1055368, 1367588. बिलासपुर–सरकंडा; P42HGOL10976386, 1021212, 1109721, 1155532, 1166087, 1202882, 1329876, 1367110. (16-05-25) कटघोरा - BGL; P25EGOL11137638, 1184840, 1249555, 1342240. कोरबा – सीएसईबी चौक; PEQ2GOL10933756, 0954621, 1133720, 1162304, 1278900, 1324319. (17-05-25): मनेन्द्रगढ़ - BGL; PV99GOL10977043.
बजाज फाईनान्स लिमिटेड

## राहुल को देखते ही रोने लगीं शुभम की पत्नी
### कहा-सुरक्षा नदारद थी, आतंकी ने कहा था

# 'मैं तुम्हारे पति को मार रहा हूं, तुम्हें नहीं मारूंगा'

एजेंसी ▶▶| कानपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के यूपी दौरे का बुधवार को दूसरा दिन है। आज उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को देखकर रोने लगीं। इस पर राहुल ने उन्हें गले लगा लिया और सांत्वना दी। शुभम के पिता भी राहुल को देखकर अपने आंसू नहीं रोक पाए। ऐशन्या ने राहुल को पहलगाम में हुई घटना के बारे में सब कुछ बताया। उन्होंने बताया कि कैसे मेरे पति को आतंकियों ने गोली मार दी। ऐशन्या ने बताया कि हर जगह सुरक्षा की व्यवस्था थी, लेकिन पहलगाम में कोई सिक्योरिटी नहीं थी। ऐशन्या ने कहा- करीब 45 मिनट तक आतंकियों ने खून-खराबा किया। वे आराम से लोगों से नाम पूछ-पूछकर उन्हें मार रहे थे। उन्हें यह टारगेट दिया गया था कि पत्नी के सामने पति की हत्या करनी है। वे महिलाओं से कहते थे कि जाकर अपनी सरकार को बताओ। मैं तुम्हारे पति को मार रहा हूं, तुम्हें नहीं मारूंगा। राहुल ने फिर पूछा- जो लोग घायल थे, वे नीचे कैसे पहुंचे? ऐशन्या ने जवाब दिया- सर, मुझे मेरी बहन घसीटकर नीचे ले आई। आतंकियों ने महिलाओं को छुआ तक नहीं।


■ पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मिले कांग्रेस नेता



### शुभम के पिता बोले- कुछ करिए, आप देश के बड़े नेता हैं

पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए राहुल जब मृतक के पिता के पास पहुंचे तो माहौल गमगीन हो गया। पीड़ित पिता से कांग्रेस सांसद ने पूछा कि आपको मुझसे क्या मदद चाहिए ?नम आंखों के साथ शुभम द्विवेदी के पिता ने राहुल गांधी से आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। वहीं, शुभम के पिता संजय द्विवेदी ने कहा- बेटे का आधा सिर इसके (ऐशन्या) ऊपर गिरा था। आप कुछ करिए। आप इस देश के बड़े नेता हैं। राहुल ने कहा कि मैंने दो बार ऐसा दर्द झेला है। मेरी दादी भी आतंकवाद की भेंट चढ़ीं और मेरे पिता भी चले गए। शुभम को शहीद का दर्जा मिले, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखूंगा। ऐसे लोगों को सम्मानित करने के लिए मैंने प्रधानमंत्री से सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। राहुल ने शुभम के परिवार वालों से अपने मोबाइल से प्रियंका गांधी से भी बात करवाई। राहुल ने कहा- आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे, वे चाहे जहां छुपे हों।

### दो महीने पहले हुई थी एशन्या की शादी



शुभम द्विवेदी (31) की पहलगाम हमले में मौत हो गई थी। उनकी दो महीने पहले ऐशन्या से शादी हुई थी। 17 अप्रैल को ऐशन्या और परिवार के 11 सदस्यों के साथ शुभम कश्मीर घूमने गए थे। उन्हें 23 अप्रैल को घर लौटना था, मगर 22 अप्रैल को दोपहर 2.45 बजे पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकियों ने हमला कर दिया। शुभम को ऐशन्या के सामने ही गोली मार दी गई थी।

## पद्म भूषण लेकर लौट रहे फिल्मस्टार अजित फैंस की भीड़ से घायल



**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार अजित कुमार को हाल ही में नई दिल्ली में थे, यहां उन्हें देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण सम्मान मिला। बताया जा रहा है कि चेन्नई लौटते वक्त एयरपोर्ट पर इतनी भारी भीड़ हो गई कि उन्हें चोट लग गई। जानकारी के मुताबिक चेन्नई एयरपोर्ट पर भारी भीड़ के कारण अजित कुमार के पैर में मामूली चोट लग गई। इसलिए, उन्हें फिजियोथेरेपी के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अभिनेता को आज शाम तक छुट्टी मिलने की संभावना है। अजित कुमार के फैंस के लिए ये अच्छी खबर है कि उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है। एयरपोर्ट से कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। जहां अजित को फैंस बधाई दे रहे हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बड़ी संख्या में पहुंचे थे। वहां मौजूद पैपाराजी ने भी अजित कुमार को घेर लिया था। जनवरी में भारत सरकार ने पद्म पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की थी।

### खुले में आराम से रह रहा, 5000 स्क्वायर फीट से ज्यादा बड़ा है पूरा परिसर

# लाहौर में मिल गया आतंकी हाफिज सईद का सीक्रेट ठिकाना, सैटेलाइट इमेज से खुलासा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद का लाहौर में सीक्रेट ठिकाने का पता चल गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हाफिज सईद के लाहौर में होने की जानकारी सामने आई है। यह दावा सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए किया जा रहा है। तस्वीरों में हाफिज सईद का घर साफ देखा जा सकता है। वह यहां खुले में आम लोगों के बीच रह रहा है। हाफिज का यह नया ठिकाना लाहौर के जोरम टाउन में है। यहां उसे त्रिस्तरीय सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। कहा जा रहा है कि हाफिज की सुरक्षा तीन स्तर पर की जा रही है। साथ ही उसकी निजी सिक्योरिटी भी चौबीसों घंटे मुस्तैद रहती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाफिज सईद के सीक्रेट ठिकाने की जो तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। उनसे पता चला है कि हाफिज एक बिल्डिंग में अपने परिवार के साथ रहता है। इसके ठीक सामने हाफिज का प्राइवेट पार्क भी है। इसी परिसर की बिल्डिंग नंबर दो में मस्जिद और मदरसा है, जिसके नीचे बंकर बना हुआ है। यहां उसकी सिक्योरिटी रहती है। यहां से हाफिज ऑपरेट करता है। यह पूरा परिसर 5000 स्क्वायर फीट से ज्यादा बड़ा है। बताया जा रहा है कि वह यहां कई साल से अपने परिवार के साथ रह रहा है।




**2008 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड**

लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को 2008 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने उसे वैश्विक आतंकी घोषित कर रखा है। लश्कर का हेडक्वार्टर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुरिदके में माना जाता है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत अपनी सैन्य कार्रवाई में इस पर हमला कर सकता है। हाफिज और लश्कर भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं क्योंकि वह कश्मीर और अन्य हिस्सों में आतंकी गतिविधियों को स्पॉन्सर करता है। पाकिस्तान सरकार ने पिछले महीने हाफिज सईद के करीबी अबू कताल की हत्या के बाद उसकी सुरक्षा कड़ी कर दी थी।

**भारत पाक के बीच युद्ध के हालात**


बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 16 लोग घायल हुए थे। इस हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत तनाव है। भारत आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर प्रतिबद्ध है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंक के खिलाफ बिगुल बजा चुके हैं। वहीं, पाकिस्तान हाई अलर्ट मोड पर है।

# सीजफायर का उल्लंघन भारत ने दी पाक को चेतावनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस आतंकी घटना के बाद सीमा पर पाकिस्तान की ओर से लगातार सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया है। अब भारत ने पाकिस्तान की ओर की जा रही गोलीबारी पर आपत्ति दर्ज करायी है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के सैन्य स ंचालन महानिदेशकों ने कल हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की। भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किए जा रहे संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी है।

**दोनों देशों के डायरेक्टरों की हॉटलाइन पर हुई बातचीत**



### लगातार गोलीबारी कर रहा है पाक

भारतीय सेना के मुताबिक, 29-30 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने उचित तरीके से जवाब दिया। पाकिस्तान की ओर से किया जा रहा संघर्षविराम उल्लंघन अब सिर्फ एलओसी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पहुंच गया है।

### करीब सप्ताह भर से फायरिंग

नियंत्रण रेखा के पार ऐसे उल्लंघन बीते छह दिन से किए जा रहे हैं। हालांकि, भारतीय सेना इसका मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान की ऐसी कायराना हरकत आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक लड़ाई के डर का नतीजा है। उसे हर पल यही डर सता रहा है कि इस बार भारत बालाकोट और पुलवामा हमले के बाद किए गए जवाबी हमले से खतरनाक मोर्चा खोलेगा। इसी बिलबिलाहट में पड़ोसी छटपटा रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से सुनाया फैसला**

# अदालतें मध्यस्थता के फैसलों में कर सकती हैं संशोधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ का 4:1 के बहुमत से फैसला आया है कि अदालतें मध्यस्थता के फैसलों में संशोधन कर सकती है। बहुमत के फैसले में सीजेआई ने कहा कि कोर्ट के पास कुछ परिस्थितियों में मध्यस्थ पुरस्कारों को संशोधित करने की सीमित शक्ति है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई, संजय कुमार और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि कुछ परिस्थितियों में मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों का उपयोग करके मध्यस्थता पुरस्कारों को संशोधित किया जा सकता है। यह फैसला वाणिज्यिक विवादों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता पुरस्कारों को प्रभावित करेगा। हालांकि, फैसला सुनाते हुए सीजेआई ने अदालतों को मध्यस्थता पुरस्कारों को संशोधित करने में 'सावधानी' बरतने का आदेश दिया।

### 5 जजों की संविधान पीठ ने सुनाया फैसला

सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाया, हालांकि जस्टिस केवी विश्वनाथन ने अपने फैसले में असहमति की राय दी। उन्होंने कहा कि धारा 34 के तहत न्यायालय तब तक पुरस्कार में संशोधन नहीं कर सकता जब तक कि कानून द्वारा स्पष्ट रूप से अधिकृत न किया जाए, क्योंकि यह योग्यता समीक्षा करने के समान है। धारा 34 की शक्ति का प्रयोग करने वाले न्यायालय मध्यस्थता पुरस्कारों को बदल, परिवर्तित या संशोधित नहीं कर सकते क्योंकि यह मध्यस्थता अभ्यास के मूल और मूल चरित्र पर प्रहार करता है।

# पीएम मोदी ने रद्द किया रूस का दौरा मॉस्को विक्ट्री परेड में शामिल नहीं होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस का आगामी दौरा रद्द कर दिया है। वह अब 9 मई को मॉस्को में होने वाली विक्ट्री परेड में शामिल नहीं होंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने यह जानकारी दी। हालांकि, रूस ने पीएम मोदी के मॉस्को दौरे के रद्द होने का कारण नहीं बताया गया है। पहलगाम पर आतंकी हमले के बाद मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। हालांकि, भारत की ओर से अभी इस पर किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### राजनाथ करेंगे अब भारत का प्रतिनिधित्व

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौ मई को रूस की 'विक्टरी डे' परेड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी पर सोवियत विजय की 80वीं वर्षगांठ पर यह परेड आयोजित की जाएगी। रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉस्को में आयोजित होने वाली परेड के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन भारत ने रूस को बताया कि सिंह इसमें शामिल होंगे। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, "प्रधानमंत्री को मॉस्को में इस परेड में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था।

**'चुनी हुई सरकार' बहाल करने का किया आग्रह**

# मणिपुर के 21 विधायकों ने मोदी- शाह को लिखा पत्र

**इंफाल।** मणिपुर के 21 विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उनसे राज्य में शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए 'चुनी हुई सरकार' बहाल करने का आग्रह किया है। मणिपुर में फिलहाल राष्ट्रपति शासन लागू है। केंद्र ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था, जहां मई 2023 से मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है, जिसे निलंबित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री को अलग-अलग लिखे गए इन पत्रों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 13 विधायकों, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और नगा पीपुल्स फ्रंट के तीन-तीन विधायकों और दो निर्दलीय विधायकों ने हस्ताक्षर किये हैं। पत्र में कहा गया है, 'मणिपुर के लोगों ने राष्ट्रपति शासन का स्वागत किया है...बहुत उम्मीद और अपेक्षा के साथ। हालांकि, तीन महीने होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए कोई स्पष्ट कार्रवाई नहीं देखी गई है।' इस पत्र में कहा गया है, 'लोगों में इस बात की प्रबल आशंका है कि राज्य में फिर से हिंसा हो सकती है। कई नागरिक संगठन राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं और एक लोकप्रिय सरकार की स्थापना की मांग कर रहे हैं।'



Ajay Advt.

**संपूर्ण भारत से अकेले हुईं शामिल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं सांसद ने दी बधाई**

# ऑक्सफोर्ड की अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जज बनीं छत्तीसगढ़ की सुगंधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बोनवेरो इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स की ओर से 21 से 25 अप्रैल के बीच ऑक्सफोर्ड में आयोजित हुए 18वें वार्षिक मोनरो ई. प्राइस मीडिया लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता के अंतर्राष्ट्रीय राउंड में छत्तीसगढ़ की बेटी और सुप्रीम कोर्ट की वकील सुगंधा जैन संपूर्ण भारत से बतौर जज अकेले शामिल हुईं। यह पहला अवसर था जब विधि से जुड़ा छत्तीसगढ़ का कोई व्यक्ति अंतराष्ट्रीय लॉ से संबद्ध आयोजन में जज बनी हैं। इस प्रतिष्ठित आयोजन में दुनिया भर के लगभग 150 देशों के लॉ यूनिवर्सिटी के छात्र शामिल हुए थे।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय लॉ से संबंधित बारीकियों विशेष तौर पर मानवाधिकार पर भी जज के रूप में सुगंधा ने दुनियाभर के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### 8 सालों से सुको में वकालत

सुगंधा की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उन्हें छत्तीसगढ़ का गौरव बताते हुए बधाई दी। रायपुर की रहने वाली 30 वर्षीय सुगंधा पिछले 8 सालों से सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रही है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के शासकीय संस्थानों से संबद्ध है। वह महिला उत्थान एवं कानूनी जागरूकता को लेकर जन जागरण अभियान में भी अपना योगदान देती रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com